# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 137 | जयपुर | रविवार , 23 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### 5 अप्रैल को श्रीलंका दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी, क्या रहने वाला है मुख्य एजेंडा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 अप्रैल को श्रीलंका का दौरा करेंगे, राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शुक्रवार को संसद में एक बयान देते हुए इसकी घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा की तारीख की घोषणा करते हुए दिसानायके ने कहा कि मोदी देश की स्थिरता के कारण श्रीलंका का दौरा कर रहे हैं। पिछले सप्ताह विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा था कि मोदी पिछले साल राष्ट्रपति दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए यहां आएंगे। राष्ट्रपति ने संसद को यह भी बताया कि त्रिंकोमाली के पूर्वी बंदरगाह जिले में सामपुर विद्युत संयंत्र का निर्माण कार्य भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा के समय ही शुरू होने वाला है।

#### भारत-श्रीलंका समझौता

पिछले महीने श्रीलंका और भारत ने द्वीपीय देश में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए एक समझौता किया, स्वास्थ्य मंत्री नलिंदा जयथिसा ने घोषणा की। जयथिसा ने कहा, श्रीलंका सरकार और भारत सरकार के बीच त्रिंकोमाली के सामपुर में 50 मेगावाट (चरण 1) और 70 मेगावाट (चरण 2) क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सहमति बन गई है, जिसका निर्माण, स्वामित्व और संचालन सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दोनों सरकारों के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में किया जाएगा।

### अलजारिया और बिल्डर्स कैफे पर पुलिस का छापा, हुक्का पार्टी करते मिले युवक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हुक्का बार पर शिकंजा कसते हुए दो कैफे पर छापा मारा है। पुलिस ने मालवीय नगर स्थित अलजारिया कैफे और बिल्डस कैफे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हुक्का और तंबाकूयुक्त फ्लेवर जब्त किए। साथ ही दो कैफे मैनेजरों को पकडा है।

डीसीपी (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना इलाके में गठित विशेष टीम ने इन अवैध गतिविधियों पर नज़र रखते हुए यह कार्रवाई की। अलजारिया कैफे में पुलिस को हुक्का और तंबाकूयुक्त फ्लेवर चिलम के साथ युवक धुएं के छल्ले उड़ाते मिले। मौके पर मौजूद कैफे मैनेजर अनुभव सिंह के पास लाइसेंस नहीं था। जिसके चलते पुलिस ने हुक्का, पाइप, चिलम और फ्लेवर जब्त कर लिए। साथ ही हुक्का पी रहे युवक पर कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4/6 के तहत जुर्माना लगाया गया। इसी तरह बिल्डस कैफे में भी छापेमारी के दौरान पुलिस को हुक्का पार्टी चलती मिली। कैफे मैनेजर अभिषेक मीणा के पास भी आवश्यक लाइसेंस नहीं था।

परिसीमन पर तमिलनाडु समेत 5 राज्यों के सीएम की बैठक

## हमारी पहचान खतरे में पड़ जाएगी, संसद में सीटें कम नहीं होनी चाहिए : स्टालिन

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ( एजेंसी )।** राज्यों में लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर शनिवार को 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम की बैठक चेन्नई में हुई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने चेन्नई में ये मीटिंग बुलाई, जिसमें 5 राज्यों के 14 नेता शामिल हुए। बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक और टीएमसी भी इसमें शामिल हुई। इस दौरान स्टालिन के नेतृत्व में एक जॉइंट एक्शन कमेटी बनाई गई। जिसने परिसीमन पर प्रस्ताव पारित किया कि 1971 की जनगणना जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर रोक को अगले 25 साल तक बढ़ाया जाए। साथ ही कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम प्रभावी ढंग से लागू किया है, वहां संवैधानिक संशोधन लागू किए जाएं। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर अगली बैठक हैदराबाद में होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जॉइन्ट जनरल सेक्रेटरी अरुण कुमार ने शनिवार को परिसीमन पर बैठक कर रहे राजनीतिक दलों की चर्चा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मेरी राय में, जो लोग इस चर्चा में भाग ले रहे हैं, उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए कि यह उनका राजनीतिक एजेंडा है या वे अपने क्षेत्र के हितों के बारे में ईमानदारी से सोच रहे हैं। परिसीमन के जरिए भाजपा उन राज्यों में सीटें कम कर रही है, जहां वह जीत नहीं पाती है। क्या दक्षिण भारत को जनसंख्या नियंत्रण के लिए दंडित किया जा रहा है?




#### बैठक में शामिल लोगों ने क्या-क्या कहा...

**तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन**–परिसीमन के मुद्दे पर हमें एकजुट रहना होगा। वर्ना हमारी पहचान खतरे में पड़ जाएगी। संसद में हमारा प्रतिनिधित्व कम नहीं होना चाहिए। हमें इस राजनीतिक लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए कानूनी पहलुओं पर भी विचार करना होगा। हम परिसीमन के खिलाफ नहीं, निष्पक्ष परिसीमन के पक्ष में हैं।

**केरल सीएम पिनराई विजयन** – लोकसभा सीटों का परिसीमन तलवार की तरह लटक रहा है। भाजपा सरकार इस मामले पर बिना किसी परामर्श के आगे बढ़ रही है। दक्षिण के सीटों में कटौती और उत्तर में बढ़ोतरी भाजपा के लिए फायदेमंद होगी। उत्तर में उनका प्रभाव है।

**तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी** –अगर सीटों का परिसीमन जनसंख्या के आधार पर हुआ, तो दक्षिण भारत की राजनीतिक ताकत घटेगी और नॉर्थ के राज्य हावी हो जाएंगे। यह डेमोग्राफिक पेनल्टी है, जो जनसंख्या नियंत्रण लागू करने वाले राज्यों को सजा देगा।

**ओडिशा पूर्व सीएम नवीन पटनायक**–संसद में सीटों की संख्या निर्धारित करने के लिए जनसंख्या ही एकमात्र मानदंड नहीं होना चाहिए। परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने से पहले सभी दलों के साथ चर्चा होनी चाहिए। हम ओडिशा के लोगों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

### नागपुर हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों से वसूली जाएगी : मुख्यमंत्री फडणवीस



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि नागपुर हिंसा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई संपत्तियों की कीमत दंगाइयों से वसूली जाएगी और भुगतान नहीं करने पर उनकी संपत्तियों को जब्त कर बेचा जाएगा।

फडणवीस ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करने के बाद अब तक 104 दंगाइयों की पहचान की गई है और कानून के अनुसार 12 नाबालिगों सहित 92 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

फडणवीस ने कहा कि मध्य नागपुर के इलाकों में सोमवार को हुई हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्धारित दौरा प्रभावित नहीं होगा। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, ''पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेरी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक पुलिस पर हमला करने वाले तत्वों का पता नहीं चल जाता और उनसे सख्ती से निपटा नहीं जाता।''

उन्होंने कहा कि दंगों में विदेशी या बांग्लादेशी हाथ होने के बारे में टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगा, क्योंकि जांच जारी है। उन्होंने कहा, ''हिंसा का कोई राजनीतिक पहलू नहीं है।''

## आरएसएस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश पर प्रस्ताव पारित

### कहा- हिंदुओं का उत्पीड़न मानवाधिकारों का उल्लंघन, लगातार भारत विरोधी बयानबाजी आपसी संबंधों के लिए नुकसानदायक

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने शनिवार को बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टरपंथी इस्लामवादी तत्वों के हाथों हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न का सामना करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बेंगलुरु में चल रही बैठक के दूसरे दिन आरएसएस ने बांग्लादेश पर एक प्रस्ताव पारित किया।

जिसमें कहा गया कि हिंदुओं का उत्पीड़न मानवाधिकारों के उल्लंघन का एक गंभीर मामला है। सभा ने कहा कि पिछले साल हुई हिंसा के सरकार का समर्थन गंभीर चिंता का विषय है। लगातार भारत विरोधी बयानबाजी दोनों देशों के बीच संबंधों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। बेंगलुरु में चल रही संघ की प्रतिनिधि सभा में इस बार कुल 1482 स्वयंसेवक और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। इसी साल आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होने जा रहे हैं, सभा इस पर भी प्रस्ताव लाएगी।

**भारत सरकार से अपील– बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करे :** सभा के सदस्यों ने प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने बांग्लादेश के हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ खड़े रहने और उनकी सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।



#### सभा का प्रस्ताव- यूएनओ हस्तक्षेप करे

प्रतिनिधि सभा ने प्रस्ताव में कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों और वैश्विक समुदाय को बांग्लादेश में हिन्दूओं के साथ हो रहे अत्याचारों पर एक्शन लेना चाहिए। उसे बांग्लादेश सरकार पर इन हिंसक गतिविधियों को रोकने का दबाव बनाना चाहिए। प्रतिनिधि सभा ने हिन्दू समुदाय एवं दुनिया के बाकी देशों के नेताओं, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से अपील की कि वे बांग्लादेशी हिंदू तथा अल्पसंख्यक समाज के समर्थन में एकजुट होकर अपनी आवाज उठाएं।

#### एक साल में बढ़ीं 10 हजार शाखाएं

संघ की गतिविधियां इस समय 73,646 स्थानों पर हो रही हैं, जिनमें से 51,710 स्थानों पर प्रतिदिन शाखाएं लगती हैं। इस साल संघ की शाखाओं में 10,000 की वृद्धि हुई है, जिससे कुल संख्या 83,129 हो गई है। साप्ताहिक गतिविधियां भी पिछले वर्ष की तुलना में 4,430 बढ़ी हैं।

### राजस्थान में 25 मार्च से बदलेगा मौसम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर और उत्तरी हवा चलने से तापमान सामान्य हो गया है। शुक्रवार को लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, सभी शहरों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 24 मार्च तक लोगों को गर्मी से राहत रहेगी और 25 मार्च से हवा की दिशा बदल सकती है। इसके साथ ही पश्चिमी हवा का असर बढ़ेगा और तापमान बढ़ने के साथ गर्मी तेज होने लगेगी। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा और अधिकांश शहरों में धूप रही। उत्तर-पश्चिम राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू के एरिया में देर शाम हल्की ठंडी हवा चली। इससे पहले दिन में इन शहरों में धूप रही। कल दिन में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जालोर में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 35.2, जोधपुर में 35.4, बीकानेर में 35.3, चूरू में 33.9, गंगानगर में 33.8, उदयपुर में 32.6, चित्तौड़गढ़ में 36, कोटा में 34.4 और अजमेर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### पिता ने 3 साल के बेटे का गला काटा, मौत

#### पुणे के जंगल में मिला शव; आरोपी को पत्नी पर अवैध संबंध का शक था

**पुणे।** पुणे में पिता ने अपने साढ़े तीन के बेटे का गला रेत दिया। सका शव जंगल में फेंक दिया। बाद में एक लॉज में नशे की हालत में मिला। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। बच्चे का शव चंदन नगर इलाके के जंगल से बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम माधव टिकेती (38) है। उसे शक था कि उसकी पत्नी स्वरूपा का किसी से अवैध संबंध है। मूल रूप से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के रहने वाले माधव का 20 मार्च को पत्नी से झगड़ा हुआ था। वो छोटे बेटे हिम्मत को साथ लेकर घर से निकल गया था। पुलिस के मुताबिक माधव बेटे को पहले बार में पहुंचा। इसके बाद दोपहर करीब 12.30 बजे वहां निकला।






## आरसीए एडहॉक कमेटी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

### कांग्रेसी नेता बोले- खिलाड़ियों के पैसे से खरीदे मोबाइल और सूट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में सियासी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। 25 मार्च को आयोजित होने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह से पहले एडहॉक कमेटी के पदाधिकारियों पर लाखों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इस पर सफाई देते हुए जहां एडहॉक कमेटी ने इसे षड्यंत्र करार दिया है। वहीं, कांग्रेस के नेता इसे राजस्थान सरकार की निगरानी में भ्रष्टाचार करार दे रहे हैं। दरअसल, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी द्वारा 25 मार्च को जयपुर में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मान समारोह जयपुर के फाइव स्टार होटल में आयोजित हो रहा है। इसमें लगभग 30 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किए जा रहे हैं। जिसे लेकर यह पूरा विवाद शुरू हुआ है।

#### चुनाव के अलावा सब कर रही एडहॉक

राजस्थान कांग्रेस कमेटी के महासचिव और सवाई माधोपुर क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव डॉ सुमित गर्ग ने कहा– राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में एडहॉक कमेटी का गठन 3 महीने में चुनाव कराने के लिए किया गया था। लेकिन इस मौजूदा एडहॉक कमेटी ने चुनाव के अलावा हर वो काम किया है, जो इन्हें नहीं करना चाहिए था। इन्होंने 40 – 40 खिलाड़ियों की टीम बनाकर भेजी। उसमें सिलेक्शन के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया। अब एक अवॉर्ड फंक्शन किया जा रहा है, जो खिलाड़ियों के लिए होना भी चाहिए। लेकिन बिना साधारण सभा की बैठक के आयोजन के लाखों रुपए गलत ढंग से खर्च किए जा रहे हैं।

#### खिलाड़ियों के पैसे की हो रही बंदरबाट

गर्ग ने कहा कि अब तो एडहॉक कमेटी ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा राजस्थान को भेजे जा रहे पैसे का भी दुरुपयोग शुरू कर दिया है। इन लोगों ने दो-दो लाख रुपए के फोन ले लिए हैं। महंगे-महंगे सूट सिल्वा रहे हैं। खुलेआम खिलाड़ियों के पैसे का बंदरबाट कर रहे हैं। यह राजस्थान के क्रिकेट और खिलाड़ियों के साथ अन्याय है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न जाने क्यों सरकार इस भ्रष्टाचार के दलदल की अनदेखी कर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव नहीं होने दे रही है।




#### सूट के पैसे जेब से दे देंगे

एडहॉक कमेटी के सदस्य धर्मवीर सिंह ने कहा– बेवजह इस अवॉर्ड फंक्शन को लेकर विवाद पैदा किया जा रहा है। क्या जो मेहमान अवॉर्ड फंक्शन में आएंगे, उन्हें खाना भी नहीं खिलाए। एक अच्छे होटल में प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। ताकि खिलाड़ियों को मोटिवेट किया जा सके। उन्होंने कहा– अवॉर्ड फंक्शन में एडहॉक हो कमेटी के सदस्य का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। इसी वजह से सबके सूट सिलाए जा रहे हैं। इसमें क्या हो गया है। हम लोग अपनी जेब से पैसे दे देंग।

#### पहले भी दिए गए इक्विपमेंट

धर्मवीर ने कहा– 2 लाख रुपए के मोबाइल फोन बांटने की बात को भी बेवजह ही मुद्दा बनाया जा रहा है। इससे पहले भी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी को इस तरह के इक्विपमेंट दिए जाते रहे हैं। मौजूदा एडहॉक कमेटी के सदस्यों को भी उसी तर्ज पर इक्विपमेंट दिए गए हैं। इनका अवॉर्ड फंक्शन से कोई संबंध नहीं है। न जाने क्यों बेवजह एडहॉक कमेटी को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।


सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## 30 जून तक जारी रहेगी एफसीआई द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद

### समर्थन मूल्य पर गेंहू की बिक्री कर किसान पा सकते हैं 48 घंटों में भुगतान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** भारतीय खाद्य निगम के अधीन राजस्व जिलों—राजसमंद, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, सिरोही एवं डूंगरपुर में कुल 26 खरीद केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं की खरीद की जाएगी। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद का कुल लक्ष्य 22,710 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसकी खरीद प्रक्रिया 10 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है।

भारतीय खाद्य निगम ने अपील की है कि किसान बिना किसी भ्रम या मध्यस्थ के सीधे सरकारी खरीद केंद्रों पर अपने गेहूं की बिक्री करें और निर्धारित ?2,575 प्रति क्विंटल का लाभ प्राप्त करें। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने जनाधार नंबर से ऑनलाइन पंजीकरण कराकर निर्धारित तिथि को अपने नजदीकी खरीद केंद्र पर गेहूं विक्रय करें। पंजीकरण की प्रक्रिया राज्य सरकार के एमएसपी खरीद पोर्टल के माध्यम से स्वयं या ई-मित्र केंद्र पर जाकर जनाधार से लॉग इन कर पूरी की जा सकती है। यदि किसी किसान को पंजीकरण में कोई असुविधा होती है तो वे निकटतम सरकारी खरीद केंद्र पर कार्यरत एफसीआई खरीद अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।भारतीय खाद्य निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान खरीद के 48 घंटों के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में किया जाएगा। गेहूं की खरीद प्रक्रिया 30 जून तक जारी रहेगी, जबकि पंजीकरण 25 जून तक किया जा सकता है। सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि वे खरीद केंद्रों पर किसी भी प्रकार की देरी से बचने के लिए पहले से ही अपना पंजीकरण करा लें और निर्धारित मूल्य का लाभ उठाएं।

## जयुपर होली स्नहे मिलन में पहंचे राजसमन्द से भाजपा कार्यकर्ता



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** राजसमन्द से भाजपा नेता शुक्रवार जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की गरिमामय उपस्थित एवं माननीय प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान द्वारा आयोजित रंगोत्सव के विशेष उपलक्ष्य पर होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में राजसमन्द भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, निवर्तमान जिला अध्यक्ष मान सिह बाहरठ,जिला प्रमुख रतनी चौधरी,पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक माधव चौधरी,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जवाहर जाट, जिला मंत्री नानालाल सिंधल, रेलमंगरा मण्डल अध्यक्ष अंबालाल जाट, सतीश गर्ग, लक्ष्मण गुर्जर, हीरालाल तेली, मुकेश तेली,दिनेश गाडरी, प्रकाश वैष्णव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने भाग लिया.इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भविष्य की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रदेश की समृद्धि और जनता के उत्थान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## धमूधाम से आज मनेगा 'प्रथमेश ऋषभदेव का जन्मोत्सव, तैयारियां पूरी




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सकल जैन समाज की अग्रणी संस्था श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव आज जन्मोत्सव रविवार को उदयपुर में धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। शहर में निकाली जाने वाली रैली के मार्ग में 14 स्वागत द्वार लगाये गये है। बीच राह में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जायेगा एवं प्रभावना वितरीत की जायेगी। ऐसे प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का जन्म एवम् तप कल्याणक पूरे विश्व में आज के दिन तप त्याग साधना पूर्वक साधुजनों के लिये ,आप और हम सबके लिए प्रभु के कल्याणक प्रभु की पूजा- आराधना-शोभायात्रा-प्रवचन श्रवण के माध्यम से हमारी झीलो की नगरी उदयपुर में अपार जन समूह के मध्य भव्य शोभायात्रा श्रीजी के गजरथ के साथ मुनि-आर्यिका-श्रावक-श्राविका चतुर्विद संघ की उपस्थिति में के साथ अपूर्व उत्साह के साथ पंचायती नोहरे में मनाया जायेगा।

# विश्व जल दिवस पर 'सही फसल' विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

# मेवाड़ को मिला प्रकृति का विशेष आशीर्वाद : बैरवा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** शनिवार को अटल भू जल योजना के तहत जिला परिषद सभागार में 'सही फसल- कृषि में जल उपयोग दक्षता बढ़ाना' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जल संरक्षण और जल उपयोग दक्षता के विभिन्न उपायों की जानकारी प्रदान करना था। विषय विशेषज्ञों ने किसानों को जल उपलब्धता के आधार पर कम जल मांग वाली फसलों के चयन एवं उनकी उन्नत किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फसल चक्र में बदलाव और जल दक्ष कृषि तकनीकों को अपनाकर गिरते भूजल स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को डिग्गी, फार्म पोंड, ड्रिप एवं फव्वारा सिंचाई जैसी जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हो सके। इसके अलावा, अटल भू जल योजना के तहत जल संरक्षण गतिविधियों के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि गिरते भूजल




स्तर की समस्या को रोकने के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। जब तक किसान और आम नागरिक मिलकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य नहीं करेंगे, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा। कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश श्रीमाली ने किया। इस अवसर पर अटल भू जल योजना के जिला नोडल अधिकारी संदीप जैन ने उपस्थित सहभागियों का अभिवादन करते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद राजसमंद, बृज मोहन बैरवा ने जल कलश पूजन कर सभी को जल शपथ दिलाई और खेत तालाब एवं मेडबंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।इसके पश्चात, उद्यान विभाग के उप निदेशक हरिओम सिंह राणा ने खेत की मेड़ पर पौधारोपण, ड्रिप एवं फव्वारा सिंचाई पद्धति के लाभों की जानकारी दी। सहायक निदेशक उद्यान विभाग, खुमाण सिंह ने 'सही फसल' विषय पर प्रशिक्षण दिया और किसानों को विभागीय योजनाओं से अवगत कराया। आत्मा परियोजना निदेशक संतोष कुमार दुरिया ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और सिंचाई पाइपलाइन एवं कम जल मांग वाली फसलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भूजल विभाग, उदयपुर के अधिशाषी अभियंता विकास शर्मा, सहायक लेखाधिकारी अनिल कुमार मोदी, प्रशासनिक अधिकारी मोहब्बत सिंह, सहायक नोडल अधिकारी गिरजाशंकर लक्षकार, तकनीकी सहायक यशिका सालवी, कृषि विशेषज्ञ प्रभुदयाल, आईईसी विशेषज्ञ विजेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र कुमार नागदा, मोतीराम जमादार तथा विकास अधिकारी पंचायत समिति राजसमंद सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रशासक, ग्राम विकास अधिकारी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी किसानों से जल बचत तकनीकों को अपनाने और जल संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट वितरित की गई।

## जयसिंहपुरा की बेटी राजबाला ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन किया उत्तीर्ण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने हाल में ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) का रिजल्ट जारी किया है। जिसमें ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में ढाणी झगड़ेता वाली की बेटी राजबाला ने भी सफलतापूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। राजबाला की सफलता पर ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित की है। ग्रामीणों ने बताया कि राजबाला के पिता रघुनाथ यादव राजस्थान राज्य पथ



परिवहन निगम में चालक है और सामाजिक कार्यों में रूचि रखते है। वे बड़े सहनशील व साधारण स्वभाव के धनी है। उन्होंने बताया कि पहले प्रयास में ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) पास करना बेटी राजबाला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह उसकी कड़ी मेहनत, समर्पण और कानूनी ज्ञान का प्रमाण है। दिनेश खोला ने बताया कि बहिन को एआईबीई पास करने से भारत में एक वकील के रूप में पंजीकरण करने के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त हुई है।

यह उसके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और उसके सपनों को पूरा करने के लिए एक मजबूत आधार भी बना है। राजबाला को लेकर परिजनों में खुशी का माहौल है।

## नई मंडी थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त अभियान में 16 किलो 10 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर दो तस्करों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन सिटी में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। नई मंडी थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त अभियान में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।थाना अधिकारी लाल बहादुर सिंह के नेतृत्व में की गई । इस कार्रवाई में दौसा जिले के मंडावरी थाना क्षेत्र के सरावली निवासी हेतराम मीना और फलोदी के मूलराज निवासी शीशपाल विश्नोई को पकड़ा गया। दोनों को महवा रोड स्थित लच्छी की प्याऊ से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों से 16 किलो 10 ग्राम



डोडा पोस्त बरामद किया गया। इसके अलावा उनके पास से 1 लाख 58 हजार रुपए की नगदी भी मिली। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस टीम आरोपियों से डोडा पोस्त की खरीद-फरोख्त और तस्करी के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। इस सफल कार्रवाई में सतेंद्र अवस्थी और कुलदीप सहित डीएसटी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान में नई मंडी थाना से वेदप्रकाश, करतार सिंह, सोरन सिंह और डीएसटी टीम से सतेंद्र सिंह, कुलदीप, आकाश व अमीर शामिल थे ।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन जन जागृति अभियान रथ यात्रा पहुंची मेहंदीपुर बालाजी,नरेश पुरी महाराज ने श्री कृष्ण रथ की आरती उतारकर पूजा अर्चना की

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंह )।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन जन जागृति अभियान रथ यात्रा मेहंदीपुर बालाजी पहुंची,यात्रा के साथ सैकड़ो श्रद्धालु हाथ में झंडे साथ में लिए बालाजी धाम पहुंचे ,यात्रा के बालाजी महाराज मंदिर पहुंचने पर बालाजी मंदिर के बाहर महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज ने श्री कृष्ण रथ की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। यात्रा को सफल बनाने की भगवान कृष्ण व बालाजी महाराज से प्रार्थना की । बालाजी महाराज की जयकारों से नगरी गूंज उठी। इस दौरान महंत डॉक्टर नरेश पुरी महाराज ने कहा जिस तरह से भगवान राम लला की प्रतिष्ठा हुई है इस तरह से जन



भावनाओं के साथ मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि में भगवान कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा हो जिससे सभी सनातन धर्म प्रेमियों का हृदय आस्था से भर जाएगा । यात्रा के साथ आए राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त भारतीय धर्म संसद आचार्य राजेश्वर ने महंत महाराज से आशीर्वाद लिया । संयुक्त भारतीय धर्म संसद के तत्वावधान में निकाली जा रही यात्रा द्वारका से भगवान कृष्ण को रथ में विराजमान कर निकली यात्रा मथुरा पहुंचेंगी । मथुरा में एक धर्म सभा आयोजित होगी जिसमें साधु संत मौजूद रहेंगे । जिसका एजेंडा जन्मभूमि को मुक्त करने की जन चेतना का प्रचार करना रहेगा ।

## ग्राम पंचायतों व जेजेएम के 855 विद्युत कनेक्शनों की बकाया राशि 2,48,07,217 रूपये

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम पावटा के अधीनस्थ ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं पेयजल विद्युत कनेक्शनों की बकाया राशि मार्च में एक वर्ष से भी ज्यादा समय बित जाने के बावजूद जमा नहीं करवाई गई। सहायक अभियंता संजीव जाखड़ ने बताया कि पावटा उपखंड क्षेत्र के अधिन ग्राम पंचायतों का करीब 1,17,53,781 रुपए का बिल भुगतान बकाया चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में कोटपूतली सहित पावटा विकास अधिकारी व ग्राम पंचायतों के सरपंचों को बार बार पत्राचार्य एवं मोखिख रूप से सम्पर्क किया जा चुका लेकिन आज तक यह राशि जमा नहीं करवाई गई। वहीं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अन्तर्गत ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्र में कुल 138 विद्युत कनेक्शन जारी किए गए थे। जिसकी कुल बकाया राशि 1,30,53,436 राशि बकाया हैं। छुछुरूके विद्युत बिल की बकाया राशी के संबंध में पंचायत समिति कार्यालय एवं पीएचईडी द्वारा जमा कराने के लिए आग्रह किया गया। लेकिन दोनों ही विभागों द्वारा राशि जमा नहीं कराने को कहा

## आँखों का विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** दिल्ली जयपुर हाइवे स्थित उपजिला अस्पताल पावटा में लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में शनिवार को आँखों का विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। समिति संरक्षक पूर्व विधायक सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध सहाय अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवायें दी। जिसमें आंखों की जांच कर ऑपरेशन योग्य मरीजों को भर्ती किया व शेष मरीजों को आंखों की दवाईयां फ्री वितरण की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई।

समिति सदस्य हरि प्रसाद वर्मा व एडवोकेट राकेश शर्मा ने बताया कि शिविर में चिंहित मरीजों को जयपुर ले जाकर सहाय अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा आंखों का ऑपरेशन किया जायेगा।

## केन्द्रीय मंत्री अठावले सहित अन्य ने अरविन्दसिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजली



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ राज परिवार के सदस्य दिवगंत हुए अरविन्दसिंह मेवाड़ को श्रृद्धांजली देने का क्रम लगातार बना हुआ है। इसी क्रम में केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले,भावनगर के जयवीरराज सिंह गोहिल,सावरियां सेठ मंदिर के पुजारी नितेश वैष्णव ने आज शंभूनिवास महल पंहुच कर अरविन्दसिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित किये एंव उनके पुत्र लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ से मिलकर सात्वंना प्रदान की।

# एक्सपो में जेल बैण्ड की प्रस्तुति ने मन मोहा

बढ़ता राजस्थान


**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा यूसीसीआई परिसर में आयोजित किये जा रहे पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो के चौथे दिन जेल बैण्ड की प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। ट्रेड एक्सपो में मौजूद हर व्यक्ति जेल बैण्ड की विभिन्न धुनों पर झूम उठा।

पीएचडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख आर.के.गुप्ता व यूसीसीआई के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत ने बताया कि शिक्षान्तर संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस जेल बैण्ड के आयोजन में एक से एक धमाकेदार प्रस्तुतियां रही जिसे काफी सराहा गया। गायक परमेश्वर व्यास ने एक से बढ़ कर एक गानों की प्रस्तुतियां दी। सूफी, फोग सोंग, राजस्थानी सोंग से श्रोता भी जुड़े और उन्होंने खूब आनन्द लिया। कार्यक्रम के दौरान रोसा शैम्पू के 1000 हजार पाऊच वितरित किये गये।

इधर ट्रेड एक्सपो में चौथे दिन लगभग हर स्टॉल्स पर लोगों की चहलकदमी की और उन्होंने अपने मन पसन्द के विभिन्न उत्पादों की खरीददारी की। दिल्ली की पावर संस्था की ओर से दिव्यांगों द्वारा बनाये गये उत्पादों की स्टॉल्स पर भी लोगों ने खूब खरीददारी की। स्टॉल्स पर मौजूद लवकुश मिश्रा ने बताया कि हम दिव्रांग जरूर हैं लेकिन किसी भी दृष्टि से हम कमजोर नहीं है। अब वो समय गया जब दिव्यांगों को समाज में कमजोर और दया भावना की दृष्टि से देखा जाता है।

अब हम खुद इतने सक्षम हो गये हैं कि एक अकेला दिव्यांग चार जनों का पेट पाल सकता है। किसी के सामने हाथ फैलाना अब गुजरे जमाने की बातें हो गई है। हमारी संस्था में बच्चों से लेकर वृद्ध दिव्यांग हैं जो साथ में मिल कर जूट के विभिन्न उत्पद बनाते हैं जिनमें बैग्स, पर्स, दरियां जैसे विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं। हमारी संस्था के माध्यम से हम इन्हें बेचते हैं और अपनी पढ़ाई सहित हमारा गुजारा आसानी से कर लेते हैं।

प्रदर्शनी में आई दीपिका बिष्ठ ने बताया कि जूट के उत्पादों में 100 रू. से लेकर 1000 रूपये तक के आईटम्स उपलब्ध हैं। इस प्रदर्शनी में जूट के हैंगिंग बैग काफी आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। पोधें के गमलों को इन बैग्स में रख कर कहीं भी आप टांग सकते हैं। इससे घर या शॉप तो खूबसूरत लगती ही है साथ



ही वहां पर हरियाली का भी आभास होता है। इनकी खास बात यह है कि यह इक्को फ्रेंडली होते हैं। इनसे पर्यावरण को किसी भी तरह से नुकसान नहीं होता है। जूट के आईटम विभिन्न रंगों में भी उपलब्ध हैं।

## कुत्तों के हमले में महिला बुरी तरह जख्मी, लोगों ने दौड़कर बचाया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** आवारा कुत्तों के हमले की ज्यादातर घटनाओं में छोटे बच्चों के शिकार होने के मामले संज्ञान आते रहे हैं। लेकिन उपखंड क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे देखकर दिल दहल जाएगा। दरअसल, शनिवार की सुबह में प्रागपुरा स्थित ग्राम किड़ारोद में खेत में कार्यरत एक महिला पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर महिला को लहुलूहान कर दिया। सूचना के मुताबिक 40 वर्षीय सुनिता चौधरी अपने खेत पर काम कर रही थी कि उन पर करीब आधा दर्जन कुत्तों ने हमला कर जगह जगह से काट लिया। कुत्तों के हमले से महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। वहीं युवती के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़कर उसे कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। परिजनों ने घायल युवती को पावटा उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है। सुनिता ने बताया कि मैं खेत में काम कर रही थी, तभी पीछे से कुत्ते भौंकते हुए आए और मुझ पर झपट पड़े और करीब आधा दर्जन कुत्तों ने मुझे चारों तरफ से घेर लिया। मैंने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन वे आगे-पीछे से मुझे खींचने लगे, जिससे मैं जमीन पर गिर गई। फिर वे मुझ पर हमला करने लगे। चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़कर आए और मुझे बचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बच्चे और बुजुर्ग कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या पर तत्काल समाधान की मांग की है।

# अवैध खनन के खिलाफ खान विभाग की आकस्मिक बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 करोड़ 37 लाख के जुर्माने के साथ ही 3 एफआईआर दर्ज

## अवैध खनन और रवन्नाओं का दुरुपयोग पाया गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** खान विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ नागौर में एक साथ अलग अलग स्थानों पर अब तक की सबसे बड़ी और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध खननकर्ताओं पर 70 करोड़ 37 लाख का जुर्माना लगाने के साथ ही संबंधित थानों में 3 एफआईआर दर्ज कराई है। विभाग को गोपनीय तरीके से प्राप्त सूचना के आधार पर निदेशक खान श्री दीपक तंवर ने मुख्यालय उदयपुर से गोपनीय तरीके से अधिकारियों की अलग अलग टीम गठित कर संबंधित स्थानों पर एक साथ कार्रवाई के लिए भेजी। खासबात यह कि टीम के सदस्यों को भी कार्रवाई स्थल की पूर्व में जानकारी नहीं दी गई और इसका परिणाम यह रहा कि अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई संभव हो पाई।

गौरतलब है कि राज्य सरकार अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्तकार्रवाई की पक्षधर रही है और फील्ड अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं।

विभाग द्वारा बनाई गई विशेष टीम द्वारा पूर्ण गोपनीयता बरतते हुये नागौर जिले में अवैध खनन के विरूद्व आकस्मिक कार्यवाई करते हुए श्री राम केमिकल्स के लाईमस्टोन के खनन पट्टा संख्या 67/2001 की जांच करने पर लीज क्षेत्र के अन्दर क्रैशर मिला जिसके द्वारा रवन्नाओं के दुरूपयोग कर लगभग 3,32,177 टन खनिज का निर्गमन पाया जाने पर 48 करोड 16 लाख की शास्ती आरोपित की गई। इसी प्रकार भावण्डा के समीप एक अवैध खनन पिट में लगभग 19 हजार 900 टन खनिज चूना पत्थर का अवैध खनन कर निर्गमित किया हुआ पाया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि यह अवैध खनन श्री राम किशोर दातोड द्वारा करवाया जा रहा है एवं यह अवैध पिट उनके मकान के सम्मुख ही लगभग 5 से 15 मीटर की दूरी पर पाया गया। विशेष जांच दल द्वारा अवैध खनन का पंचनामा बनाया जाकर रू. 14.48 करोड की शास्ती लगाई गई। अवैध खननकर्त्ता श्री रामकिशोर दोतड एवं खातेदार श्री रामजीवन के विरूद्व भावण्डा पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 30/2025 दर्ज करवाई गई।

खान विभाग के एक अन्य दल द्वारा गंगवाना क्षेत्र में एक चूने के भट्टा श्री शिवम लाईम प्रोडक्ट प्रो. श्री सुमेर सिंह उदावत के भट्टा क्षेत्र में लगभग 550 टन खनिज लाईमस्टोन मिलने पर रेकार्ड मांगने पर खनिज स्वयं के खनन पट्टा संख्या 31/2002 एवं एक अन्य खनन पट्टा 30/2002 से खनिज प्राप्त किया जाना बतलाया गया जिस पर जांच दल द्वारा उक्त दोनों खनन पट्टों का निरीक्षण करने पर खनन पट्टा संख्या 31/2002 में लगभग 16,632 टन खनन पट्टा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन किया जाना प्रमाणित होने पर अवैध खनन की शास्ती राशि रू. 2.41 करोड



आरोपित की गई एवं अन्य खनन पट्टा संख्या 30/2002 में भी अवैध खनन लगभग 24,884 टन अवैध खनन लीज क्षेत्र के बाहर पाया जाने पर शास्ती राशि रू. 3 करोड़ 61 लाख रु. आरोपित की गई। जांच दल द्वारा संबंधित थाने में अवैध खननकर्त्ता श्री सुमेर सिंह एवं श्री ललित ब्यास के विरूद्व नामजद दो एफआईआर संबधित पुलिस थाने में दर्ज करवाई जा रही है।

एक अन्य कार्रवाई में जांच दल द्वारा टाडावास में मैसर्स धीरज केमिकल स्टोन में अवैध खनिज चुनाई पत्थर लगभग 3,120 टन पाया जाने पर 11 लाख 12 हजार रु. की शास्ती आरोपित की गई एवं इनके द्वारा खनिज तरूणू स्थित खनन पट्टा संख्या 15/2004 से लाना दर्शाने पर खनन पट्टे के निरीक्षण में 42613 टन रवन्नाओं का दुरूपयोग पाया जाने पर 1करोड 49 लाख की शास्ती आरोपित की गई एवं इसके समीप स्थित अन्य खनन पअ्टा 16/2004 में लगभग 1092 टन रवन्नाओं का दुरूपयोग पाया जाने पर रू. 4 लाख 02 लाख की शास्ती आरोपित की गई। राज्य सरकार द्वारा अधिकारियों को अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## दयाल नगर को ग्राम पंचायत काचरोदा से फुलेरा नगर पालिका में जोड़ने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** समीपवर्ती राजस्व ग्राम दयाल नगर को ग्राम पंचायत काचरोदा से फुलेरा नगर पालिका में शामिल करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक निर्मल कुमावत एवं उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि राजस्व ग्राग दयाल नगर रेलवे लाईन सीमा से लगती हुई कच्ची गोदाम,आदर्श रैगर बस्ती,गणपति नगर, कुमावत कॉलोनी, वैशाली नगर,रजत विहार, श्याम सिटी, बड़ की ढाणी, डेल्डा की ढाणी एवं इनके आस-पास विकसित समस्त कॉलोनियां राजस्व ग्राम दयाल नगर के अधीन कस्बा नगर पालिका क्षेत्र फुलेरा की शोमा बढ़ा रही है, राजस्व ग्राम दयाल नगर जो कि नगर पालिका क्षेत्र फुलेरा के अन्तर्गत पैरा फैरी बेल्ट के तहत आबादी भुखण्ड के पट्टे व अन्य राजस्व कार्य नगर पालिका क्षेत्र फुलेरा द्वारा किया जा रहा है कुछ सीमित क्षेत्र में रोड लाईट आदि की सुविधा भी नगर पालिका मण्डल फुलेरा द्वारा वाशिंदों को उपलब्ध व मुहैया करायी जा रही है, किन्तु विगत कई वर्षों से स्थानीय वाशिदों को बेवजह ग्राम पंचायत काचरोदा के अधीन शामिल किया हुआ है, जो किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। राजस्व ग्राम दयाल नगर को ग्राम पंचायत काचरोदा से हटाकर पुन: परिसीमांकन एवं पुनर्गठन करते हुए नगर पालिका क्षेत्र फुलेरा में शामिल किया जाए। जिससे कि आमजन को नगर पालिका क्षेत्र फुलेरा का सम्पूर्ण सुविधाओं का पूर्ण रूप से लाभ मिल सके एवं नगर पालिका फुलेरा के सरकारी राज कोष में वृद्धि के साथ क्षेत्र का विकास हो सकें। इस दौरान भंवरलाल कुमावत (गोल्डन),इंद्रपाल,गिरधारी,सत्यनारायण देवतवाल,बलवीर गुर्जर, प्रेमचंद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महिला शिक्षा आर्थिक स्वावलंबन के लिये आवश्यक : राधा पटेल

### देवनारायण एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण समारोह का आयोजन

**64 लाभान्वित छात्राओं को स्कूटी का किया वितरण**



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविधालय में शनिवार को देवनारायण एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण समारोह का आयोजन विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समारोह में सत्र 2023-24 के अंतर्गत लाभान्वित छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने कहा कि सरकार की यह योजना महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि एक बालिका शिक्षित होती है तो दो परिवारों में खुशहाली आती है। महिला शिक्षा आर्थिक स्वावलंबन के लिये आवश्यक है। जिससे महिलायें आत्मनिर्भर होती हैं। उन्होंने छात्राओं के परिजनों से आह्वान किया कि बालिकाओं को अधिक से अधिक पढने् में सहयोग करना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि कमलेश गुर्जर ने कहा कि यदि महाविद्यालय की छात्राओं का आईएएस में चयन होता है तो 21 हजार तथा आईपीएस में चयन होने पर 11 हजार रूपये अपनी जमा पूंजी से नकद देकर पुरूस्कृत किया जायेगा। वर्तमान समय में महिला शिक्षा की अति आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने कहा कि छात्राओं के लिये स्कूटी योजना महिला सशक्तीकरण के लिये मील का पत्थर साबित होगी। छात्राओं को मजबूत इरादे रखने होंगे। पढ़ाई के प्रति लगन और मेहनत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आगामी 25 मार्च को सत्र 2023-24 का जिला स्तरीय स्कूटी वितरण व 30 मार्च को सत्र 2024-25 का राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। महाविद्यालय के स्कूटी प्रभारी डॉ. राकेश कुमार यादव ने बताया कि सत्र 2023-24 के अंतर्गत 1450 में से 525 स्कूटी वितरित कर दी गई है। शनिवार को 64 लाभान्वित छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई। संचालन अशोक सिंह ने किया। जबकि अनुभा गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्कूटी समिति सदस्य, महाविद्यालय संकाय सदस्य, लाभान्वित छात्रायें व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## होली मिलन एवं सम्मान समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर के अध्यक्ष शिव कुमार विजयवर्गीय, बुटेरी द्वारा बताया गया कि परिषद् का होली मिलन, सेवानिवृत्त हुए राजसेवकों, परिषद की प्रतिभा सम्मान एवं भामाशाह का सम्मान समारोह दिनांक 23 मार्च रविवार को प्रात: 10.15 बजे आयोजित किया जाएगा। सम्मान समारोह के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है ।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल

### मतदान 29 मार्च एवं मतगणना 30 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर के वार्षिक चुनाव के लिए 21 एवं 22 मार्च को नामांकन पत्रों का दाखिला हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि अध्यक्ष के एक पद के लिए अभय जोशी, अमरदीप शर्मा, डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ''बिल्लू बन्ना'', मुकेश कुमार मीणा, रूपेश कुमार टिंकर, महासचिव के एक पद के लिए मुकेश चौधरी, योगेन्द्र शर्मा ''पंचौली'', राजकुमार शर्मा, रामेन्द्र सोलंकी, उपाध्यक्ष के दो पदो के लिए डॉ. मोनिका शर्मा, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत और कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए अनिल त्रिवेदी, देवेन्द्र सिंह, नमोनारायण अवस्थी, विकास शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य के दस पदो के लिए 20प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। अनिता शर्मा, उमंग माथुर, ओमवीर भार्गव, गणेश यादव, डॉ.सैयद शाहनवाज अली, दिनेश कुमार सैनी ''डी.के'', दिनेश सिंह तोमर, दीपक सैनी, निखलेश शर्मा, बनवारी लाल उपाध्याय, मणिमाला शर्मा, मतीष पारीक, लोकेन्द्र सिंह, विकास आर्य, विजय कुमार जाजरा, शालिनी श्रीवास्तव, संजय गौतम, संजीव गुप्ता, संतोष कृष्ण शर्मा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा चुनाव मैदान में है।

शेखावत ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच सोमवार एवं नाम वापसी मंगलवार 25 मार्च को होगी। 29 मार्च 2025 को प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा। 30 मार्च 2025 को मतगणना होगी।

## सांगटेड़ा मे 94 वाँ शहीद दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती ग्राम सांगटेड़ा स्थित टैगोर इंटरनेशनल सैकेण्डरी स्कूल में समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में 94 वाँ शहीद दिवस मनाया गया।छात्रों ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के देश के लिये हंसते हंसते फांसी चढ़ते हुये का अभिनय किया।

जिससे राष्ट्र भक्ति का संदेश देने का प्रयास किया गया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ, छात्रों के द्वारा भारत माता जिंदाबाद, भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव इंकलाब जिंदाबाद से पुरा परिसर देश भक्तिमय हो गया। समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे क्रांतिकारी हमारे आदर्श है, क्योंकि उन्होंने अपना जीवन देश पर न्यौछावर कर दिया।

इस कारण आज हम आजादी से सांस ले रहे हैं। निदेशक वासुदेव गुप्ता ने कहा कि युवा कल के भविष्य हैं, जिन्हें देश भक्तों को आदर्श मानकर अपना लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढना़ चाहिये। इस दौरान प्राचार्य डॉ. तन्मय दास, संदीप स्वामी, सुखपाल, शुभम शर्मा, संदीप सांगा, ममता अरोड़ा, काजल अरोड़ा, अनुपम यादव, सिमरन कौर, पूनम, भावना, पूजा तिवाड़ी, पूजा सैनी, कविता सैनी, पिंकी सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

## फार्म हाउस में मिला सिर कटा शव

**धड़ से 15 फीट दूर पड़ा था सिर**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बगरू थाना इलाके में अजमेर रोड पर ठिकरिया टोल प्लाजा के पास एक फार्म हाउस पर सिर कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि शव भी काफी दिन पुराना होने के कारण सड़ गया था। फार्म हाउस बंद पड़ा था।

थानाधिकारी मोती लाल शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि एक खाली पड़े फार्म हाउस के अंदर शव पड़ा है। सूचना पर एसीपी बगरू हेमेंद्र शर्मा के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां पर फार्म हाउस की चारदीवारी के पास एक व्यक्ति का सिर कटा हुआ सड़ा गला शव पड़ा मिला। व्यक्ति का सिर शव से करीब 15 फीट दूर पड़ा था। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान की कोशिश की। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शव के पास मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान ग्राम पंचायत देवलिया के गांव रामपुरा के रहने वाले श्रवण लाल प्रजापत (48) पुत्र पांचू राम प्रजापत के रूप में हुई। पुलिस ने शव को बगरू उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। यहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने परिजनों को मृतक के बारे में जानकारी दे दी है। परिवार के आने के बाद पुलिस आगे का अनुसंधान करेगी।

**डॉ. ओपी टांक ने अनिल शर्मा के लिए की दीर्घायु की कामना**

## अनिल शर्मा का जन्मदिन मानव सेवा के रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भाजपा के जयपुर शहर उपाध्यक्ष एवं जयपुर नगर निगम ग्रेटर के पूर्व चेयरमैन अनिल शर्मा से राजस्थान कच्ची बस्ती महासंघ के संस्थापक वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा भाजपा कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वहीं डॉ. टांक ने अनिल शर्मा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. टांक ने जन्मदिवस को मानव सेवा के रूप में मनाकर जरुरतमंदों की सहायता कर ईश्वर से दीर्घायु की कामना की।

## एक दिवसीय सत्संग आज

**निवाई( का.स. )।** गंगा जमना गार्डन में 23 मार्च को सुबह 10 बजे संत रामपाल महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सत्संग के माध्यम से बताया जाएगा की परमात्मा, अल्लाह, खुदा, गॉड, वाहेगुरु एक ही हैं। सभी धर्म एक है उनके नाम भिन्न है, परमात्मा कौन है, मनुष्य के जीवन का मूल उद्देश्य क्या है, 84 लाख प्रकार की योनिया क्या होती है व पूर्ण मोक्ष क्या होता है सहित कई आध्यात्मिक प्रश्नों के बारे में सभी धर्म ग्रंथो के अनुसार जानकारी दी जाएगी।

## विश्व जल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ओटाराम देवासी, राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, की अध्यक्षता में आज पंत कृषि भवन, जयपुर में विश्व जल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ओटाराम देवासी ने कहा, ऋजल ही जीवन है, और हमें इसे संरक्षित करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है, और जनता की भागीदारी से इस अभियान को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

जल संरक्षण के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात वर्षा जल संचयन और जल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों पर एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन हुआ, साथ ही स्ह्हृङ्ख द्वारा एक प्रस्तुति प्रदर्शित की गई, जिसमें पानी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों ने जल बचाने और इसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान आई.टी.सी. संस्थान के साथ जल संरक्षण और सतत विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही, मिशन ज्ञान के साथ जल संरक्षण और जागरूकता अभियान को लेकर एक अन्य स्रूश संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागियों के पंजीकरण से हुई। इसके बाद राज्य मंत्री, पंचायती राज, ओटाराम देवासी एवं शासन सचिव, पंचायती राज, डॉ जोगाराम का स्वागत जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, मुहम्मद जुनैद द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा, स्थानीय शाखा जयपुर के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव सम्पन्न









### रतन लाल विजयवर्गीय निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा, स्थानीय शाखा जयपुर के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी महेश विजयवर्गीय ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु पांच नामांकन पत्र विक्रय हुए, जिनमें से चार नामांकन पत्र जमा किए गए। निर्धारित समय में तीन प्रत्याशियों, श्यामलाल विजयवर्गीय (टहला), चंद्रकांता विजयवर्गीय (केकड़ी), एवं सीताराम विजयवर्गीय (पिपलू) ने रतन लाल विजयवर्गीय (अजमेरी वाले) के समर्थन में अपने नामांकन वापस ले लिए.इस प्रकार, रतन लाल विजयवर्गीय को निर्विरोध अध्यक्ष, अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा, स्थानीय शाखा जयपुर घोषित किया गया। उनका शपथ ग्रहण समारोह आज दिनांक 22 मार्च 2025, शनिवार, सायं 5.15 बजे, विजयवर्गीय सेवा सदन, गणगौरी बाजार, जयपुर में आयोजित किया गया। समाजबंधुओं की उपस्थिति में समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## सम्पादकीय

# रेलवे में खानपान व्यवस्था का बुरा हाल संसदीय समिति ने फिर लगाई फटकार

तमाम दावों और मंसूबों के बावजूद भारतीय रेल में विभिन्न सेवाओं से संबंधित शिकायतों का सिलसिला खत्म ही नहीं होता। रेलगाड़ियों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और शुद्धता को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिलती रही हैं। उन्हें दूर करने के मकसद से भारतील रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आइआरसीटीसी का गठन किया गया। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर रसोई बनाई गईं, वहां तैयार होने वाले खानपान के निरीक्षण का तंत्र विकसित किया गया। इससे बाहरी खानपान की गुणवत्ता और कीमतों में मनमानी पर कुछ हद तक रोक तो लगी, स्वच्छता और साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाने लगा, मगर फिर वही शिकायतें मिलनी शुरू हो गईं। संसद की एक समिति ने इसे लेकर रेलवे की खिंचाई की है।

समिति का कहना है कि खानपान संबंधी नीतियों में बार-बार बदलाव की वजह से भी यह गड़बड़ी हो रही है। संसदीय समिति ने इस बात के लिए भी रेलवे पर नाराजगी जाहिर की कि उसके पहले के सुझावों पर अमल क्यों नहीं किया गया। समिति ने रेलवे से जवाब मांगा है कि जिन पंद्रह खानपान इकाइयों को अपडेट करने को कहा गया था, वह क्यों नहीं हुआ। आइआरसीटीसी को छह हरित रसोई भी बनानी थी, मगर उस दिशा में काम नहीं हो सका।

दरअसल, 2005 के बाद से अब तक तीन बार रेलवे खानपान संबंधी नीतियों में बदलाव किया जा चुका है। 2010 में यह काम क्षेत्रीय रेलवे को सौंप दिया गया था, फिर 2017 में इसे आइआरटीसी को दे दिया गया। इस तरह नीतिगत गड़बड़ियों के चलते भी रेल खानपान सेवा को लेकर एक प्रकार की अनिश्चितता बनी रही और गुणवत्ता से समझौता होता रहा। 2017 में नई खानपान नीति बनी और उसकी समीक्षा के लिए संसदीय समिति गठित की गई, तब उसने कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए थे। मगर समिति की ताजा रपट से जाहिर है कि पिछले सात वर्षों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाए जा सके हैं।

दरअसल, अभी तक रेलों में परोसा जाने वाला भोजन बाहर की रसोई में तैयार होकर पहुंचाया जाता है, फिर गाड़ियों में उसे गरम करने की व्यवस्था होती है। मगर देखा गया कि वैसे रेल डिब्बे बने ही नहीं हैं। जाहिर है, इस तरह तैयार होने और परोसे जाने के बीच समय अधिक गुजर जाने से अक्सर भोजन खराब हो जाता है। संसदीय समिति ने इस बात पर भी हैरानी जताई है कि भोजन की गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए तो तंत्र गठित है, पर औचक निरीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इससे रसोइयों में भोजन तैयार करने और रेल डिब्बों में परोसे जाने में अक्सर मनमानी की शिकायतें आती रहती हैं। सरकार रेल सेवाओं को विश्व मानकों के अनुरूप ढालने और द्रुतगामी रेलों की संख्या बढ़ाने के दावे तो बढ़-चढ़ कर करती है, रेल किराए में भी काफी बढ़ोतरी हो चुकी है, मगर जब खानपान की गुणवत्ता और स्वच्छता पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा पाता, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूसरी सुविधाओं पर कितना ध्यान दिया जाता होगा। अक्सर रेल दुर्घटनाओं को लेकर सवाल उठते हैं, गाड़ियों के समय पर न चलने, रेल डिब्बों में सुरक्षा का उचित प्रबंध न होने जैसी शिकायतें आम हैं। इस स्थिति में द्रुतगामी गाड़ियां चला देने या स्टेशनों की देखरेख निजी कंपनियों के हाथों में सौंप देने भर से रेलवे की साख कितनी और कहां तक बची रह पाएगी।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 23 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पश्चिम बंगाल के चंद्रनगर पर 1357 में लार्ड क्लाइव ने फ्रांसीसियों को हराकर कब्जा किया।
- पिनेरोलो पिडमाउंट पर फ्रांस की सेना ने 1630 में कब्जा किया।
- ब्रिटेन की संसद में सुधार विधेयक 1832 में पारित किया गया।
- फ्रेंकलिन बेल ने 1836 में सिक्के छपाई के प्रेस का आविष्कार किया।
- लिथुआनिया ने 1918 में स्वतंत्रता की घोषणा की।
- बेनिटो मुसोलिनी ने 1919 में इटली के मिलान में फासिस्ट आंदोलन की शुरुआत की।
- ऑल इंडिया मुस्लिम लीग ने 1940 में मुसलमानों के लिए अलग देश की मांग की।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1945 में फिलीपींस की स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- संयुक्त राष्ट्र ने 1950 में विश्व मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना की।
- सन 1956 में पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र देश बना।
- नासा ने 1965 में पहली बार जैमिनी 3 अंतरिक्ष यान से दो व्यकितयों को अंतरिक्ष में भेजा।
- केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में महिलाओं की पहली कंपनी को 1986 में प्रशिक्षित किया गया।
- पश्चिमी जर्मनी के एक ब्रितानी सैनिक ठिकाने में 1987 में हुए कार बम हमले में लगभग 30 लोग घायल हो गए हैं।
- प्रोफ़ेशनल चेस एसोसियेशन कैंडीडेट्स के फ़ाइनल श्रृंखला को 1995 में भारत के विश्वनाथन आनंद ने जीता।
- पराग्वे के उपराष्ट्रपति पुई मारिया अरगाना की 1999 में हत्या।
- रूसी अंतरिक्ष स्टेशन 'मीर' की 2001 में जल समाधि।
- दक्षिण अफ्रीका में वाडरर्स में 2003 में हुए विश्व कप क्रिकेट के फ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 125 रनों से हराकर विश्व कप पर कब्ज़ा बरकरार रखा।
- मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर 2012 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतकों का कीर्तिमान बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने।
- यूरोपीय संघ और अमेरिका ने 2014 में रूस पर प्रतिबंध लगाए।

### 23 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- मुग़ल बादशाह शाहजहाँ और 'मुमताज़ महल' की सबसे बड़ी पुत्री जहाँआरा का 1614 में जन्म हुआ।
- भारत की स्वतंत्रता सेनानी बसंती देवी का 1880 में जन्म हुआ।
- बीसवीं सदी पूर्वार्द्ध के प्रख्यात संस्कृत कवि भट्ट मथुरानाथ शास्त्री का 1889 में जन्म हुआ।
- महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रख्यात समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया का 1910 में आज ही के दिन जन्म हुआ।
- भारतीय क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी हेमू कालाणी का 1923 में जन्म हुआ।
- भारतीय महिला व्यवसायी किरण मजूमदार-शॉ का 1953 में जन्म हुआ।

# जिनकी मिट्टी से आज भी वतन की खुशबू आती है

**यदि यह संसार एक रंगमंच है, जैसा कि शेक्सपियर ने कहा था, और हम सभी यहाँ अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाने आए हैं, तो भगत सिंह ने इस मंच पर जो किरदार निभाया, वह आज तक बेजोड़ है। सिनेमा में अभिनेता वेश बदलकर किरदार निभाते हैं, और गलती होने पर रीटेक का मौका मिल जाता है। लेकिन वास्तविक जीवन में, जहाँ हर कदम अंतिम होता है, वहाँ भगत सिंह ने जोखिम भरे हालातों में भी अपनी भूमिका को इतनी कुशलता से निभाया कि अंग्रेजों को भनक तक न लगी।**


बलदेव राज भारतीय

23 माच 1931, शाम सात बजकर तैंतीस मिनट। लाहौर की सेंट्रल जेल के आसमान में 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे गूंज रहे थे। वह एक ऐसा क्षण था जब भारत माता की धरती अपने सबसे लाडले सबसे प्यारे सपूतों की अंतिम पुकार सुन रही थी। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु—तीन नौजवान, जिनकी उम्र महज 23 साल के आसपास थी, उस दिन फांसी के फंदे पर झूल गए। यह फांसी 24 मार्च को होनी तय थी, लेकिन अंग्रेजों के मन में यह डर घर कर गया था कि कहीं आंदोलित भीड़ जेल पर हमला न कर दे। इस भय ने उन्हें सभी नियमों और आचार संहिताओं को ताक पर रखने के लिए मजबूर कर दिया। शाम के उस असामान्य समय में, जब सूरज ढल चुका था और अंधेरा धीरे-धीरे धरती को अपनी आगोश में ले रहा था, तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई। यह विश्व इतिहास में एक अनोखा और शायद अब तक का अंतिम उदाहरण है, जब किसी को शाम के वक्त फांसी के फंदे पर लटकाया गया हो।

लगभग एक घंटे तक उनके शरीर फंदे पर झूलते रहे। उस ठंडी हवा में, जो उनकी अंतिम सांसों को अपने साथ बहा ले गई थी, अंग्रेज अफसरों ने एक और क्रूर कदम उठाया। रात के अंधेरे में उनके शरीरों को टुकड़े-टुकड़े कर बोरियों में भरा गया। फिर रावी नदी के किनारे ले जाकर घासलेट डालकर जला दिया गया। उनकी राख को भी नदी के तेज बहाव में बहा दिया गया, ताकि कोई निशान न रहे, कोई सबूत न बचे। लेकिन क्या सचमुच अंग्रेज उनकी याद को मिटा सके? नहीं, वह राख भले ही नदी में बह गई, पर उनकी आत्मा उस मिट्टी में बस गई, जिसके लिए उन्होंने अपनी जान दी थी। समय की रेत पर उनके पांवों के निशान तब तक रहेंगे, जब तक यह देश रहेगा।

उस दिन भगत सिंह की लोकप्रियता ने महात्मा गांधी की प्रसिद्धि को भी पीछे छोड़ दिया था। लोग सड़कों पर थे—आक्रोशित, उद्वेलित, और दुखी। यह वह दौर था जब आजादी की लड़ाई अपने चरम पर थी, और इन तीनों नौजवानों ने अपने खून से इस आंदोलन को एक नई ताकत दी थी। 23 साल की उम्र—वह उम्र जब आज का युवा अपने भविष्य की राह तलाश रहा होता है, अपने सपनों को आकार देने की कोशिश कर रहा होता है। लेकिन इन तीनों ने उस उम्र में अपने जीवन का उद्देश्य न केवल तय कर लिया था, बल्कि उसे पूरा भी कर दिखाया था। क्या आज का युवा उस जज्बे की कल्पना भी कर सकता है? एक ऐसी घटना जो आज भी सुनने वालों के रोंगटे खड़े कर देती है—जब भगत सिंह को पुलिस हर जगह ढूंढ रही थी, तब वे एक अंग्रेज साहब के वेश में, राजगुरु उनके नौकर के रूप में, और दुर्गा भाभी उनकी पत्नी के रूप में, अंग्रेज अधिकारियों के सामने से गुजर गए। कलकत्ता की ट्रेन में सवार होकर वे निकल गए, और अंग्रेज बस देखते रह गए। यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, बल्कि हकीकत थी—एक ऐसी हकीकत जिसमें न कोई स्क्रिप्ट थी, न रिहर्सल, और न ही दूसरा मौका। इस घटना से पहले की एक और कहानी भगत सिंह के जज्बे को दर्शाती है। अंग्रेज के वेश में आने के लिए उन्हें अपनी दाढ़ी और केश कटवाने थे—एक सिख के लिए यह सबसे बड़ा त्याग था। वे एक नाई के घर छिपते हुए गए और अपने केश काटने को कहा। नाई ने हाथ जोड़कर माफी मांगी, कहा कि वह एक सिख के केश नहीं काट सकता। तब भगत सिंह ने जो जवाब दिया, वह उनके व्यक्तित्व की गहराई को उजागर करता है—तुम केश की बात कर रहे हो, मैं देश के लिए अपनी गर्दन कटवाने को तैयार बैठा हूँ। यह सुनकर नाई का हृदय पिघल गया, और उसने उनके केश काट दिए। यह छोटी-सी घटना बताती है कि भगत सिंह के लिए देश की आजादी हर व्यक्तिगत बंधन से ऊपर थी। भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं थे, वे एक विचारक भी थे। उनकी सोच उनकी उम्र से कहीं आगे थी। जेल में लिखे गए उनके लेख, उनके पत्र, और उनकी डायरी आज भी हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हम वाकई आजादी के मायने समझते हैं। वे समाजवाद में विश्वास रखते थे और मानते थे कि आजादी का मतलब सिर्फ अंग्रेजों का जाना नहीं, बल्कि हर तरह के शोषण से मुक्ति है। उन्होंने लिखा था, मेरा कोई व्यक्तिगत लक्ष्य नहीं है। मैं चाहता हूँ कि मेरे देश के लोग सुखी हों, स्वतंत्र हों, और अपने भाग्य के मालिक हों। यह विचारधारा ही थी जिसने उन्हें फांसी के फंदे तक पहुँचाया, और यह विचारधारा ही थी जिसने उन्हें अमर बना दिया। 23 मार्च 1931 को जब वे फांसी पर चढ़े, तो उनके चेहरे पर कोई डर नहीं था। वे फांसी के तख्त तक मेरा रंग दे बसंती चोला गाते हुए आए और कहा जाता है कि उन्होंने हंसते हुए फंदे को चूमा और पूरे जोश से नारा लगाया, इंकलाब जिंदाबाद। उनकी शहादत ने न केवल अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया, बल्कि देश के हर कोने में आजादी की चिंगारी को और भड़का दिया। आज जब हम भगत सिंह को याद करते हैं, तो यह सवाल उठता है कि क्या हम उनकी कुर्बानी का मोल समझते हैं? आज का युवा सोशल मीडिया पर क्रांति की बातें करता है, लेकिन क्या वह उस जज्बे को जी सकता है जो भगत सिंह में था? उनकी शहादत हमें यह सिखाती है कि आजादी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी है अपने देश के लिए कुछ करने की, अपने समाज को बेहतर बनाने की। भगत सिंह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सोच, उनका साहस, और उनका बलिदान आज भी हमें प्रेरित करता है। वह एक व्यक्ति नहीं, एक विचार थे-एक ऐसा विचार जो कभी मर नहीं सकता। जब तक यह देश रहेगा, जब तक इंसाफ और आजादी की बात होगी, भगत सिंह का नाम गूंजता रहेगा। उनकी शहादत हमें याद दिलाती है कि जीवन का असली मोल तब है, जब हम इसे किसी बड़े उद्देश्य के लिए समर्पित कर दें। 23 मार्च 1931 की वह शाम केवल एक तारीख नहीं थी, बल्कि एक इतिहास था—एक ऐसा इतिहास जो हमें हर बार यह सिखाता है कि स्वतंत्रता की कीमत क्या होती है।

## 24 मार्च विश्व टीबी दिवस पर विशेष

# टीबी के खिलाफ तेज करनी होगी जंग

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक क्षय रोग (टीबी) रिपोर्ट 2024 जारी किया है। जिसमें 2024 में दुनिया की 99 प्रतिशत से अधिक आबादी और टीबी के मामलों वाले 193 देशों के डाटा की रिपोर्ट को शामिल किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्विक, क्षेत्रीय और देश स्तर पर टीबी महामारी एवं रोग की रोकथाम, निदान और उपचार में प्रगति का व्यापक व अद्यतन मूल्यांकन प्रदान करती है। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष के अनुसार 2023 में भारत में लगभग 25.2 लाख टीबी के मामले सामने आये थे। जो 2022 में 24.2 लाख मामलों से अधिक थे।**


रमेश सर्राफ धमोरा

भारत काफी लंबे समय से टीबी नामक बिमारी से जंग लड़ रहा है। लेकिन अब टीबी को लेकर एक डरावनी स्टडी सामने आई है। जर्नल प्लस मेडिसीन की स्टडी के मुताबिक भारत में अनुमान है कि 2021 से 2040 तक टीबी के 6 करोड़ केस और 80 लाख मौतें हो सकती है। स्टडी के मुताबिक भारत को इस बिमारी के चलते न सिर्फ जान का नुकसान होगा बल्कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 146 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन यूके के रिसर्चर ने कहा कि इसके चलते कम आय वाले मिडिल क्लास परिवार ज्यादा संकट में है। उनको स्वास्थ्य संबंधी बोझ झेलना पड़ सकता है। जबकि अमीर परिवारों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ सकता है। भारत और इंडोनेशिया में वर्ष 2021 से 2023 तक टीबी के वैश्विक मामलों में कुल वृद्धि 45 प्रतिशत थी। दुनिया के पांच देश भारत, इंडोनेशिया चीन, फिलीपींस, पाकिस्तान में टीबी के कुल वैश्विक मरीजो के 56 प्रतिशत थे। भारत में वर्ष 2015 से 2023 के मध्य टीबी के मामलों में 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2025 तक 50 प्रतिशत कमी के लक्ष्य से बहुत कम है। इसी प्रकार टीबी से संबंधित मौतों में 75 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले केवल 24 प्रतिशत की कमी आई है। वैश्विक स्तर पर 2023 में 82 लाख लोगों में टीबी के नए मामलें देखे गए। यह वर्ष 1995 में डब्ल्यूएचओ द्वारा निगरानी शुरू करने के बाद से सबसे अधिक संख्या है। 2023 में टीबी कोविड-19 को पीछे छोड़ते हुए पुन: प्रमुख संक्रामक रोग बन गया है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है। जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी (विश्व क्षय रोग) दिवस मनाया जाता है। इस दिन टीबी यानि तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पायेगी ।एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है।

इसके अलावा बीमारी का शुरुआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार द्वारा 500 रुपए प्रतिमाह नगद सहायता के रूप में दिए जा रहें हैं। टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं श्री अजय अरोड़ा जिन्होंने संघर्ष को बेहद करीब से देखा है,उससे घबराए नहीं और कामयाबी छीन कर एक मिसाल पेश की है समाज के युवाओं के लिए जो ये कहते हैं कि हमारी तो किस्मत खराब है। जी हां 30 जुलाई सन 1978 को अलवर में जन्में अजय अरोड़ा ने बचपन से ही संघर्ष के दौर देखे हैं इसलिए घबराए नहीं। अपना पुश्तैनी कबाड़े के काम में बचपन से ही मेहनत की,रिक्शा चलाकर कबाडा खरीदने पहुँच जाते थे लेकिन ईश्वर के साथ अपने कर्म पर विश्वास था इसलिए आज एमआईए में चार इंडस्ट्रीज हैं। पिताजी गाँव छोड़कर अलवर आ गए और कबाड़े का काम करने लगे। तीन भाईयों और एक बहन में अजय सबसे बड़े हैं इसलिए समय से पहले की जवान हो गए और अपने पिता के साथ परिवार का बोझ संभालने की जिम्मेदारी को पहचानने लगे। सन 1998 में इनका विवाह डीग की रहने वाली आशा के साथ हो गया। आशा इनके जीवन में पत्नी ही नहीं बल्कि उज्जवल भविष्य की आशा बन कर आईं। 2012 में कास्टिंग की पहली इंडस्ट्रीज लगाई जोकि आयशर के व्हील बनाते हैं। अपने भाईयों को खुद के पैरों पर खड़ा किया आज भी संयुक्त परिवार के रूप में सभी भाइयों के साथ अजय रहते हैं। उनका कहना है कि एकता में अद्भुत व आलौकिक शक्ति है हम मिलकर रहेगें तो शेर भी घबराएगा और अलग अलग रहे तो गीदड़ भी सताऐगा। जीवन में बस सब अच्छा होता चला जाता है जब मंशा अच्छी हो और ठाकुरजी का साथ हो। आज अजय जिला पुरूषार्थी समाज के जिला उपाध्यक्ष और युवा पंजाबी समिति के जिलाध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे हैं। बेटा होटल व्यसाय में कदम रख चुका है एक बेटी है जिसके हाथ पीले कर दिए हैं। ऐसे संघर्शशील युवा का दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उज्जवल भविष्य की कामना करती है।


अजय अरोड़ा
( जिलाध्यक्ष पंजाबी युवा समिति )

## 2025_077
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 1 | 7 | | 4 |
| | 5 | 8 | | 7 | | | | 1 |
| | | | | | 8 | 6 | | 2 |
| 9 | 3 | | 4 | | 5 | 2 | | |
| | | 2 | | 3 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| | 4 | 7 | 1 | | | 3 | | 6 |
| | | | | | 4 | 5 | | |
| 1 | 7 | | 6 | | 3 | | 2 | 9 |
| | 8 | 5 | | 2 | | | 1 | |

Ans_2025_076

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

### वृष
शारीरिक ताजगी और मानसिक प्रसन्नता का अभाव रहेगा। परिवार में उग्र वातावरण रह सकता है। सामाजिक जीवन में मानहानि का प्रसंग बन सकता है। आप रचनात्मक कामों में व्यस्त रहने वाले हैं। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा।

### मिथुन
उगाही एवं प्रवास के लिए आज का दिन अच्छा है। व्यापार से सम्बंधित कामों के लिए लाभदायी शुरुआत रहेगी। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। शेयर-सट्टे में आर्थिक लाभ होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

### कर्क
व्यापार में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आलस्य और चिंता बनी रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें। विरोधियों के साथ वाद-विवाद में न उतरें। आग और पानी वाली जगहों से बचकर रहें। दोपहर के बाद प्रत्येक काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे।

### सिंह
धार्मिक और सामाजिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। वाहन चलाने या नया कोई इलाज शुरू करने में आपको सावधानी रखना होगी। दफ्तर में आप का प्रभाव बढ़ता हुआ दिखेगा। धन हानि का योग है।

### कन्या
व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है। आय होने से आर्थिक कष्ट दूर हो जाएगा। लेन-देन के मामलों में लाभ होगा।

### तुला
कोई पुरानी चिंता दूर हो सकती है। लेखन या साहित्यिक प्रवृत्ति में आपकी विशेष रुची रहेगी। व्यापार में विकास होने से नई योजनाएं अमल में आएगी। फिर भी अधिकारी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे।

### वृश्चिक
आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। मन में जो दुविधा है, उसका निराकरण हो जाएगा।

### धनु
किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा। दोपहर के बाद आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

### मकर
आज धार्मिक कामों में आपकी रुचि रहेगी। व्यापार के लिए वातावरण अनुकूल रहेगा। आप के हर काम सरलता से पूरे कर सकेंगे। जीवन में भी आनंद बढ़ जाएगा। हताशा भी बढ़ सकती है। शेयर-सट्टे में पूंजी-निवेश कर सकते हैं।

### कुंभ
वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा।

### मीन
आज संपत्ति के कामों में बहुत ध्यान रखना होगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है। विरोधी परास्त होंगे। हालांकि वाणी पर नियंत्रण रखें। अति उत्साह में कुंटुंबजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन प्राप्ति का प्रबल योग है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

चौथ का बरवाड़ा का अस्पताल खुद ही बीमार

# स्टाफ और संसाधनों की कमी से जूझ रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथ का बरवाड़ा, मरीजों को हो रही परेशानी





बढ़ता राजस्थान

**चौथ का बरवाड़ा (चेतन परिहार)।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथ का बरवाड़ा पिछले कई काफी समय से खुद बीमार पड़ा है । यह बीमारी है स्टाफ की कमी ,सुविधाओं की कमी और आवश्यक उपकरणों की कमी जिसके चलते मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए एकमात्र स्वास्थ्य सेवा केंद्र है लेकिन स्टाफ व संसाधनों की कमी के चलते यह केंद्र मरीजों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने में असमर्थ प्रतीत हो रहा है ।

स्टाफ नर्स की कमी के चलते पिछले दिनों स्टाफ नर्स ने 2 घंटे की सांकेतिक हड़ताल भी की थी जिसके चलते मरीजों को बहुत परेशानी हुई थी , अगर डॉक्टर की बात करें तो यहां पर पांच डॉक्टर के पद स्वीकृत हैं ,जिनमें से तीन ही भरे हुए हैं बाकी दो पद खाली हैं , ग्रामीणों ने यहां पर और पद स्वीकृत करने की भी मांग की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के बावजूद भी यहां की लैब में पिछले 3 साल से भी अधिक समय से ऑटो एनालाइजर नहीं है ,जिसकी वजह से जांचों में काफी परेशानी आती है खासकर की कुछ जरूरी जांचे जैसे LFT ,KFT , लिपिड प्रोफाइल आदी तो हो ही नहीं पा रही है , ऐसे में मरीजों को इन जांचों के लिए निजी लेबों का रुख करना पड़ रहा है। और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

कई बार कुछ जांच करवाने के लिए 20 किलोमीटर दूर सवाई माधोपुर तक जाना पड़ता है। अस्पताल के पीछे कचरे का अंबार लगा है जहां बायोडिग्रेडेबल कचरा भरा पड़ा है, इस कचरे से 5 फीट की दूरी पर ही सब्जी मंडी है अधिकतर इस बायोडिग्रेडेबल कचरे में आग लगा दी जाती है जिससे आसपास के घरों व सब्जी मंडी में जहरीला धुआं जाता है और बीमारियां फैलने का डर बना रहता है। अस्पताल में कुछ संविदा कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन भी नहीं मिला है ऐसे में उनको भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में खुले में आवारा पशु भी घूमते रहते हैं । इस संबंध में सीएमएचओ सवाई माधोपुर अनिल जैमीनी का कहना है कि मेरे आने के बाद अभी तक एनालाइजर की मांग नहीं की गई है मैं चेक करवाता हूं और जल्द ही उपलब्ध करवाने की कोशिश करता हूं , और स्टाफ की कमी को भी जल्द से जल्द दूर किया जाएगा।

## करौली व सवाईमाधोपुर को पांचना बांध से सिंचाई का पानी देने के लिए करेंगे प्रयास : जल संसाधन मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर /सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गत दिवस विधानसभा में कहा कि कानून व्यवस्था संबंधी कारणों से करौली एवं सवाईमाधोपुर के किसानों को पांचना बांध से सिंचाई का पानी अब तक नहीं दिया जा सका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आपसी समझाइश से मामले को सुलझाने के प्रयास किये जाएंगे।

जल संसाधन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पांचना बांध से करौली एवं सवाई माधोपुर जिले में 9 हजार 985 हैक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए कमाण्ड क्षेत्र के काश्तकारों द्वारा उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई। इस संबंध में न्यायालय द्वारा इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के आदेश दिये गए। कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण इस आदेश की पालना नहीं की जा सकी। इसके अतिरिक्त गंभीर नदी बचाओ समिति द्वारा भी एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में दायर की गई है। वर्तमान में दोनों ही याचिकाएं संयुक्त रूप से उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर नदी को पुनर्जीवित करने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा। रावत ने कहा कि संशोधित पार्वती काली सिंध चम्बल लिंक परियोजना के अन्तर्गत 30 मध्यम एवं वृहद परियोजनाओं में पानी अपवर्तित किये जाने के साथ ही चैनल कैनाल के आस पास के अन्य तालाबों एवं बांधों में भी तकनीकी उपादेयता के अनुसार पानी भरा जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि परियोजना की डीपीआर केन्द्र सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा तैयार की जा रही है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही तालाबों और बांधों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इससे पहले विधायक श्रीमती ऋतु बनावत के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भरतपुर जिले से होकर बहने वाली गंभीर नदी एक बारहमासी नदी न होकर बरसाती नदी है। वर्तमान में करौली जिले में स्थित पांचना बांध के बरसात के दौरान ओवरफ्लो होने पर पानी छोड़े जाने अथवा नदी के पांचना बांध के डाउन स्ट्रीम के जल ग्रहण क्षेत्र से सृजित सतही जल प्रवाहित होने पर भरतपुर जिले में इस नदी में बहाव होता है। उन्होंने विगत वर्षों के दौरान भरतपुर जिले में बहे पानी के अधिकतम गेज का विवरण सदन के पटल पर रखा।

## आईसीडीएस विभाग और मिशन बुनियाद द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी का प्रशिक्षण दिया गया



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** महिला व बाल विकास विभाग सवाई माधोपुर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 'पोषण भी पढ़ाई भी' प्रशिक्षण प्रदान किया। यह प्रशिक्षण जिले की सभी परियोजनाओं में आयोजित किया गया। महिला व बाल विकास विभाग की उप निदेशक प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रॉकेट लर्निंग संस्था मिशन बुनियाद टीम के चितरंजन नामा और लविश सांखला का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और उसकी गुणवत्ता को समझना और उनके स्वास्थ्य से संबंधित पहलुओं को सुनिश्चित करना था, खासकर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के विकास के संदर्भ में। इस प्रशिक्षण में बाल विकास परियोजना अधिकारी हितेश सोनी, ऋषि मीणा, सुमन शर्मा, पारूल चौधरी, देशराज गुर्जर, समीक्षा शेखावत और सभी सुपरवाइजरों ने परियोजना स्तर पर नेतृत्व किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की शिक्षा और पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और कौशल प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया, ताकि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## "टीबी हारेगा देश जीतेगा" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक : कन्हैयालाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी शनिवार को टोंक जिला मुख्यालय पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने कृषि ऑडिटोरियम में विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। कैबिनेट मंत्री ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने जोर दिया। ''टीबी हारेगा देश जीतेगा'' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभियान को लेकर सरकार की मंशानुरूप चिकित्सकों व कार्मिकों को कार्य करने के निर्देश दिए। श्री चौधरी ने वर्ष 2023 में टीबी से मुक्त हुई जिले की 16 ग्राम पंचायतों के प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने बताया कि वर्ष 2024 के लिए भी जिले की 51 ग्राम पंचायतों के नाम जिला स्तरीय टीम द्वारा चयन कर भारत सरकार को भिजवाया गया है। भारत सरकार के स्तर पर निर्णय लिए जाने पर इन्हें टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा। पूर्व विधायक अजीत मेहता और चंद्रवीर सिंह चौहान ने भी अभियान को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी, डॉ. पीएमओ बीएल मीणा, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, सफाई आयोग के पूर्व सदस्य दीपक संगत, समेत चिकित्सा विभाग के अन्य अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

**विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण :** कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक में विकसित भारत युवा संसद-2025 के तहत एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में कहा कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। वर्तमान में भारत सबसे अधिक युवा आबादी का देश है। इसलिए युवा अपनी ऊर्जा देश निर्माण में लगाएं। श्री चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में बड़ी पहल है। युवा इस विषय पर संवाद कर अपने विचार व्यक्त करें।

इस दौरान पूर्व विधायक अजीत मेहता, चंद्रवीर सिंह चौहान, पूरण सिंह ने युवा शक्ति को देश के विकास एवं रचनात्मक कार्यों में अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, सफाई आयोग के पूर्व सदस्य दीपक संगत, सीईओ परशुराम धानका, प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा समेत महाविद्यालय के प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कार्मिक मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन श्याम मंदिर में आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रविवार को शहीदी दिवस के पावन अवसर पर इंदिरा कॉलोनी स्थित श्याम मंदिर में निवाई जीवन दाता फाउंडेशन एवं जगदंबा फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मनीष मीणा ने बताया कि सरदार भगत सिंह एवं सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। रक्तदाताओं को सम्मान पत्र एवं डोनर कार्ड वितरित किए जाएंगे।

## समाज के विकास में भामाशाह भागेदारी निभाएं : सीताराम अलियाबाद

महर्षि हारीत एकेडमी के पोस्टर का किया विमोचन, 31 मार्च से होगा शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अलियाबाद मोड़ पर स्थित अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज छात्रावास में शनिवार को छात्रावास समिति व हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद, जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया व समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद ने कहा कि समाज के विकास में भामाशाह अपनी भागेदारी निभाएं। जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया ने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है। समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा ने कहा कि मनुष्य की पहचान उसके समाज, संस्कार एवं शिक्षा से होती है। मजबूत समाज के निर्माण के लिए बालिका शिक्षा जरूरी है। जिला महामंत्री मांगीलाल महाराजपुरा ने बताया कि छात्रावास में सर्वसमाज के छात्र-छात्राओं के लिए 31 मार्च से कक्षा 8वीं तक के हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम महर्षि हारीत एकेडमी का शुभारंभ होगा। जिसमें प्रवेश प्रक्रिया सुचारू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संस्थान में कार्य हेतू प्रशिक्षित एवं अनुभवी अध्यापक व अध्यापिकाएं 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान महर्षि हारीत एकेडमी के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर टोंक तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण डरनायत खेडा, तहसील अध्यक्ष गोपीलाल शर्मा, मांगीलाल सरसिणया, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा, शंकरलाल बेद, बनवारीलाल शर्मा, भैरूलाल शर्मा, सत्यनारायण पंचोली चाकसू, संजय शर्मा, महेश सामोत्या, सुरेश सिंगवाडिया, मदन शर्मा बहकवा व अर्जुन शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित एवं सचिव समीक्षा गौतम के निर्देश पर शनिवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर माध्यमिक महर्षि विद्या आश्रम, मधुबन कॉलोनी खैरदा सवाई माधोपुर में जल संरक्षण के विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित जागरूकता शिविर में डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल वीरेन्द्र कुमार वर्मा तथा जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्ण पाल सिंह (केपी सिंह) ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बताया कि वर्तमान समय में पृथ्वी से जल तेजी से खत्म हो रहा है, ऐसे में जरूरी है कि इसे बचाने के लिए कुछ उपाय किए जाएं, नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पूरी दुनिया जल संकट से जूझती नजर आएगी। इसलिए पानी के संचय, ताजा पानी का महत्व तथा जल के प्रबंधन के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि पानी की आवश्यकता को देखते हुए आज पानी बचाना बेहद जरूरी है, यह हमारा मूलभूत संसाधन है, इसके बिना हमारे जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमें लोगों को जागरूक करना है कि पानी के बिना सभी जीवों के अस्तित्व पर संकट गहरा सकता है। जागरुकता शिविर में अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा एवं सुनिता जोनवाल ने भी उपस्थित विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान में भूमिगत जल के दोहन से जल का स्तर निरन्तर नीचे जा रहा है, जल हमारे बेहतर कल के लिए अत्यन्त आवश्यक है। इसलिए हमें जल का सदुपयोग करने एवं बूंद-बूंद जल बचाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया। इसी प्रकार अधीनस्थ तालुकाओं गंगापुर सिटी, खंडार, बौंली एवं बामनवास में भी पैनल अधिवक्ताओ और अधिकार मित्रों द्वारा जल संरक्षण एवं प्रबंधन के विषय पर जागरूकता शिविरों का आयोजन कर बेहतर कल के लिए लोगों को जल बचाने के लिए जागरूक किया गया ।

## अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी व राष्ट्रीय महामंत्री राहुल गौतम का निवाई में किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी व राष्ट्रीय महामंत्री राहुल गौतम का निवाई पहुंचने पर गौतम समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति अध्यक्ष जगमोहन गौतम, श्री गौतम नवयुवक मंडल अध्यक्ष रविंद्र गौतम, युवक संघ के जिला महामंत्री लोकेश जौंला व तहसील अध्यक्ष पंकज गौतम के नेतृत्व में समाज के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जोशी का माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जोशी ने कहा कि समाज की एकता से ही हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है। समाज को एकजुट कर हर कार्य में लगे रहना चाहिए। जिससे एकता दिखाई देने के साथ ही जो भी कार्य हाथ में लिया गया है उसे पूरा किया जा सके। गुर्जर गौड़ युवक संघ जिला महामंत्री लोकेश जौंला व तहसील अध्यक्ष पंकज सीदडा ने बताया कि स्वागत के दौरान मंडल के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, राजेश भट्ट, ओमप्रकाश शर्मा बड़ी वाले, डॉ देवेंद्र शर्मा रामनगर, विकास गौतम रजवास, ओमप्रकाश नेनवाड़ी, रोहित रामनगर, योगेश गौतम बरोनी व दिनेश बहड सहित समाज के सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## इंदिरा कॉलोनी में निकली ईसर व गणगौर की सवारी, छोटी बच्चियां बनी ईसर गणगौर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स.)।** शहर की न्यू इंदिरा कॉलोनी में 16 दिवसीय गणगौर हर्ष और उल्लास से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन महिलाएं और बालिकाएं सुबह ईसर व गणगौर की नियमित पूजा कर रही हैं। इसी क्रम में शाम को 5 बजे कालोनी के एक घर से बच्चों को दूल्हा और दुल्हन बनाकर और गणगौर को सजा के ढोल बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में कॉलोनी की प्रियंका जैन, सुमन गुप्ता, अनिता गुप्ता, राधा पारीक, अनु पारीक, रश्मि शर्मा, मोनिका, गुड्डी जैन व मीना जैन सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी। ईसर व गणगौर का कॉलोनी में नाच गाने के साथ जगह जगह स्वागत किया गया।

## कृषि में आधुनिक तकनीकी का करें प्रयोग : डॉ. अंशुमान शास्त्री

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स.)।** वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केन्द्र में जनजातीय उपयोजना के अन्तर्गत विद्यापीठ की कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री की अध्यक्षता में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। वह इसी प्रकार कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकी को अपनाकर अपने योगदान को बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि वनस्थली विद्यापीठ ने केवीके के माध्यम से किसानों को सदैव आगे बढ़ाने का कार्य किया है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम में जनजातीय किसानों को विभिन्न प्रदर्षन सामग्री-बीज भण्डारण टैंक, हरे चारे के बीज कीट तथा बकरी पालन के लिए पशु प्रदान करते हुए किसानों की आमदनी बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंटर ऑफ आर्टिफिशयल इन्टीलीजेन्स वनस्थली के निदेशक डॉ. अंशुमान शास्त्री ने कहा कि किसानों के लिए कृषि में ड्रोन तकनीकी के प्रयोग-पोषक तत्वों के छिडकाव, कीटनाषकों के छिडकाव एवं ग्रामीण किशोरियों व महिलाओं के लिए भविष्य में ड्रोन के प्रशिक्षण की शुरूआत वनस्थली विद्यापीठ पर की जाएगी। प्रशिक्षण से कृषक महिला रोजगार प्राप्त करके अपने परिवार का समग्र विकास कर सकती है।

# शहीद भगत सिंह बलिदान दिवस समारोह आज

## रंग मंडल भोपाल की टीम आज करेंगी इंकलाब का सैलाब नाटक का मंचन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी शहीद भगत सिंहए सुखदेव एवं राजगुरु का 94 बलिदान दिवस समारोह रविवार को जोश. खरोश के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में भगत सिंह चौराहे को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शहीद भगत सिंह बलिदान दिवस समारोह समिति के सचिव प्रमोद मलिक ने बताया कि रविवार को प्रात: आठ बजे शहीद भगत सिंह चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर आजादी के आंदोलन में शहादत देने वाले सभी वीरों को नमन किया जाएगा। बलिदान दिवस समारोह कार्यक्रम की शुरुआत हुकम चंद कव्वाल एंड पार्टी के क्रांतिकारी गीतों से होगी। कार्यक्रम के मुखय अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथियों में अपना घर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी, सार्वजनिक गौशाला समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, समाज सेवी डॉ.एस.सी मितल, कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव हरिशंकर रावत, संयुकत व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हरमीत मेहंदीरता,समाज सेवी दिनेश भार्गव, शशांक झालानी,अमरजीत सिंह बिट्टू और अशोक आहूजा होंगे।

नाटक का मंचन:-23 मार्च को शाम साढ़े पांच बजे महावर ऑडिटोरियम में आयोजित मुखय कार्यक्रम में कर्मवीर सिंह राजपूत के निर्देशन में नाटक इंकलाब का सैलाब .शहीद भगत सिंह का मंचन होगा। इस अवसर पर पिछले दिनों हुई चित्रकला एनिबंध ए भाषण एवं राष्ट्र भकित कविता.गीत, प्रतियोगिताओं में विजेता रहे 64 छात्र व छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सममानित किया जाएगा।

# वन मंत्री ने बाबू शोभाराम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के पैनोरमा व आई स्टार्ट लॉन्च पैड कक्ष का किया उद्घाटन

- वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले 125 प्रतिभाओं को किया सम्मानित
- महाविद्यालय में बोरिंग, आंतरिक सडक व रोड लाइट तथा कक्षा-कक्ष बनवाने की घोषणा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शिरकत की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के पैनोरमा व आई स्टार्ट लॉन्च पैड कक्ष का उद्घाटन किया। मंत्री शर्मा ने महाविद्यालय में राज्य के पहले राष्ट्रीय सेवा योजना पैनोरमा की स्थापना की विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा का विशिष्ट स्थान है। इसी सेवाभाव को विद्यार्थियों को आत्मसात करने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार शुक्रवार को ही देश में पहली बार वन विभाग के द्वारा विकसित 'डीजी-वन-फॅारेस्ट स्टैक' ऐप का शुभारम्भ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने किया है। उन्होंने पैनोरमा निर्माण में एनएसएस सेवा के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार के साथ मिली राशि के 2 लाख रूपये समर्पित करने वाली महाविद्यालय की प्रो. डॉ. सरोज मीणा को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि आई स्टार्ट लॉन्च पैड कक्ष की स्थापना से महाविद्यालय में विद्यार्थियों को स्टार्टअप के आइडिया मिल सकेगा जो कि एक बेहतर प्लेटफॅार्म साबित होगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ रोजगार प्रदाता भी बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार समन्वित भाव से कार्य कर रही है, जिसमें शिक्षा का विषय अग्रिम पंक्ति में है।

**ये की घोषणाएं :** उन्होंने महाविद्यालय में विधायक निधि कोष से एक बोरिंग, आंतरिक सडक व रोड लाइट तथा विधि महाविद्यालय में 14 लाख रूपये की लागत से कक्षा-कक्ष बनवाने की घोषणा की तथा अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव से आग्रह कर उनके महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी बनवाई जावेगी।

साथ ही उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रदेश के वन्य अभयारण्यों में नि:शुल्क भ्रमण की व्यवस्था कराई जावेगी ताकि प्रकृति को समझने व सीखने का अवसर विद्यार्थियों को मिल सकेगा।

**विद्यार्थी हित में समर्पित सरकार :** उन्होंने कहा कि जिले व आसपास के विद्यार्थियों को देखकर सीखने का अवसर मिल सके इसी उद्देश्य से अलवर के विज्ञान नगर में 25 करोड रूपये की लागत से विज्ञान केंद्र तथा 15 करोड रूपये की लागत से तारामंडल बनवाने की बजट घोषणा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को आग्रह कर कराई गई है। इसी प्रकार एनसीआर के सबसे बडे चिडिया घर के रूप में कटी घाटी के पास बायोलॉजिकल पार्क विकसित कराया जा रहा है जिसमें बच्चों को वन व वन्य जीवों के बारे में देखने व समझने का अवसर मिल सकेगा। इस दौरान राजर्षि महाविद्यालय के प्राचार्य गोपीचंद पालीवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र मीणा, पं. जले सिंह, सतीश यादव, राजेन्द्र कसाणा, सतपाल यादव, सोनू चौधरी सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर्स एवं बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# धारूहेड़ा की नाइट मास्टर्स टीम ने 40 रन से मैच जीता

## मैन ऑफ द मैच अनूप गुज्जर, बेस्ट बल्लेबाज सचिन तंवर, बेस्ट फाइटर मोनी कसाना, बेस्ट गेंदबाज निखिल और दीपक कौशिक बने

बढ़ता राजस्थान




**खैरथल/तिजारा( मुकेश शर्मा )।** भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब, सर्व सेवा संस्थान और मानव मंगल विकास समिति के सदस्यों द्वारा धारूहेड़ा की नाइट मास्टर्स और भिवाड़ी की रॉयल स्पार्टन की क्रिकेट टीमों में 20-20 मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन एवीएस क्रिकेट अकैडमी ग्राउंड भिवाड़ी मोड़ के पास माहेश्वरी में किया गया! एवीएस ग्राउंड के संचालक अनूप यादव ने बताया कि धारूहेड़ा की नाइट मास्टर्स के कप्तान अंकुश नागपाल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 233 रन बनाए, जिसमें अनूप गुज्जर ने बेहतरीन 95 रन, हर्षद चौधरी ने 29 रन, भावेश ने 29 रन और शुरू में जल्दी दो विकेट गिरने के बाद दिनेश बेदी ने 25 गेंदों में 36 रन बनाए जिसमें ताबड़तोड़ आठ चौके लगाकर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दी, भिवाड़ी की रॉयल स्पार्टन के गेंदबाज अरुण भूटानी और संजय यादव ने 2-2 विकेट, सचिन तंवर, निशांत राव और संदीप चौधरी ने 1-1 विकेट लिया! इसके जवाब में रॉयल स्पार्टन टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 193 रन ही बना सकी और धारूहेड़ा की नाइट मास्टर्स ने 40 रन से मैच जीत लिया जिसमें रॉयल स्पार्टन के बल्लेबाज सचिन तंवर ने संघर्ष करते हुए 97 रन की लाजवाब पारी खेली, मोनी कसाना ने शानदार 71 रन बनाए इसके अलावा सभी बल्लेबाज कुछ ज्यादा नहीं कर सके! धारूहेड़ा के नाइट मास्टर्स के गेंदबाज निखिल और दीपक कौशिक ने 3-3 विकेट, अनूप गुज्जर ने 1 विकेट हासिल किया! भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब, सर्व सेवा संस्थान एवं मानव मंगल विकास समिति के सदस्यों द्वारा सभी खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट दी गई। इस मौके पर दिनेश बेदी, अभिषेक राठी, विनीत मित्तल, अंकुश नागपाल, अरुण भूटानी, हनी, संदीप चौधरी, सनी चौधरी, मोनी कसाना, सचिन तंवर, सोनू कसाना, गौरव जोशी, अनूप गुज्जर, हर्षद, संदीप, अंकित, विजय, संजय सौरभ, विवेक एवं भिवाड़ी स्पोर्ट्स क्लब, सर्व सेवा संस्थान और मानव मंगल विकास समिति के कई सदस्य एवम एवीएस क्रिकेट अकैडमी कई खिलाड़ी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दो दिवसीय ढांचा, पद दंगल में पौराणिक एवं धार्मिक कथाएं सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** पंचायत समिति क्षेत्र के सकट कस्बे की बड़ी बाड़ी सैनीयो के बास में स्थित सेढ माता मंदिर पर सैनी सेंढ सेवा समिति सकट के तत्वधान में 14 वा दो दिवसीय ढांचा व पद दंगल एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सैनी सेंढ सेवा समिति के पदाधिकारी बाबू लाल व कल्याण सहाय पंच ने बताया कि ढांचा व पद दंगल कार्यक्रम मे सुरेश भांडारेज, कृष्ण नीरपुर, राकेश बटवाड़ी, कमलेश मीणा खेड़िया,रामोतार सैनी गुढ़ाचंद्रजी व श्याम सैनी गढ़मोरा एंड पार्टियों के कलाकारों द्वारा चौथ माता की व्रत की कथा, सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की कथा, रुक्मणी विवाह की कथा के साथ ही पद पार्टियों के द्वारा ढप ढोलक वह मंजीरो की थाप के साथ पौराणिक एवं धार्मिक लोक कथाएं सुना कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। साथ ही ढांचा व पद दंगल कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही नशा मुक्ति व दहेज प्रथा रोकने के लिए गायन के माध्यम लोगों को संदेश दिया गया। इस दौरान भजनों पर जयपुर की डांसर कलाकार निशा व चंचल ने नृत्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नाथलवाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश मंडावरी व सरपंच मालती देवी सैनी के द्वारा चौथ माता की प्रतिमा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व फीता काट कर किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सकट गांव सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोग पहुंचे और पंगत में बैठकर भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे सभी अतिथियों का कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मंच का संचालन सरपंच प्रतिनिधि फूलचंद सैनी के द्वारा किया गया। इस मौके पर सैनी महासभा महामंत्री बोदन लाल, गिर्राज प्रसाद मैदानी, बेनी प्रसाद पार्षद पूर्व शहर अध्यक्ष भाजपा, रामफूल सैनी सचिव सैनी धर्मशाला, लक्ष्मी नारायण, राधेश्याम सैनी, जुगल किशोर सैनी, भगवान सहाय, उमेश करोड़ीवाल, रेवडमल सैनी, झंडू राम सैनी, जगदीश मीणा, मांगीलाल सैनी, मोतीलाल गुर्जर, हजारी लाल सैनी, रामस्वरूप सैनी, रामोतार सैनी, मान्या राम सैनी, रामकरण पंच, बिहारी सैनी, राम सहाय सैनी, गोपाल प्रसाद लाटा, सत्यनारायण महेश्वरी, चंद्रशेखर चौधरी, रतन लाल मंडावरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आरटीई में दाखिले के लिए 25 मार्च से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन, टाइम फेम जारी




बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** निजी विद्यालयों में निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा (12)(1)(ग) के अन्तर्गत गैर सरकारी विद्यालयों में सत्र 2025 26 हेतु निशुल्क प्रवेश के लिए दिशानिर्देश शिक्षा विभाग ने शनिवार को जारी कर दिए। गौरतलब है कि अभिभावक पिछले कई दिनों से आरटीई के तहत नि-शुल्क प्रवेश की विज्ञप्ति जारी करने की मांग कर रहे थे। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए गैर सरकारी विद्यालयों में एन्ट्री कक्षा पीपी 3+, तथा कक्षा-1 में ही बच्चों को निशुल्क प्रवेश मिलेगा। ब्लॉक एमआईएस राजकुमार गुप्ता ने बताया कि निजी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 25 मार्च से नि-शुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सभी निजी विद्यालयों को 24 मार्च तक विद्यालय प्रोफाइल अपडेशन करने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत 25 मार्च से 7 अप्रैल तक अभिभावकों द्वारा आरटीई पोर्टल पर आनलाइन आवेदन व दस्तावेज अपलोड करने होंगे। वहीं 9 अप्रैल को आनलाइन लॉटरी द्वारा बालकों का वरियता क्रम निर्धारण होगा। 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक अभिभावकों को विद्यालयों में आनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। निजी विद्यालयों को उसकी एन्ट्री कक्षा में प्रवेशित बालकों के 25 प्रतिशत सीटों पर असुविधाग्रस्त समूह एवं दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों को प्रवेश देना होगा।

# निजी विद्यालयों की बैठक में सीबीईओं ने दिए निर्देश, बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

## अपार आईडी, लाड़ो प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** शनिवार को शिक्षा विभाग की ओर से निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की बैठक पुराना राजगढ़ रोड़ पर स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश स्कूल में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बैठक में उपस्थित संस्था प्रधानों को विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय संचालन करने, मान्यता से अधिक कक्षा संचालित करने, विभागीय अनुमति के स्थान परिवर्तन करने, यू डाइस पोर्टल पर अपार आईडी शत प्रतिशत जनरेट करवाने, विद्यालयों में फायर सेफ्टी लगवाने, नवीन भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र बनाने, विद्यालय सोसायटी आनलाइन करवाने, शिक्षा विभागीय कैलेण्डर अनुसार विद्यालय परीक्षा आयोजन करवाने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। बैठक में ब्लॉक एमआईएस राजकुमार गुप्ता ने निजी विद्यालयों में सत्र 2025-26 नि- शुल्क शिक्षा के तहत प्रवेश प्रक्रिया के तहत विद्यालय प्रोफाइल अपडेशन, टीचर माड्यूल अपडेशन,लाड़ो प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं टहला में टहला क्षेत्र के निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विद्यालयों के खिलाफ कारण बताओं नोटिस जारी किए गये। बैठक में उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार मीना, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मदनलाल शर्मा, महामंत्री मोहनलाल सैनी, ओमप्रकाश शर्मा, चिरंजीलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा, हेमंत सैनी, दिनेश सैन, मुकेश मण्डावरी सहित निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधान मौजूद रहे।

**इनका कहना :** ब्लॉक में बिना मान्यता संचालित करने वाले विद्यालय, विभागीय मान्यताओं से अधिक कक्षा संचालित करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में शिक्षा विभाग के कलैंडर अनुसार विद्यालय संचालन के निर्देश दिए हैं। बैठक में ब्लॉक के निजी विद्यालयों के 15 संस्था प्रधान अनुपस्थित रहे हैं उनको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

**लीलावती मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

# प्रदेश में बृते तापमान से बढ़ेगा बिजली संकट,बिजली तंत्र पूरी तरह से फेल, लेकिन सरकार चर्चा तक नहीं कराना चाहती : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश में बढता पारा प्रदेश की जनता के लिए बिजली संकट को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में बढते तापमान के कारण प्रदेश में बिजली की मांग तेजी से बढेगी, लेकिन मांग के अनुरूप बिजली की उपलब्धता नहीं होने के कारण राजस्थान प्रतिवर्ष बढी ही कीमत पर दूसरे राज्यों से बिजली खरीदता है। तापमान बढने के साथ ही उर्जा विभाग द्वारा व्यवस्था करने में विफलता के कारण उपभोक्ताओं के लिए विद्युत की कमी हो सकती है, जिससे किसान और घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही औद्योगिक उत्पादन पर भी काफी असर पड़ेगा। जूली ने कहा कि राजस्थान देश के उन राज्यों की सूची में शामिल हैए जहां औद्योगिक श्रेणी की बिजली दर अपेक्षाकृत ज्यादा है। पड़ोसी राज्य गुजरात की तुलना में यहां करीब 3 रूपये यूनिट तक ज्यादा महंगी बिजली मिल रही है। राइजिंग राजस्थान को लेकर अतिउत्साहित होने वाली सरकार को वस्तुस्थिति से रूबरू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा न हो कि पड़ोसी राज्यों से महंगी बिजली की वजह से निवेशक मुंह मोड लें। बढती मांग और आपूर्ति के बीच अन्तर बढेगा और बिजली की हाईवोल्टेज डिमाण्ड के बीच फॉल्टए ट्रिपिंग और वोल्टेज की दिक्कतें लोगों को परेशान करेंगी। जूली ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बिजली की हालत बहुत खराब है और सरकार की कोई तैयारी नहीं है। वह अकर्मण्य और लापरवाह बनी हुई हैं। अपनी विफलता का दोष कांग्रेस सरकार पर मढ़ने के अलावा इस सरकार के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। जूली ने कहा कि विधान सभा का सत्र चल रहा है और प्रतिपक्ष द्वारा लगातार बिजली पर चर्चा की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार बहुमत की ताकत पर विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। सरकार का ध्यान आकर्षित किए जाने के बावजूद सरकार बिजली पर चर्चा नहीं करवाना चाहती हैए अपनी कमजोरी और विफलता को छिपाने के लिए सदन से भागने की तैयारी कर चुकी है।

## जिला कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, विभागीय योजनाओं कि प्रगति बढ़ाने के निर्देश

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को किया जाए लाभान्वित-जिला कलेक्टर

## जिले में अब तक फार्मर रजिस्ट्री कैंप के माध्यम से 65423 किसानों को किया गया लाभान्वित, 15 अप्रैल से शुरू किया जाएगा अभियान सेहत खैरथल-तिजारा

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल/तिजारा( मुकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को विभागवार अधिकारियों एंव वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्ट्रेट सभागार में उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर ने अभियान सेहत खैरथल-तिजारा कि कार्ययोजना बनाकर 15 अप्रैल से शुरू करने के निर्देश दिए। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव में मोबाइल मेडिकल टीम जाएगी तथा टीम द्वारा ग्रामीणों की विभिन्न मेडिकल जांच की जाएगी साथ ही ग्रामीणों को अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही आगामी गर्मियों को देखते हुए कंटीन्जेंसी कार्यों के टेंडर कर पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही उपखंड एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यालय को प्राप्त जिला मुख्यालय तथा सासंद / विधायक / जनप्रनिधि द्वारा प्रेषित शेष परिवादों / प्रकरणों की समीक्षा कर जवाब भिजवाने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में सामाजिक न्याय सुरक्षा पेंशन के भौतिक सत्यापन की समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई करते हुए शेष प्रकरण का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोडा एक्ट में की गई वसूली तथा सी.आर.पी.सी. के बकाया प्रकरणों की समीक्षा कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में अब तक हुए रजिस्ट्रेशन की समीक्षा कर प्रोग्रेस को बढ़ाकर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए । बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, डीटीओ परिवहन विभाग राजीव चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं बीडीओ मौजूद रहे।

# रखरखाव के कारण आज रहेगी बिजली बंद

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** 132 केवी जीएसएस पर आवश्यक कार्य व मेंटेनेंस को लेकर रविवार को प्रात: 10.30 बजे से 1.30 बजे तक बिजली बन्द रहेगी। सहायक अभियंता नरेंद्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि इसके चलते 33 केवी राजगढ़, माचाडी, तालाब, धमरेड, इंड्रस्ट्रीयल एरिया व बांदीकुई फीडर की बिजली बंद रहेगी। बिजली बंद रहने से राजगढ़ कस्बा, थाना गांव, धमरेड, तालाब, टहला, माचाडी, पलवा, पाटन व सकट सहित आसपास के क्षेत्र की बिजली बंद रहेगी।

## भाजपा के जयपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में राकेश जैन ने भी की शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा(का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार सुबह जयपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मंत्री प्रेमचंद बैरवा आदि भी शामिल रहे। इसमें भाजपा कोटा के जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने भी शिरकत की। राकेश जैन ने मुख्यमंत्री शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ को दुपट्टा व साफा पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। चंदन का टीका लगा व फूल बरसा कर होली भी खेली। इस अवसर पर वहां मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने भी एक दूसरे को चंदन का टीका लगाया व गले मिल कर होली की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, प्रदेश मंत्री अनुसुईया गोस्वामी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला महामंत्री मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींचीं, केशवपुरा मंडल अध्यक्ष दीनू बंजारा व आरकेपुरम मंडल अध्यक्ष अक्षय चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष राठौड ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। अन्य सभी वक्ताओं ने भी सरकार की योजनाओं से जनता को अधिकाधिक लाभान्वित किए जाने की आवश्यकता जताई।


# इलाज के बहाने महिला को मस्जिद में बुलाया, नशीली दवा पिलाकर किया दुष्कर्म,वीडियो-फोटो दिखाकर करता रहा ब्लेकमैल, धर्म बदलने का भी डाला दबाव

### अजमेर जिले में कुछ ही दिन में लव जिहाद का दूसरा बड़ा मामला सामने आने से उठ रहे कई सवाल

बढ़ता राजस्थान

**एनसीआई अजमेर।** राजस्थान के अजमेर जिले के बिजयनगर के ब्लेकमैल कांड की आग अभी तक सुलग रही है। इसमें भी मुस्लिम लड़के, हिन्दू लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उनके अश्लील वीडियो-फोटू बना, ब्लेकमैल कर हवस का शिकार बना रहे थे। इनसे रुपए भी मंगवाते थे। एक दर्जन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

इसी बीच अजमेर जिले के ही किशनगढ़ में लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता हिन्दू विवाहिता ने मदनगंज थाने में साजिद नामक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने



आरोप लगाया है कि साजिद ने इलाज के बहाने उसे कुचील की मस्जिद में बुलाया और वहां नशीली दवा पिलाकर अपनी हवस का शिकार बनाया।

**पीड़िता के हाथ पर जबरन गुदवा दिया अपना नाम :** इसके बाद, साजिद पीड़िता को अपनी बुआ के फार्म हाउस पर ले गया और वहां उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। इसके अलावा साजिद ने पीड़िता के हाथ पर जबरदस्ती अपना नाम तक गुदवा दिया। इस दौरान साजिद पीड़िता को उसके न्यूड फोटो-वीडियो के ज़रिए ब्लेकमैल करता रहा।

इस तरह, साजिद ने पीड़िता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और उसे अपने नियंत्रण में रखने के लिए हर सम्भव तरीका अपनाया। आखिरकार परेशान होकर पीड़ित महिला ने समाज के लोगों को साथ ले जाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस घटना के सामने आने के बाद से समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह इस पूरे मामले को देख रहे हैं। यह मामला लव जिहाद का एक और उदाहरण है, जिसमें आरोपी साजिद ने पीड़िता को अपने जाल में फंसाने के लिए धोखे और जबरदस्ती का इस्तेमाल किया।

#### मार्बल नगरी के नाम से विख्यात है किशनगढ़

उल्लेखनीय है कि किशनगढ़ राजस्थान की मार्बल नगरी के नाम से विख्यात है। यहां किशनगढ़ डम्पिंग यार्ड भी है। किशनगढ़ में डम्पिंग यार्ड का निर्माण-मार्बल औद्योगिक क्षेत्र से रोज हजारों लीटर मार्बल और ग्रेनाइट स्लेरी निकलती है। यह अनुपयोगी होती है। मार्बल पत्थर और ग्रेनाइट को काटने के दौरान निकलने वाले पाउडर को स्लेरी कहते हैं।

## हिन्दू नववर्ष की तैयारियां जोर-शोर से जारी, आयोजन को ऐतिहासिक बनाना लक्ष्य, कार्यकर्ताओं में दिख रही अपार धार्मिक आस्था

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर में इस बार हिन्दू नव वर्ष का आयोजन ऐतिहासिक होना तय है। गत वर्षों से अलग इस बार प्रत्येक आयोजन समिति में एक अलग ही उत्साह देखा जा रहा है। सभी इस बार के नव वर्ष आयोजन को पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक भव्य बनाने का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। इस लक्ष्य को साधने में जुटे हुए सभी कार्यकर्ताओं में देश की सभ्यता-संस्कृति के प्रति अपार आस्था देखने को मिल रही है।



### हिन्दू नववर्ष की तैयारियों के लिए महावीर नगर प्रथम में आयोजित हुई बैठक

हिन्दू नववर्ष नव संवत्सर 2082 की तैयारियों को लेकर महावीर नगर प्रथम एवं गोबरिया बावड़ी की बैठक वीर हनुमान मंदिर पर आयोजित की गई। महावीर नगर प्रथम एवं गोबरिया बावड़ी नव संवत्सर कार्यक्रम संयोजक रामरतन बैरवा ने बताया कि बैठक विवेकानंद संघ चालक सत्यनारायण कासट ने ली। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को सेवन वंडर्स पर भव्य स्वदेशी मेला आयोजित किया जाएगा। 30 मार्च को भव्य शोभा एवं कलश यात्रा दशहरा मैदान से श्रीनाथपुरम् स्टेडियम तक निकाली जाएगी। कलश यात्रा कोटा के इतिहास में सबसे बड़ी होगी। इसमें 51 हजार छोटे एवं बड़े कलश रहेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों को नव संवत्सर कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में सभी प्रबुद्ध नागरिकों ने नव संवत्सर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने विचार रखें। बैठक में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र गौतम, सत्यनारायण सेन, पार्षद विनय कुमार डैनी, डॉ. एलएन शर्मा, बृजेश माहेश्वरी, संजय शर्मा, महेश शर्मा, राजेश गुप्ता आदि शामिल रहे ।

### गायत्री नगर प्रखंड की आज होगी बैठक, तैयारियों पर होगी चर्चा

हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2082 के स्वागत की तैयारियां कोटा शहर में जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस अवसर पर 30 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गायत्री नगर प्रखंड द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। गायत्री नगर प्रखंड संयोजक महावीर प्रसाद नायक (बिल्लू) ने बताया कि आयोजन पूर्व बोरखेड़ा क्षेत्र की एक विशाल सभा का आयोजन 23 मार्च, रविवार को अपराह्न 3 .30 बजे कंचन रिजॉर्ट, थेकड़ा रोड, बोरखेड़ा में किया जाएगा। 30 मार्च की शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए बैठक में बोरखेड़ा क्षेत्र के सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। नायक ने सभी से अनुरोध किया है कि वे इसमें शामिल हों। प्रखंड संयोजक ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य होगी। इसमें विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।



## राधा-कृष्ण की झांकी और भजनों से होली मिलन समारोह में भाव विभोर हुए श्रद्धालु

### लायंस क्लब कोटा की ओर से फागोत्सव का आयोजन, उत्साह और हर्षोल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** लायंस क्लब कोटा की ओर से शनिवार को लायंस क्लब में पूर्ण भक्ति भाव से फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी सजाई गई। जिसने सभी सदस्यों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में भजन, नृत्य और रंगों के माध्यम से होली के त्योहार का आनंद उठाया गया। क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय ने अपने स्वागत भाषण में सभी सदस्यों और अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि, यह त्योहार हमें सद्भावना, प्रेम और एकता का संदेश देता है।फागोत्सव हमारी संस्कृति की समृद्धि का प्रतीक है। लायंस क्लब कोटा हमेशा से ही सामाजिक सरोकारों और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास करता रहा है।

**भजन गायक ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां :** कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने गणेश वंदना से शुरुआत करते हुए राम भगवान के भजनों का गायन किया। उनके द्वारा गाए गए भजन मोहन आयो तो सही... गिरधर आयो तो सही... माधव के मंदिर में एकली खड़ी, सब खेलेंगे फाग, चलो रंगीलो आयो रे आदि ने सभी को भक्ति भाव से झूमने पर मजबूर कर दिया।

**आमसभा का आयोजन :** फागोत्सव से पूर्व लायंस क्लब की आमसभा का आयोजन भी किया गया। इसमें अध्यक्ष प्रमोद विजय, सचिव विरेन्द्र विजय और कोषाध्यक्ष शिव नुवाल मंचासीन रहे। बैठक में सचिव वीरेन्द्र विजय ने पिछले माह किए गए कार्यों की पुष्टि करवाई। इस अवसर पर सीपी विजय को वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सेकंड के पद के लिए सर्वसम्मति से नामांकित किया गया। बैठक में क्लब द्वारा आगामी महीनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया।

**मत व समर्थन मिलने पर जताई खुशी :** कार्यक्रम में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सेकंड पद के लिए नामांकित सीपी विजय ने अपने सम्बोधन में कहा, लायंस क्लब के साथ मेरी यात्रा कई वर्षों से चली आ रही है, और इस दौरान मैंने समाज सेवा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य करने का अवसर पाया है। विजय ने अपने जनसम्पर्क अभियान के बारे में कहा, मुझे खुशी है कि सदस्यों का मत और समर्थन मिल रहा है। मैं जोधपुर और उदयपुर का दौरा पहले ही कर चुका हूं। आने वाले दिनों में ब्यावर, जैसलमेर, डूंगरपुर और बालोतरा में भी जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा।

**सर्वेश काबरा रहे मुख्य अतिथि :** होली समारोह के मुख्य अतिथि सर्वेश्वर काबरा रहे। इस अवसर पर क्लब के प्रमुख सदस्य सुरेश बंसल, टीसी गुप्ता, सीपी विजय, नारायण कालानी, पवन पारेता, कोषाध्यक्ष शिव नुवाल, रमेश शर्मा, जितेन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य और उनके परिवारजन मौजूद रहे।

## कोटा नागरिक सहकारी बैंक संचालक मंडल एवं मैनेजमेंट कमेटी की बैठक 8 नए बोर्ड सदस्य बने, 12 सदस्यों को 1 करोड़ के ऋण वितरित

### -बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने जनता से ओटीएस योजना का लाभ उठाने की अपील की

बढ़ता राजस्थान



**कोटा(का.स.)।** कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि.कोटा के संचालक मंडल व ऋण कमेटी की बैठक रावतभाटा रोड स्थित प्रधान कार्यालय पर आयोजित की गई। बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने इसकी अध्यक्षता की। बैंक की प्रबंध संचालक बीना बैरवा ने बताया कि बैठक में सीआरआर व एसएलआर की अनुपालना, ओटीएस योजना, बैंक के फंड मैनेजमेंट की समीक्षा, मासिक तुलनात्मक समीक्षा, साइबर सिक्योरिटी, जमाओं की समीक्षा, एनपीए वसूली, बैंक ग्राहक सेवा, सुरक्षा व्यवस्था, इंटर ब्रांच व बैंक रिकन्सिलेशन, लॉकर बीमा, समीक्षा व प्रतिभूति निवेश सहित 39 बिंदुओं के एजेंडे पर बोर्ड व बोम सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बोर्ड उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाड़ा, संचालक राकेश जैन, सुरेश चंद्र काबरा, महेन्द्र कुमार, महावीर सुवालका, अशोक मीना, ओम प्रकाश मेहरा, शैलेन्द्र ऋषि, नंदलाल प्रजापति, सहवरित संचालक नवनीत जाजू, प्रेम भाटिया, अरुण भार्गव सहित महिला संचालक पद्मिनी हाड़ा, तनीशा बादल और बोम अध्यक्ष ओम माहेश्वरी, बोम सदस्य सुरेन्द्र गोयल, विचित्र नितिन विजयवर्गीय व जगदीश जिंदल भी मौजूद रहे।

**ओटीएस योजना का मिला लाभ :** बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि ऋण धारकों को लाभ देने के लिए बैंक ने एकमुश्त ऋण राहत समझौता योजना 2019 (संशोधित) लागू की है। डिफाल्टर खातों को इस योजना का लाभ उठाकर अपना बकाया ऋण चुका कर छूट का लाभ उठाना चाहिए। बिरला ने कहा कि जो व्यक्ति इस योजना में पैसा जमा करवाएगा, वही ओटीएस योजना का भागीदार बनकर छूट प्राप्त कर सकता है।

**न्यूनतम ब्याज दरों का उठाएं लाभ :** बिरला ने कहा कि कोटा नागरिक सहकारी बैंक में न्यूनतम ब्याज दरों पर ऋण की सुविधा उपलब्ध है। कोटा की जनता को अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ मिल सके, इसके लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी। अन्य बैंकों की तुलना में सावधि जमाओं पर ब्याज दर भी अधिक दी जा रही है। कोटा की जनता को इसका अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए।

प्रबंध संचालक बीना बैरवा ने बताया कि बैठक में 8 सदस्यों को बोर्ड ने सदस्यता की मंजूरी दी और 12 सदस्यों को 1 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए।

## 'म्हारो खातो-म्हारो बैंक' कार्यक्रम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : राठौड़

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान




**कोटा(का.स.)।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर एक में सहकारिता विभाग, कोटा की ओर से म्हारो खातो-म्हारो बैंक के रूप में एक विशेष सहकारी कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सहकारिता विभाग के विभिन्न राजकीय कार्यालयों तथा कोटा स्थित अनेक सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा-बूंदी जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ रहे। अध्यक्षता अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, कोटा खंड बलविंदर सिंह गिल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चैन सिंह ने सहकारिता की शक्ति और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और राज्य सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक के विजन को पूरा करने के लिए हम सभी को एकजुटता से कार्य करना होगा। हमारी सहकारी समितियां अपना कार्य बखूबी करें और उनकी हर संभव मदद हम करें। समितियों और जीएसएस के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा होने की अपार संभावनाएं हैं।

**हर घर तक गतिविधियों का विस्तार हो :** कार्यक्रम अध्यक्ष बलविंदर सिंह गिल ने कहा, सहकारिता विभाग का लक्ष्य है कि हर गांव, हर घर तक सहकारी गतिविधियों का विस्तार हो। म्हारो खातो-म्हारो बैंक जैसे कार्यक्रम से हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकेंगे और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे सकेंगे। इस अवसर पर राजेश मीणा, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां कोटा, बीना बैरवा प्रबंध निदेशक कोटा नागरिक सहकारी बैंक, दिलखुश मीणा प्रबंध निदेशक, कोटा सरस डेयरी, रजनी बाला मीणा अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी कोटा सीसीबी, अनिता पंवार सहायक रजिस्ट्रार तथा मृगांक सिंह महाप्रबंधक, कोटा मार्केटिंग सोसायटी आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया :** म्हारो खातो-म्हारो बैंक कार्यक्रम के तहत नए खाताधारकों को मुख्य अतिथि चैन सिंह राठौड़ ने उनकी पास बुक सौंपी। इस अवसर पर सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता के विस्तार, किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए सहकारी ऋण सुविधाओं, महिला सशक्तिकरण के लिए सहकारी मॉडल और युवाओं को सहकारिता से जोड़ने के लिए नवीन रणनीतियों पर चर्चा की गई।

बीना बैरवा ने बताया कि ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूती मिल सके और समाज के हर वर्ग तक इसके लाभ पहुंचे।

## जे.के. सीमेंट में मनाया गया विश्व जल दिवस

### जन जागरूकता के लिए जल संरक्षण रैली, नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** जे.के. सीमेंट द्वारा सामाजिक सरोकार एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के तहत श्री यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. साथ ही एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा, माइंस हेड यतेन्द्र शर्मा, क्षेत्रीय रेंजर वन विभाग सुनील यादव, प्रदूषण नियंत्रण विभाग से अंकुश मीणा एवं सूर्य प्रताप, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जल संरक्षण रैली से हुई। जे.के. सीमेंट के टेक्निकल हेड राजेश सोनी ने श्री यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में जल संरक्षण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



रैली में श्री यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षणार्थि, अनुदेशक, जे.के. सीमेंट के पदाधिकारीयो ने भाग लिया और निकटवर्ती रिहायशी क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नारे लगाए। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शन आयोजित किए गए और विजेताओं को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए। यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने जल बचाओ विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पानी की बर्बादी के दुष्प्रभावों और संरक्षण के उपायों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल ने अपने संबोधन में जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसके विवेकपूर्ण उपयोग से ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने जे.के. सीमेंट द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

# रामजी की निकली सवारी, लीला है न्यारी देर रात शहर में निकला बारह भाई मेला

- सन 1859 में कस्बे के 12 भाइयो ने रखी थी मेले की नींव,सामाजिक एकता का प्रतीक मेला
- 167 वर्ष पुराना ऐतिहासिक बारह भाई के मेले का हुआ दिव्य- भव्य आयोजन

**तीन दर्जन से अधिक निकली शहर में मनोहारी झांकियां, मेले के देखने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों भीड़ जुटी**





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शुक्रवार की देर शाम को बाड़ी शहर में 167 वर्ष पुराने ऐतिहासिक बारह भाई मेले का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे महाराणा प्रताप खेल मैदान से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा और भाजपा नेता नीरजा अशोक शर्मा के साथ प्रिंस हुंडावाल, पूर्व विधायक सुखराम कोली समेत अतिथियों ने मेले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मेला जैसे-जैसे नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा,आमजन का सैलाब मेले में उमड़ता चला गया। ऐतिहासिक बारह भाई मेला हर वर्ष चैत्र मास की सप्तमी को आयोजित किया जाता है। ऐसे में मेला आयोजन को लेकर बारह भाई मेला कमेटी द्वारा करीब एक महीने से तैयारियां की जा रही थी। जिसमे मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल के साथ महामंत्री पबन चंसोरिया और अन्य पदाधिकारी दर्जनों युवा कार्यकर्ताओ के साथ जुटे हुए थे। ऐसे में शहर के आम और खास हर नागरिक के आर्थिक सहयोग से यह मेला निकाला गया। जिसको दिव्य और भव्य बनाने के लिए धौलपुर जिले के साथ एमपी, यूपी के कई जिलों से प्रसिद्ध बैंड बाजों को बुलाया गया साथ में दर्जनों की संख्या में आये कलाकारों ने मेले में शिरकत कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

**मेले में भगवान राम करते है नगर भ्रमण :** 14 वर्ष के वनवास के बाद भगवान राम जब अयोध्या लौटे तो उनका अयोध्या में स्वागत सत्कार हुआ। इसी तर्ज पर तीन दिवसीय यह मेला आयोजित होता है। जिसमें पहले दिन मेला बैठक में भगवान राम का स्वागत सत्कार और आरती की जाती है। दूसरे दिन भगवान राम नगर भ्रमण पर निकलते हैं जिसमें उनके तीनों भाई माता जानकी के साथ विभिन्न देवी देवताओ के स्वरूपों को झांकियों के रूप में निकाला जाता है। जिनको देखने और दर्शन करने के लिए शहरवासी आतुर दिखाई दिए। इस दौरान प्रेम के प्रति ढोला-मारू, लैला-मजनू से लेकर देश भक्ति से ओतप्रोत महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और कई वीर सपूत घोड़ों और ऊंटों पर सवार होकर मेले में निकले। मेला शुभारम्भ के मोके पर पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा और नीरजा शर्मा ने कहा की मेले हमारे अतीत के इतिहास को बताते है। ऐसे में इस धरोहर को हमें संजोये रखना चाहिए। बाड़ी शहर का यह सबसे प्राचीन मेला है जिसको आयोजित करते करते करीब पांच पीढ़ियां निकल गई। ऐसे में मेला कमेटी के प्रयास सराहनीय है। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिको मुकेश सिंहल, विष्णु मासलपुरिया, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मुकेश विद्यौलीया, बाबूलाल कुलश्रेष्ठ, शिप्रा आदि पुलिस अधिकारी महेंद्र सिंह, अमित शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा ने शिरकत की और मेले में बारह भाई मेला कमेटी का मेले के दौरान शहर के नागरिको और समाजसेवियों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान सदर,कंचनपुर,सोने का गुर्जा बसई डांग सहित विभिन्न थानों के अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।



## पार्षदों की बोर्ड बैठक मे सर्वसम्मति से अमर सिंह पोसवाल को अध्यक्ष बनाने पर बनी सहमति

**पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा की मौजूदगी में हुई बैठक, मलिंगा का जोरदार स्वागत**

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के नगर पालिका निवास स्थित एक निजी स्थान पर नगर पालिका के पार्षदों की शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पार्षदों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश जाटव अहमद जमा खान उपाध्यक्ष की मौजूदगी में सर्वसम्मति से आगामी क्षेत्रीय नवरात्र महोत्सव को लेकर मेला अध्यक्ष बनाये जाने को लेकर चर्चा की गई। जिसमें वार्ड 18 के पार्षद अमर सिंह पोषवाल को मेला अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी है। अंतिम मोहर नगर पालिका बोर्ड ने

बैठक के दौरान पार्षद ने लिया है अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल ने बताया कि सभी पार्षदों ने एकमत होकर पूर्ण सहमति से जो निर्णय लिया है वह उन्हें स्वीकार है। उनका प्रयास रहेगा कि इस बार मिला दिव्य और भव्य रूप से आयोजित हो। शहरवासी और ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग मेले का आनंद ले सकें। मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक प्रोग्राम अच्छे स्तर के हो इसका पूरा प्रयास किया जाएगा। मेला बैठक के दौरान राजकुमार भारद्वाज कृष्ण शर्मा रोहित मंगल मौनू मंगल अमित मुकेश कोहली हरि देव शर्मा नासिर खान तेजू बंटी और यावेंद्र नीलम काला मांगीलाल सुमित तिवारी तपेश बिधूड़ी मनु विधूड़ी अश्विनी कुमार शर्मा का सभी पार्षदों और बारह भाई मेला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया। उनको करीब ढाई सौ फीट का साफा बांधा गया।

इस दौरान बारह भाई मेला कमेटी के अध्यक्ष रामवीर पोसवाल,महामंत्री पवन चंसौरिया,पूर्व अध्यक्ष सतीश प्रजापति के साथ सुरेश चंद्र लाला, दिनेश ट्रांसपोर्ट,पार्षद प्रवीण सिंघल,बाइस चेयरमेन अहमद जमा खां,नासिर खां,गयाप्रसाद कुशवाह,सुदामा कंसल,सुरजीत गुर्जर,जसवंत सिंह सहित तमाम पार्षद मौजूद रहे।

**कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ**

## जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है श्रीमद्भागवत कथा : आचार्य कृपाशंकर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** आरएसी मार्ग स्थित गंगा बेटी मंदिर परिसर में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा का पूजन मुख्य यजमान विजय सिंह राना एवं नीतू राना ने करवाया। कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं पीत वस्त्र पहन कर कलश व श्रीफल लिए चल रही थी। कलश यात्रा में सबसे आगे भक्ति सागर की स्वर लहरियां बिखेरता डीजे व बैंड चल रहा था। श्रद्धालु भक्ति रचनाओं पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। कलश यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर तथा मीठे पेयजल से स्वागत किया गया। यात्रा गंगा बेटी मन्दिर से मुख्य मार्गों से होती हुई वापस कथा स्थल पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल थे। कथा का शुभारंभ करते हुए वृंदावन से पधारे कथावाचक आचार्य कृपाशंकर ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण का फल भाग्यशाली को मिलता है। भगवान को पाने के लिए भाव का होना जरूरी है व परमात्मा कण-कण में विद्यमान है।

कथा के अंत में व्यास पीठ की आरती की गई व प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर जय सिंह राना, प्रदीप राना, जगदीश राना, योगेंद्र, बलवीर राना, डॉ.सतपाल, अभय, श्याम सिंह, अनिल चौधरी, अशोक कुमार सिंह, राम कुमार सिंह, श्रीगोपाल पछगैंया, जीतेन्द्र चौधरी, वासुदेव शर्मा, मनोज हुंडावाल, दीपक पचौरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा और कथा में भाग लिया।

## मंडी समिति सचिन के साथ बैठक कर किसानो की समस्या का हुआ समाधान : गुलपाडिया

बढ़ता राजस्थान



**जुरहरा/कामां/ भरतपुर ( रेखचन्द्र भारद्वाज ) ।** दिनांक 21 मार्च 2025 को अनाज मंडी कामा में भारतीय किसान संघ की बैठक यतेंद्र गुलपाडिया की अध्यक्षता में एवं डीग जिला अध्यक्ष सतवीर सिंह जिलेदार के मुख्य अतिथि रामवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष व बाबूलाल जिला मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । भगवान बलराम वभारत माता के चित्र पर पूजा अर्चना कर बैठक प्रारंभ की गई । बाहर से पधारे हुए अतिथियों का सफा दुपट्टा से सम्मान किसनोकी मंडी संबंधी बारदाना तोल गुड़िया की छनाई व लैब संबंधी समस्याओं पर मंडी सेक्रेटरी प्रेम प्रकाश यादव मंडी व्यापार संघ संरक्षक प्रमोद पुजारी आडतियां सम शेर की उपस्थिति में चर्चा कर निर्णय लिया गया । इसके बाद परस्पर गुलाल लगाकर होली मनाई गई । किसान संघ ने मंडी सेक्रेटरी साहब को साथ लेकर मंडी का अवलोकन किया गया तो किसानों का माल कच्चे फडोपर मिट्टी में फैला हुआ था सेक्रेटरी साहब से फड़ों को पक्का करवाने की बात कही । कांटे की तुलाई में कुछ कमी पाई गई तो मंडी कार्य में रुकावट पैदा हो गई जिसके सुधार के लिए मंडी अध्यक्ष पप्पू व व्यापारियों के साथ बैठकर सेक्रेटरी साहब के प्रियास से वार्ता की गई । जिसका सकारात्मक परिणाम निकला और मंडी कार्य प्रारंभ कर दिया गया ।

बैठक में पहाड़ी तहसील अध्यक्ष विजेंद्र सिंह लोधा सीकरी अध्यक्ष मोहन सिंह जुरहरा अध्यक्ष विद्यासागर साहू कन्हैया शर्मा गोपाल सिंह हुकम सिंह यादव मनीराम यादव ज्ञान सिंह सतवास मुरारी शर्मा श्याम सिंह वेद प्रकाश शिवचरण रमेश चंद्र सीताराम आदि किसान उपस्थित रहे बैठक का संचालन गोपाल सिंह ने किया ।

## जल के बिना जीवन सम्भव नहीं : प्रोफेसर सिंह



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जल के बिना जीवन संभव नहीं है, क्योंकि यह सभी जीवों की बुनियादी आवश्यकता है। यह कहना है एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह का। प्रोफेसर बलराज सिंह शनिवार 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय भुसावर में आयोजित वर्चुअल संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अपना उद्बोधन दे रहे थे इस अवसर पर भुसावर कृषि महाविद्यालय के महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह सहित अन्य वक्ताओं में अपने उद्बोधन में कहा कि भारत में जल संकट की प्रमुख वजहें अत्याधिक पानी का दोहन, अव्यवस्थित जल प्रबंधन, जलवायु परिर्वतन, बढ़ती जनसंख्या और जल श्रोतों का प्रदूषण है। हम जल श्रोतों को बचाने के लिए वर्षा जल संचयन, पानी की वर्बादी को रोकना, जल पुनर्चक्रण और जल संरक्षण के उपायों को लागू कर सकते है। खेती में बूंद-बूंद सिंचाई पद्धिति तथा कम पानी चाहने वाली फसलों की उच्च तकनीकी खेती अपनानी चाहिए। हमें जल वर्बाद करने वाली आदतो जैसे नल की टोटी खुला छोडना, रसोई, टायलेट व बाथरूम में पानी की दुरूपयोग छोडना चाहिए।

जल श्रोतों में गंदगी नहीं डालनी चाहिए व उन्हें समय-समय पर साफ करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ राहुल कुमार , एनएसएस प्रभारी डी मोहित कुमार , डॉ बी.एल. जाखड , डॉ. एस.एल यादव, गीता गवारिया, दीपक मीना सहित महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समिजवादी विचारक पंडित रामकिशन का जन्म शताब्दी सम्मान समारोह 28 को जयपुर में

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** वयोवृद्ध समाजवादी विचारक पंड़ित रामकिशन का सौ वाँ जन्म शताब्दी सम्मान समारोह आगामी 28 मार्च को जयपुर के होटल आमेर क्लार्क में आयोजित होगा । आयोजन की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ राजनेताओं की कमेटी गठित की गई है। पूर्व सांसद के सहयोगी और आयोजन समिति के सदस्य इन्दल सिंह जाट ने बताया कि समाजवादी नेता पड़ित रामकिशन की आयु सौ वर्ष होने की खुशी में पूर्व सांसद का सम्मान समारोह आयोजित होगा जिसकी तैयारिया जोरों पर की जा रही है । आयोजन समिति में कार्यक्रम के संयोजक जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार ओम सैनी तथा राज्यसभा सदस्य राजेन्द्र गहलौत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता मोहन प्रकाश प्रो0 वासुदेव आचार्य को मुख्य रूप से शामिल किया गया हैं। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्यों की सूची तैयार की जा रही है और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है । समिति द्वारा तय किया गया है कि पंड़ित रामकिशन के सौ वे वर्ष को जन्म शताब्दी समारोह वर्ष के तौर पर वर्ष भर मनाया जायेगा और जगह जगह सम्मान समारोह के कार्यक्रम किये जायेंगे ।

## जिले की 37 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की 37 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गई हैं। ये ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त होने के 6 मानदंडों पर खरी उतरी हैं, जिसके आधार पर इन्हें टीबी मुक्त घोषित किया गया हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा ने बताया कि सितंबर 2022 में शुरू हुए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान शुरू किया गया था। अभियान के तहत विभाग के मापदंडों में खरी उतरने पर जिले की 37 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का दर्जा हासिल किया हैं। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में निक्षय मित्रों की अहम भूमिका हैं। बिना निक्षय मित्र के किसी भी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जा सकता हैं। इसके चलते जिले में निक्षय मित्र बनाए गए और टीबी मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए बड़े स्तर पर निक्षय मित्र बनाए गए एवं मरीजों को उनसे पोषण किट वितरित करवाई गई।

## बयाना अपना घर कमेटी द्वारा दो बुजुर्गों को भरतपुर अपना घर की शरण दी



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना में अपनाघर सेवा समिति ने दो असहाय बुजुर्गों की मदद की है। समिति को रेलवे स्टेशन के पास एक 65 वर्षीय बुजुर्ग मिला। उनके दोनों पैरों में गंभीर जख्म थे। इसी दौरान मुख्य बाजार में एक 55 वर्षीय बंगाली महिला मिली। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और राहगीरों से झगड़ा कर रही थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर समिति के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे।

अपनाघर सेवा समिति के पुरुष इकाई अध्यक्ष अनिल जैन और पूर्व अध्यक्ष योगेश सर्राफ ने दोनों बुजुर्गों को शनिवार सुबह रेस्क्यू किया। संस्था के मुख्यालय से रेस्क्यू वाहन मंगवाया गया। कोतवाली पुलिस को लिखित जानकारी देकर दोनों को भरतपुर के बझेरा स्थित मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का इलाज चल रहा है। साथ ही उनके परिजनों और निवास स्थान का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के भ्रष्टाचार की जड़े खोदने के लिए ईडी और सीबीआई का डंडा जरूरी - गिरधारी तिवारी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा भाजपा पर लगाये गये ईडी व सीबीआई के दुरुपयोग वाले बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधरी तिवारी ने कहा है कि अगर कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार की लूट नहीं मचाई गई होती तो भाजपा को ईडी और सीबीआई का उपयोग करने की कोई जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि ईडी व सीबीआई स्वतंत्र संस्था है वह किसी के दबाव में काम नहीं करती बल्कि वह स्वविवेक से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करती है मुख्यमंत्री महोदय पहले अपने गलेवान में झांक कर देखें कि किस प्रकार विगत 5 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में रीट भर्ती, सब इंस्पेक्टर भर्ती से लेकर आर ए एस भर्ती तक सभी में पेपर लीक व भ्रष्टाचार का तांडव रहा।

## लोकप्रिय किसान नेता हाजी हरीसिंह बनखान का निधन

बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** कस्बा वैर निवासी किसान नेता हाजी हरीसिंह बनखान का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। जिनका सुपुर्द ए खाक बयाना गेट रानी वाला बांध स्थित कब्रिस्तानों में किया गया। लोकप्रिय किसान नेता हाजी हरीसिंह बनखान के निधन से कस्बा में शोक की लहर छा गई। कस्बा वैर के बयाना गेट निवासी 87 वर्षीय हाजी हरी सिंह बनखान का निधन हो गया। जिसका समाचार सुनते ही कस्बे में शोक की लहर छा गई। वही उनके निधन पर धौलपुर करौली सांसद भजनलाल जाटव, प्रदेश प्रवक्ता यूथ कांग्रेस विनोद मोरदा, नगरपालिका चेयरमैन विष्णु महावर पूर्व सांसद पंडित रामकिशन , किसान नेता इंदल सिंह , ,पूर्व चेयरमैन मुकेश सैनी पूर्व पार्षद महमूदा गद्दी, पार्षद सुलेमान खान,सहित क्षेत्र के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## गारमेंट्स की दुकान में लगी आग : 4 लाख का सामान और 65 हजार कैश जलकर राख, स्थानीय लोगों ने पाया आग पर काबू

बढ़ता राजस्थान



**जुरहरा/ डीग /भरतपुर( रेखचन्द्र भारद्वाज )।** पहाड़ी थाना इलाके में रेडीमेट गारमेंट्स की दुकान में अचानक आग लग गई। आग से दुकान में रखा करीब 4 लाख का सामान जलकर राख हो गया। ईद के त्यौहार को देखते हुए दुकान मालिक ने हाल ही में दुकान में माल भरा था। जैसे ही घटना के बारे में आसपास के लोगों को पता लगा तो, वह दुकान पर पहुंचे और बड़ी मुश्किल से आग को बुझाया जा सका। आग से दुकान की पट्टियां भी चटक गई। जानकारी के अनुसार देर रात अचानक से दुकान में आग लग गई। जब आग की लपटें दुकान से बाहर आने लगी तो, स्थानीय लोगों ने घटना के बारे में सतवारी निवासी दुकानदार को बताया। जिसके बाद दुकान मालिक दुकान पर पहुंचा। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से बड़ी कोशिश के बाद दुकान के अंदर लगी आग को बुझाया जा सका। जब तक आग पर काबू पाया गया। तब तक दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

### तेरा दर्द न जाने कोई......

# कर्जा चुकने की मजबूरी खींच लाई बिचैलियो को कम दाम पर बेचने

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** धरतीपुत्रो की पीड़ा कभी कम नहीं होती। आखातीज पर किसान को अपनी बेटी की शादी करनी है। फसल तैयार है। लेकिन सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है। सरकार दावा कर रही है,कि राजस्थान सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों और चने की खरीद 10 अप्रैल से शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 1 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा, लेकिन अभी भी करीब 20 दिन का समय बाकी है। ऐसे में हर रोज किसानो को औने पौने दामो पर किसान अपनी जिंस बेचने पर मजबूर है।

**एमएसपी से कम दाम पर बेचने पर मजबूर है किसान :** किसान महापंचायत के पदाधिकारियो ने बताया कि 15 फरवरी से सरसों मंडियों में आना आरंभ हो गई थी। सरकार द्वारा खरीद आरंभ नहीं करने के कारण किसानों को घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित होने से एक क्विंटल पर 700 रुपए तक का घाटा हो रहा है । मंडियों में सरसों की आवक आरम्भ होने के डेढ महीने बाद 1 अप्रैल से पंजीयन एवं लगभग 2 माह बाद 10 अप्रैल से खरीद करने की घोषणा की है। भण्डारण की क्षमता एवं सुविधा के अभाव में किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामो में बेचने को विवश होना पड़ रहा है । जबकि भारत सरकार की संसद में की गई घोषणा के अनुसार किसी भी किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामो में अपनी उपज कम दामो में बेचने के लिए विवश नहीं होने दिया जायेगा । इसी को साकार करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को मोदी की गारंटी घोषित किया है ।

**पीएम को भेजा पत्र :** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने पीएम को पत्र भेज कर किसानो की पीड़ाओ का समाधान करवाने की मांग की है। उन्होने पत्र में बताया कि खरीद केन्द्रों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में बढोतरी किया जाना सही दिशा में उठाया गया छोटा कदम है । अभी 8187 ग्रांम सेवा सहकारी समितियों की तुलना में खरीद केन्द्रों की संख्या 505 है। जो 6.16 प्रतिशत है । यह अन्य राज्यों की तुलना में भी अत्यल्प है। उत्तरप्रदेश में खरीद केन्द्रों की संख्या 6500 है । सरकार एवं किसानो के मध्य 10-10-2019 को हुए लिखित समझोते के अनुसार प्रत्येक ग्रांम सेवा सहकारी समिति को खरीद केन्द्र रखा जाना चाहिए था। किसानो को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामो में सरसों बेचनी पड़ी, उनको हुए घाटे की भरपाई कमी मूल्य भुगतान योजना के अंतर्गत भावान्तर देकर किया जावे ।सरसों जैसी तिलहन उपजो की प्रत्यक्ष खरीद के स्थान पर भावान्तर देने के लिए कमी मूल्य भुगतान योजना के विकल्प का चयन किया जावे। सरकारी खरीद लक्ष्य के अनुसार सरसों 13.89 मैट्रिक टन एवं चना 6.30 मैट्रिक टन ही खरीदा जायेगा शेष सरसों 41.67 मैट्रिक टन तथा चना 18.88 मैट्रिक टन यानि 75 प्रतिशत उत्पादों को खरीद की परिधि से बाहर कर दिया गया है ।

परिणामस्वरुप कुल उत्पादन में से 25 प्रतिशत उपजो की ही खरीद हो सकेगी । गेहू, धान, अरहर, मसूर एवं उड़द की भांति सरसों एवं चने की दाने दाने की खरीद के लिए 25 प्रतिशत से अधिक खरीद नही करने के प्रतिबन्ध को हटाया जावे । तब तक एक दिन में एक किसान से खरीद की मात्रा 25 क्विंटल के स्थान पर अनुमत सीमा अथवा 40 क्विंटल, इनमे से जो भी अधिक हो , उसकी खरीद सुनिश्चित की जावे। 25 की सीमा को 50 प्रतिशत तक करने तथा 90 दिन की खरीद अवधि को 180 दिन किया जाना चाहिए।

# वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर युवाओं ने अपने विचार रखे



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिले में आयोजित विकसित युवा संसद का भव्य समापन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान युवा प्रतिभागियों ने अपने विचारों और तर्कशक्ति का प्रदर्शन किया। समापन दिवस पर चित्तौड़गढ़ नोडल केंद्र से 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जो अब राज्य स्तरीय विधानसभा युवा संसद में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हेमेन्द्र नाथ व्यास ने की, जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी. सुथार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. के.एस. कांग, प्रो. अशुतोष व्यास , तथा एनएसएस जिला समन्वयक प्रो. संदीप शर्मा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में खुशी, शाहिल अनिल सोनवाने, प्रियांशु, ऋषभ चतुर्वेदी, पूजा रामवानी, पल्लवी सोनी, चक्षु जैन, कृष्णा काबरा, अंशुल सोनी और दीपिका खींची को चयनित किया गया। ये प्रतिभागी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे और वहां से चयनित होने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. राजकुमार लड्ढा, प्रो. सुमन डाड, प्रो. अखिलेश चाष्टा, प्रो. भरत वैष्णव एवं युवा वक्ता उज्ज्वल दाधीच शामिल थे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के तर्क-वितर्क कौशल, प्रस्तुति शैली एवं विषय की समझ के आधार पर मूल्यांकन किया। इस वर्ष युवा संसद का विषय वन नेशन, वन इलेक्शन- विकसित भारत के लिए रास्ता तैयार करना रखा गया था, जिसमें युवाओं ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, वहीं निर्णायक मंडल के सदस्यों को भी स्मृति चिह्न प्रदान कर उनकी भूमिका की सराहना की गई।

कार्यक्रम के सदस्य सचिव कुलदीप प्रजापत ने जानकारी दी कि चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और वहां से चुने गए प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा संसद में अपने विचार रखेंगे कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कंचन वर्मा, निर्मल देसाई, राजेश डांगी, भारती मेहता, सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। मंच संचालन की जिम्मेदारी प्रो. बाल कृष्ण लड्ढा एवं भरत बारेठ ने कुशलतापूर्वक निभाई, जिससे पूरे आयोजन में अनुशासन और ऊर्जा बनी रही। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष महोदय प्रो. हमेन्द्र नाथ व्यास ने आभार व्यक्त किया और सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का धन्यवाद किया।

युवा वक्ता उज्जवल दाधीच ने चयनित दस प्रतिभागियों को आगामी स्तर के कार्यक्रम के लिए हौसला बढ़ाते हुवे बेहतर प्रदर्शन हेतु मार्गदर्शन किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिससे समापन समारोह को गरिमामय और देशभक्ति से ओत-प्रोत बना दिया गया। इस सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को हार्दिक बधाई दी गई।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में तीन दिवसीय लाइफ चेंजिंग प्रोग्राम की शुरुआत हुई

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय लाइफ चेंजिंग प्रोग्राम के प्रथम दिन मोटीवेटर मांइड ट्रेनर डॉक्टर शक्तिराज ,शास्त्रीय संगीतकार ओमकार कड़वे, ब्रह्माकुमारीज बूंदी सेवा केंद्र प्रभारी बी. के. रजनी, बी.के. गीता दीदी, समाजसेवी दिव्या डोगरा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी हरीश ने दीप प्रज्वलन कर खुशियों के बिग बाजार कार्यक्रम का शुभारंभ किया?। प्रथम दिवस पर दिया। शास्त्रीय संगीतकार ओमकार कड़वे ने सुंदर गीतों के माध्यम से उपस्थित शहर के गणमान्य श्रोताओं की में रमणीकता और उमंग उत्साह कर्मी समा बाध दिया। सभी अतिथियों का कुमारी लक्षिता ने स्वागत नृत्य के द्वारा स्वागत किया एवं ब्रह्मकुमारी बहनों ने अतिथियों को तिलक, माला ,बेज पगड़ी पहनाकर स्वागत सत्कार किया । अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर और ट्रेनर डॉक्टर शक्तिराज ने उद्बोधन देते में गीत और गतिविधियों के माध्यम से बताया कि छोटी-छोटी बातें जो हम अपने मन में पकड़ कर रखते हैं, वे हमारे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं। मानव मन में असीम शक्तियाँ हैं, लेकिन हम खुद को नहीं जानते। उन्होंने जिंदगी है एक सफर सुहाना गीत के माध्यम बहुत ही सुंदर एक्टिविटी कराते हुए बताया से कि हम अपनी जिंदगी को कितना आराम से जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने बहुत सारी बातें अपने अंदर इकट्ठी कर ली हैं जिस कारण जीवन में बोझ बन गया है । अपने और सभी के लिए अच्छा सोचने की शुरुआत पहले हमें करनी होगी। दूसरे अपने आप ही परिवर्तित हो जाएंगे। उन्होनें एक सुंदर वीडियो के माध्यम से दर्शाया कि शरीर को चलाने वाली शक्ति आत्मा इस शरीर से अलग मस्तक में बैठकर इस शरीर को चलाती है। उन्होंने कहा कि आत्मा असीम शक्तियों से भरी हुई है, लेकिन हमने शरीर तक अपनी पहचान को जोड़ने के कारण अपनी उन शक्तियों का उपयोग नहीं कर पाते हैं।आए हुए सभी श्रोताओं ने इसका लाभ लिया और कार्यक्रम में आकर महसूस किया कि इस एक डेढ़ घंटे के कार्यक्रम में ही मन बहुत प्रसन्न और हल्का हो गया। उपस्थित लोगों ने बताया कि उन्हें एक अलग ही पॉजिटिव एनर्जी महसूस हुई। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए बहुत ही उपयोगी और प्रेरक था। तीन दिवसीय कार्यक्रम का यह प्रथम दिवस था।कार्यक्रम आगे भी सायं 6-30 से 8.30 तक जारी रहेगा।

# नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस का कपासन में कल कार्यकर्ता सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का संयुक्त कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का 24 मार्च सोमवार को आयोजन किया जायेगा। नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र प्रभारी आशीष पाल पद्मावत,जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी,पूर्व विधायक शंकरलाल बैरवा आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति में 24 मार्च 2025 सोमवार दोपहर 3 बजे नगर के राजमार्ग स्थित हर्षित पैलेस में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत द्वारा क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उक्त कांग्रेस सम्मेलन में भाग लेकर सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

# शीतलाष्टमी पर कपासन की गलियां रंग-गुलाल से सराबोर तो घर-घर विविध ठंडे व्यंजनों का रहा आनंद



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में शीतलाष्टमी का पर्व शनिवार को रंग एवं गुलाल संग उत्साहपूर्वक मनाया। जिससे क्षैत्र की गलियां विविध रंगों के रंग से सराबोर हुई तो यहां घर-घर स्वादिष्ट ठंडे व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। जानकारी अनुसार क्षैत्र में रंगोत्सव पर्व के अंतर्गत होलिका दहन से महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर शीतलामाता को सात दिनों तक जल अर्पित कर ठंडा करने जाती हैं।साथ ही सप्तमी पर घर-घर में महिलाओं द्वारा विविध रंगोत्सव पर्व के पारंपरिक व्यंजन बनाये जाते हैं।इसके उपरांत शीतलाष्टमी पर महिलाओ द्वारा अलसुबह उठकर पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर थाली में चावल का औलिया,दही राबड़ी,लापसी,मीठे पापड़, कंकू,चावल,मेहंदी आदि पूजा सामग्री के साथ शीतलामाता की पूजा-अर्चना कर चहुंओर खुशहाली की कामना के साथ ही क्षैत्र में रंग गुलाल संग होली खेलने का दौर प्रारंभ हुआ जो दिनभर बना रहा।दोपहर में नगर के मध्य स्थित लोड़किया चौक से इलाजी इलाजी की बारात निकाली गयी।जिसमे युवा वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कपासन क्षैत्र में शीतलाष्टमी के दिन घरों में गर्म खाना नहीं बनाया जाता एवं ठंडे व्यंजनों का लुत्फ उठाया जाता है।यहां अष्टमी पर औलिया,विविध पापड़,मीठी- तीखी पकौड़ी,दही राबड़ी आदि व्यंजनों का आनंद लिया जाता है।रंगोत्सव पर्व को लेकर नगर पालिका कपासन क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर डीजे साउंड पर होली आधारित गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते शीतलाष्टमी पर्व का लुत्फ उठाया गया।जिससे नगर की गलियां रंग गुलाल से सराबोर रही।सांयकाल क्षेत्रवासियों द्वारा नगर के गुलाबसागर किनारे स्थित शीतलामाता धार्मिक स्थल पर दर्शनार्थ लोगो का जमावड़ा लगा रहा।

# पृथ्वी संरक्षण हेतु कपासन की सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में अर्थ आवर का महत्व समझाया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** विश्व वन्यजीव एवं पर्यावरण संगठन डब्ल्यू डब्ल्यू एफ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति प्रकृति एवं पृथ्वी संरक्षण हेतु चितौड़गढ़ जिले में जनजागृति कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। उज्ज्वल दाधीच ने बताया कि प्रकृति प्रेमियों द्वारा विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में अर्थ आवर के महत्व को समझाते हुवे पृथ्वी एवं प्रकृति संरक्षण हेतु एक घंटा बिजली उपकरणों को बंद रखने की अपील की गयी। इस दौरान उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका द्वारा समस्त कार्मिकों को उक्त अभियान का महत्व समझाते हुवे सहभागिता की अपील की गयी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपाखेड़ी अध्यापक चंद्रप्रकाश शर्मा,राजकीय उच्च प्राथमिक गाड़िया लोहार विद्यालय में प्रधानाध्यापिका नौसर जाट,शारीरिक शिक्षक पारस टेलर द्वारा विद्यार्थियो को पृथ्वी संरक्षण एवं अर्थ आवर का महत्व समझाया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के संभागीय प्रभारी अरुण सोनी ने बताया कि हर वर्ष विश्व में एक घंटे के लिए अर्थ आवर मनाया जाता है।जिसका उद्देश्य लोगों को बिजली के महत्व एवं पर्यावरण सुरक्षा के बारे में आमजन को जागरूक करना है।इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार कुलदीप प्रजापत,भरत बारेठ,सतीश जायसवाल,शारीरिक शिक्षक रेखा चौधरी,रतन गुर्जर आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने बढ़चढकर भाग लिया तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गयी।

# भिनाय सरपंच व प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. अर्चना सुराणा आदर्श नगर विधानसभा जयपुर में पार्टी संगठनात्मक बैठक में लेंगी भाग

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/भिनाय ( घनश्याम दास )।** भिनाय उपखंड मुख्यालय की सरपंच व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं नवनियुक्त प्रभारी डॉ, अर्चना सुराणा आदर्श नगर विधानसभा जयपुर में रविवार 23 मार्च को आयोजित संगठनात्मक बैठक में भाग लेंगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर नवनियुक्त प्रभारी डॉ . सुराणा रविवार को दोपहर 2.30 बजे जयपुर में जनता कालोनी गोल चक्कर के पास, महावीर इंटरनेशनल के पीछे स्थित जेडीए सामुदायिक केंद्र में आयोजित कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक बैठक में भाग लेकर गंभीरता व गहनता से सकारात्मक धरातलीय स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने व सक्रिय करने हेतू चर्चा कर सम्बोधित करेंगी। उल्लेखनीय है कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र जयपुर के विधायक रफीक खान के नेतृत्व में आयोजित कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक बैठक में जयपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास, जयपुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आर आर तिवारी, आदर्श नगर के पीसीसी सदस्य व डीसीसी सदस्य, आदर्श नगर ब्लाक व रामगंज ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण,मंडल अध्यक्षगण, वार्ड अध्यक्षगण, तीनो पंचायत के सरपंच व सरपंच प्रत्याक्षी ओर पंचायत समिति के सदस्य व समस्त पार्षदगण, पार्षद प्रत्याक्षीगण एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन व कार्यकर्तागणो को इस संगठनात्मक बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थिति देने हेतू आग्रह किया गया है।

# शोधार्थियों ने किया चित्तौड़गढ़ किले का शैक्षणिक भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय द्वारा आयोजित आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित 10 दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला के चौथे दिन शोधार्थियों ने चित्तौड़गढ़ किले का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने ऐतिहासिक धरोहर, पर्यटन के अवसर, स्थानीय रोजगार एवं किले के आर्थिक एवं सांस्कृतिक योगदान के विषय में गहन जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान शोधार्थियों ने राणा कुंभा, मीरा बाई एवं रानी पद्मावती के ऐतिहासिक योगदान को जाना और इस संदर्भ में भविष्य में शोध की संभावनाओं पर चर्चा की।प्रबंध संकाय के अधिष्ठाता एवं सह-संयोजक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, संयोजक डॉ. तनुजा सिंह तथा डॉ. संदीप चौरसिया ने शोधार्थियों के साथ भ्रमण किया एवं उनके शोध-अनुभव को समृद्ध किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करूणेश सक्सेना, उपकुलपति प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही एवं कुलसचिव प्रोफेसर राजीव मेहता ने इस पहल हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं और इसे शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अकादमिक अनुभव बताया। साथ ही, उन्होंने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ढ्ढष्टस्स्क्र) का आभार व्यक्त किया कि वह देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है, जिससे शोध में नए आयामों की स्थापना होगी।

## हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में नववर्ष चैत्र प्रतिपदा एवं नवरात्र महोत्सव का पखवाड़ा 23 मार्च से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान



भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में कल दिनांक 23 मार्च 2025 रविवार से नववर्ष चैत्र प्रतिपदा एवं नवरात्र महोत्सव का पखवाड़ा प्रारंभ होने जा रहा है। महोत्सव को दिनांक 6/4/2025 रविवार नवमी के दिन विराम दिया जाएगा। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि नववर्ष प्रतिपदा के अंतर्गत भीलवाड़ा में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में हरिशेवा उदासीन आश्रम के पावन प्रांगण में जहाँ दिनांक 30 मार्च 2025 से नवरात्रि में शतचण्डी पाठ हवन पूजन किए जाएँगे, वहीं कल से रात्रि 8 - 10 बजे तक प्रतिदिन भजन संध्या का सुरमयी कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। यह भजन का कार्यक्रम सीताराम ग्रुप भीलवाड़ा के भाई डॉक्टर विष्णु सांगावत के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। स्वामी ने बताया की 23 मार्च शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। उन्होंने हंसगंगा हरिशेवा भक्त मंडल की ओर से सभी सनातनी भक्तों को भजन संध्या में आमंत्रित किया है।

# आम नागरिक समिति द्वारा मृतक के परिवार को सहायता राशि सौंपी

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला मै आम नागरिक समिति चौमहला द्वारा गत 25 दिसंबर को नगर में सगस महाराज स्थित नाले के समीप कृषि कार्य करते हुए चौमहला निवासी नवयुवक स्वर्गीय दिलीप कुमार पिता नगजी शनि मंदिर रोड चौमहला का असामयिक निधन हो गया था जिनके परिवार का पालन पोषण पूर्ण रूप से मृतक पर निर्भर था।

## दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन 23 व 24 को

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा पुकार शिक्षण सेवा समिति, द्वारा बच्चों के लिए दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में जयपुर के रुंगटा हॉस्पिटल में कार्यरत एवं रावतभाटा निवासी प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्विनी गुप्ता अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

### शिविर की तिथि एवं समय

- दिनांक- 23 एवं 24 मार्च
- प्रात:कालीन सत्र
- समय प्रात: 10.00 बजे से 11.00 बजे तक
- स्थान- राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रावतभाटा
- सायंकालीन सत्र
- समय सायं 5.00 बजे से 6.00 बजे तक
- स्थान- राजस्थली कंप्यूटर सेंटर, आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के पास, न्यू मार्केट, रावतभाटा

पुकार समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र दशोरा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य बच्चों एवं दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य, शारीरिक व मानसिक विकास में सहयोग करना है। इसी क्रम में समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने रावतभाटा नगर के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने बच्चों के साथ इस शिविर में पधारें और नि:शुल्क परामर्श का लाभ उठाएं।

## एसआई पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड पोरव कालेर की साली प्रियंका गोस्वामी फरार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रदेश में एसआई भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड पोरव कालेर की साली प्रियंका गोस्वामी फरार हो गई है। प्रियंका गोस्वामी जैसलमेर पुलिस लाइन में तैनात थी। 18 मार्च को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने महिला ट्रेनी एसआई को पूछताछ के लिए आदेश जारी किया था। लेकिन 21 मार्च को वह गायब हो गई। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि मास्टरमाइंड पोरव कालेर से पूछताछ की तो यह जानकारी सामने आई कि करीब 15 से 20 ट्रेनी एसआई को पेपर पढ़ाया था। इनमें साली प्रियंका गोस्वामी की दोस्त मोनिका भी शामिल थी। इसके बाद प्रियंका गोस्वामी को पूछताछ के लिए मुख्यालय बुलाया था, लेकिन प्रियंका गायब हो गई। वहीं नकल कर पास हुए ट्रेनी एसआई के खिलाफ एसओजी ने एक्शन करना शुरू कर दिया है। 15 से ज्यादा ट्रेनी एसआई एसओजी की रडार पर हैं। इनसे एसओजी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। इनमें से कुछ को एसओजी ऑफिस बुलाया जा रहा है।

### अलग-अलग जगहों पर सर्च कर रही एसओजी

एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी और जैसलमेर पुलिस राजस्थान पुलिस की ट्रेनी एसआई प्रियंका गोस्वामी को अलग-अलग जगहों पर सर्च कर रहे है। बाड़मेर के कांग्रेस नेता नरेश देव सहारण को एसओजी ने पेपर लीक मामले में डिटेन किया है।सहारण से एसओजी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। जांच में पुष्टि होने के बाद आगे का एक्शन लिया जाएगा। एसओजी के पास अलग-अलग माध्यम से शिकायत आती हैं। उन शिकायतों में ट्रेनी एसआई की भी शिकायतें हैं। शिकायत मिलने पर एसओजी की टीम शिकायत का सत्यापन कर ट्रेनी एसआई से पूछताछ करती है। पूछताछ में सहयोग करने के लिए एसओजी ऑफिस बुलाती है। कुछ ट्रेनी एसआई गायब हो जाते हैं, जिससे यह सिद्ध हो रहा है कि ये लोग गलत तरीके से भर्ती हुए होंगे। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### इन पुलिस लाइनों पर एसओजी की नजर

जानकार सूत्रों की मानें तो एसओजी के पास कई ऐसे सबूत हैं, जिनके आधार पर करीब 15 ट्रेनी एसआई और 7 से ज्यादा अन्य लोग रडार पर हैं। इन लोगों ने प्रशिक्षु एसआई की मदद की थी। एसओजी बाड़मेर, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर पुलिस लाइनों पर नजर रख रही है। इस बार एसओजी इन ट्रेनी एसआई को एक साथ नहीं, बल्कि एक-एक करके गिरफ्तार कर रही है।

## आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा हेतु जेल गए सेनानियों को मिले सम्मान : कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सर्वप्रथम शहर विधायक अशोक कोठारी ने मेवाड़ में क्रांति का बिगुल बजाने वाले भीलवाड़ा जिले के बारहठ परिवार के ठाकुर केसरी सिंह बारहठ उनके पुत्र प्रताप सिंह बारहठ और उनके भाई जोरावर सिंह बारहठ को नमन किया। जिन्होंने आजादी के लिए अपने प्राण ही नहीं अपितु अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। साथ ही कोठारी ने इमरजेंसी के दौरान सरकार द्वारा दी गई यातनाएं, मीडिया और प्रेस पर रोक और पत्रकारों के साथ हुए अत्याचार को पुन: याद किया और सरकार को यह विधेयक लाने के लिए आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

'विरासत को सहेजकर हों...विकास की ओर अग्रसर'

# सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रगतिरत परियोजनाओं का किया निरीक्षण

## डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को जयपुर के परकोटा क्षेत्र में जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जारी विकास कार्यों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौगान स्टेडियम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल में जारी विकास कार्यों का जायजा लिया।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को विरासत को सहेजते हुए विकास कार्य करवाने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने, चौगान स्टेडियम में जारी निमार्ण कार्य 20 अप्रैल तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने क्रिड़ा परिषद के अधिकारियों को आमजन एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए फुटबॉल मैदान के आसपास सिंथेटिक जॉगिंग ट्रेक निमार्ण करने, बास्केटबॉल कोर्ट के बेहतर रखरखाव एवं एसएमएस स्टेडियम की तर्ज पर पीपीपी मोड के माध्यम से संचालन करने के साथ-साथ स्वीमिंग पूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित करवाने के निर्देश दिये। वहीं, जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को स्टेडियम के बाहर बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था एवं वॉल पेंटिंग सौंदर्यीकरण के कार्य करने, लेंडस्केप गार्डन विकसित करने के निर्देश दिये।

इसके पश्चात सांसद मंजू शर्मा एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने गणगौर अस्पताल के पास निर्माणाधीन नवीन अस्पताल परिसर के स्वागत परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्री भंवरलाल शर्मा जी की प्रतिमा को गरिमामय रूप से स्थापित करवाने, आपातकालीन ब्लॉक में प्रवेश एवं निकास के लिए पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करने, पोर्च एवं मुख्य द्वारा को जयपुर की सांस्कृतिक विरासत की थीम पर तैयार करने एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने किशनपोल राजकीय कन्या महाविद्यालय में जारी निमार्ण कार्य आगामी 20 अप्रैल तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने, महाविद्यालय परिसर के आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था माकूल रखने एवं सौंदर्यीकरण करवाने के साथ-साथ दरबार स्कूल के पास हेरिटेज परकोटा दीवार के जीर्णोद्धार का कार्य करवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर निगम जयपुर हैरिटेज के आयुक्त एवं जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त श्री सुरेन्द्र कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश कुमार मूंड सहित जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, नगर निगम हैरिटेज, क्रिड़ा परिषद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शाहपुरा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का 91 वां जन्मदिन मनाया



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/शाहपुरा।** शाहपुरा जिला बहाली संघर्ष समिति की ओर से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का 91 वा जन्मदिन त्रिमूर्ति स्मारक स्थल पर समिति के सदस्यों ने मेघवाल के चित्र के समक्ष केक काटा और जमकर आतिशबाजी कर जन्मदिन की खुशियां मनाएं कार्यक्रम की अगवाई संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक रामप्रसाद जाट ने की समिति की अन्य सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी कार्यक्रम में देशभक्ति और संघर्ष के नारों से माहौल जोश पूर्ण बना रहा इस अवसर पर अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि कैलाश मेघवाल का शाहपुरा को जिला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है संघर्ष समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर एक स्वर में कहा कि जब तक शाहपुरा जिला घोषित नहीं किया जाता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता और संघर्ष समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र विजय दिवस की 49 वीं वर्षगांठ मनायी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** लोकतंत्र रक्षा मंच की ओर से आपातकाल को हटाने, मूल अधिकारो की पुर्नस्थापना की 49वीं वर्षगांठ लोक तंत्र की पुर्नस्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी मदनलाल मुंदडा, विशेष अतिथि लोकतंत्र रक्षा मंच के प्रान्तीय मंत्री खूबीलाल जी सिंघवी थे जबकि अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत ने की। मुख्य वक्ता प्रान्तीय उपाध्यक्ष शोभागचन्द नाहर मीसाबंदी थे। इस अवसर पर शांतिलाल चपलोत ने कहा कि आपातकाल में कांग्रेस के अत्याचार, मीडिया पर प्रतिबंध, आपातकाल की 25 जून, 1975 की रात को घोषणा एवं रात को ही देश के प्रतिष्ठि राजनैतिक कार्यकर्ताओ को उनके घरो पर दस्तक देकर मीसा के तहत गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया एवं 19 माह तक जेल के शिंकजो में बंद रखा गया। खूबीलाल सिंघवी ने आपातकाल में आर.एस.एस. के प्रचार को संघ के स्वयंसेवको की सक्रिय भागीदारी एवं उनके त्याग व बलिदानो के बारें में चर्चा की। जेल में ही भारतीय दर्शन समाजवादी पार्टी, मार्क्सवादी आनन्द मार्ग एवं सर्वोदय कार्यकर्ताओं को जेल में ही एकजुट कर आपातकाल हटाने हेतु आन्दोलन कर कांग्रेस को हटाने हेतु आव्हान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष शोभागचन्द नाहर ने जेल में दी गई यातनाओ पर विचार रखते हुए कहा कि सभी राजनैतिक कैदियों को सी क्लास में जनरल कैदियों के साथ रखकर न खाने योग्य भोजन दिया। सत्याग्रहियों को खाने में ही बुरी तरह से मारा पीटा गया, करन्ट लगाया गया।

## पेट्रोल पम्प पर एक रुपए खुल्ला नहीं मिलने पर भारी विवाद

### कर्मचारियों पर डंडों-सरियों से किया हमला, एक का सिर तो एक का पैर तोड़ डाला

बढ़ता राजस्थान





**कोटा (का.स.)।** शहर के महावीर नगर थाना क्षेत्र के एलआईसी बिल्डिंग के पास स्थित पेट्रोल पम्प पर मात्र एक रुपए के विवाद को लेकर 15-16 बदमाशों ने पेट्रोल पम्प कर्मचारियों से सरियों- डंडों से बुरी तरह मारपीट कर डाली। एक कर्मचारी का लोहे के सरिये से सिर फाड़ दिया। वहीं दूसरे कर्मचारी का पैर तोड़ दिया। आरोप है कि महिला कर्मचारी के साथ भी मारपीट की गई।

घायल कर्मचारियों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटनास्थल से थोड़ी ही दूर पर स्थित महावीर नगर थाने से पुलिस को यहां पहुंचने में आधा घंटा लग गया। मारपीट की यह घटना पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, लेकिन, पुलिसकर्मियों ने इसके फुटेज देने से इनकार कर दिया। पेट्रोल पम्प कर्मचारियों ने बताया कि 2 युवक एक बाइक लेकर आए और उन्होंने 99 रुपए का पेट्रोल डालने को बोला। इसके बदले में उन्होंने 100 रुपए दिए और 1 रुपया मांगा। इस पर उन्हें 10 रुपए दे दिए, मगर उन्होंने गाली-गलौच और बदसलूकी की। धक्का मुक्की करते हुए मारपीट करने लगे।

बीच में आए मैनेजर के साथ भी मारपीट की। बाद में उन बदमाशों ने किसी को फोन किया तो थोड़ी ही देर में एक फोर व्हीलर में 15-16 लोग आए। उन बदमाशों ने आते ही डंडों और सरियों से कर्मचारियों पर वार करना शुरू कर दिया। ललितेश (30) का सिर फाड़ डाला। वहीं, शम्भु सिंह का पैर तोड़ दिया। महिला कर्मचारी के साथ भी मारपीट की।

## पंजाबी समाज के समारोह में इत्र व फूलों से हुआ होली मिलन समारोह

### पहली बार समाज की सभी संस्थाएं एक मंच पर आई

बढ़ता राजस्थान




**अलवर(का.स.)।** पंजाबी समाज की सभी संस्थाओं की ओर से संयुकत रूप से होली मिलन समारोह पहली बार शानदार तरीके से रविवार को मनाया गया। इस होली मिलन समारोह में भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला के भजन सहित लटठमाल होली हुई। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे पर इत्र और फूल डाला जिससे पूरा वातावरण होली मय हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। कार्यक्रम में समाज के जिले भर से गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर विजय पंजनानी के भजनों से वातावरण अध्यममय हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिंचाई विभाग से अधीक्षण अभियंता संजय खत्री, जलदाय विभाग के एस ई ,कमल नारंग, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता अशोक मदान, राजस्थान पत्रिका अलवर के संपादक हरमिंदर लूथरा, विद्युत विभाग से शशि अरोड़ा और जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा थे। इस अवसर पर पंजाबी समाज की समस्त संस्थाओं के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। इनमें कुलदीप कालरा, के एल अरोड़ा, प्रेम गांधी, दीवान चंद सेतिया, श्याम खत्री और पंकज मल्होत्रा, अमित छाबड़ा, श्यामलाल खत्री है। इस अवसर पर समाज के वयोवृद्ध समाजसेवियों को सम्मानित किया जिनमें दौलत राम हजरती, चरण जीत सुनेजा ओर राजा राम सोनी सहित कई थे। कार्यक्रम का संचालन संजय दरगन ओर सौरभ कालरा ने किया। कार्यक्रम में ढोल को थाप पर लोगो ने खूब डांस किया। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान और स्वागत करने वाले में अमित छाबड़ा, अमित लोढ़ा, रवि लांबा, राजू धवन, पवन सोनी,रवि लम्बा,नितिन गांधी, पवन छाबड़ा, संदीप नकरा, विकास जसूजा,गौरव कालरा, पवन छाबड़ा ओर अनुराग जसूजा थे।

# राजस्व अर्जन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की पहल

- जयपुर जिले के कॉलोनाईजर्स, बिल्डर्स एवं डवलपर्स के साथ किया संवाद
- शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में हुआ बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग द्वारा राजस्व अर्जन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जयपुर जिले के कॉलोनाइजर्स, बिल्डरों एवं डवलपर्स के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार को प्राप्त होने वाली पंजीयन आय बकाया वसूली एवं ऑन साइट पंजीयन के माध्यम से राजस्व आय में वृद्धि किये जाने पर चर्चा की गई। उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं कलक्टर मुद्रांक जयपुर प्रथम डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार तथा पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के आदेशों की पालना में जिले के कॉलोनाइजर्स, बिल्डरों, एवं डवलपर्स की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जयपुर जिले के प्रमुख कॉलोनाइजर्स, बिल्डरों एवं डवलपर्स तथा उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुये। बैठक में डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने अपंजीकृत एवं अमुद्रांकित इकरारनामों के ड्यूली स्टाम्प की प्रकिया एवं एमनेस्टी स्कीम 2025 की जानकारी दी। साथ ही, बिल्डर्स से उनकी समस्याओं और सुझावों को भी संकलित कर शीघ्र ही समाधान का आश्वासन भी दिया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा के अनुसार किसी संस्थान द्वारा 20 से अधिक दस्तावेज पंजीयन करवाने पर ऑनं साईट दस्तावेजों का पंजीयन करने ऑन साईट पंजीयन केम्प आयोजित करवा कर आम जनता को सुविधा प्रदान करनें के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने हेतु निवेदन किया। इसी कम में अचल सम्पति के अपंजीकृत इकरारनामों के दस्तावेजो को मुद्रांकित (डयूली स्टाम्प) करवाने हेतु पक्षकार को जागरूक करने हेतु भी निवेदन किया गया। ताकि राज्य सरकार को राजस्व आय प्राप्त हो सके। बैठक में जयपुर जिले के सभी उप पंजीयकों ने षिरकत की। उप पंजीयक बस्सी श्री गंभीर सिंह ने ऑटोम्यटेशन की समस्या से अवगंत कराया जिससे एन.आई.सी. को लिख कर समाधान का आश्वासन दिया गया। उप पंजीयक सांभर ने उनके कैम्पस एवं संसाधन उपलब्ध नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। बैठक मेंएमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया वसूली के प्रकरणों में ब्याज एवं शास्ति की छूट के साथ-साथ गृह निर्माण सहकारी समितियों के बकाया मुद्रांक प्रकरणों में बकाया वसूली जमा कराने में सहयोग करने के संबंध में चर्चा की गई। विशेष रूप से बड़े प्रकरणों में जिनमें काफी मात्रा में मुद्रांक कर की राशि बकाया है। इस हेतु सहयोग प्रदान करने हेतु कहा गया।

इस संबंध बिल्डरों एवं डवलपर्स द्वारा पंजीयन प्रकिया के सुधार के संबंध में अपने सुझाव दिये। बैठक में सभी बिल्डरों एवं डवलपर्स द्वारा राज्य सरकार को राजस्व आय वृद्धि एवं बकाया वसूली के बड़े प्रकरणों में वसूली करने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया।

## अजमेर भिनाय के उपखंड मुख्यालय पर जय गुरुदेव आश्रम में आज मुक्ति दिवस का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/ भिनाय (घनश्याम दास)।** भिनाय उपखंड मुख्यालय पर श्री जय गुरुदेव आश्रम एवं सत्संग स्थल पर कल 23 मार्च रविवार को मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय आश्रम के मुख्य व्यवस्थापक - धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि रविवार को ब्रह्मलीन जय गुरुदेव बाबा के 48 वें मुक्ति दिवस पर सभी अनुयायी व सत्संगी अपने अपने आवास, मकान,घर पर सुबह 7.15 बजे ध्वजा फहराएंगे। इसके पश्चात स्थानीय जय गुरुदेव आश्रम एवं सत्संग स्थल पर सुबह 9.15 बजे ध्वजा फहराई जाएगी। तत्पश्चात अनुयायियों व सत्संगियों द्वारा भिनाय कस्बे में शाकाहार सदाचार रैली निकालकर शाकाहारी बनने और सदाचार अपनाने का संदेश दिया जाएगा। दोपहर को स्थानीय आश्रम में सामूहिक सत्संग आयोजन ओर भंडारा आयोजन रखा गया है। उक्त आयोजन में भिनाय कस्बे सहित सम्पूर्ण क्षेत्र के ग्राम - सरगांव, बांदनवाड़ा,नागोला, पाडलिया, करांटी, उदयगढ़ खेड़ा, चावंडिया, छछूंदरा,धांतोल,रेण, बूबकिया, पिलोदा, एकल सिंगा,सोबडी, पिपलिया आदि गांवों के सत्संगी भाई उत्साह से भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि अपने देश में आपातकाल के दौरान जय गुरुदेव बाबा ने इंदिरा गांधी सरकार का विरोध करने के कारण उन्हें तिहाड़ जेल दिल्ली में बंद कर दिया गया था। तथा 23 मार्च 1977 को वह जेल से रिहा हुए थे। तभी से देश भर में उनके अनुयायी इस दिन को मुक्ति दिवस के रूप में मनाते हैं।

## सरदारशहर में श्रीराम जन्मभूमि कथा आज

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर (नि.स.)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत तथा सरदारशहर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज दोपहर 2.30 बजे से टाटिया कुआं स्थित राम मंदिर में श्री राम जन्मभूमि कथा का आयोजन होगा। वैद्य महेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रकांड विद्वान, सुप्रसिद्ध चिंतक, विचारक एवं ओजस्वी वक्ता श्रीमान दीनानाथ जी रूंथला के मुखारविंद से श्री राम जन्मभूमि कथा होगी। जिसमें श्री राम मंदिर के लिए हुए आंदोलनो तथा 500 वर्षों के संघर्ष के बाद बने राम मंदिर के शौर्य की गाथा बताई जाएगी। इसके पश्चात राम जन्मभूमि के लिए हुए आंदोलन में भाग लेने वाले सरदारशहर के कारसेवकों का समिति द्वारा सम्मान किया जाएगा। बाबरी विध्वंस के लिए हुई कार सेवा में लाखों कार सेवकों ने भाग लिया था जिसमें सरदारशहर से भी अनेक कारसेवक प्रभु श्रीराम की सेवा के लिए सम्मिलित हुए थे। शनिवार को कथा की तैयारी को लेकर कथास्थल पर बैठक आयोजित की जिसमें राजेंद्र सोनी, डॉ महेश शर्मा, दुनीचंद जोशी, डॉ अविनाश पारीक, प्रभा पारीक, गिरधारीलाल सैनी, पवन सैनी, विकास पारीक, शंकरलाल सोनी, कैलाश सिंगोदिया,पवन टाक, हरि जांगिड़, धनसुख राव, निर्मल राव, सुशील सैनी, कृष्णमुरारी शर्मा, नवदीप, रमाकांत चोटिया, मनमोहन चोटिया आदि उपस्थित रहे।

# ओटीटी के इस प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रही हैं ये 10 फिल्में

## पहले नंबर पर नाना पाटेकर की मूवी

**वीकेंड के दौरान मूवी देखना का मजा ही अलग होता है। अगर आप बेसब्री से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मूवी देखने का इंतजार कर रहे हैं, तो आपको बता दें कि द्गद्ग5 पर ये 10 मूवी ट्रेंड में है, जिन्हें आप देख सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको बताते हैं, इस वीकेंड पर आप जी5 की कौन-सी फिल्में देख सकते हैं।**








### वनवास

जी5 में टॉप 10 फिल्मों से नंबर वन पर नाना पाटेकर की फिल्म वनवास है। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया है। इसके अलावा फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 6.7 है।

### संक्रांतिकी वस्थुनम

इस लिस्ट में साउथ सिनेमा की एक्शन कॉमेडी फिल्म संक्रांतिकी वस्थुनम है। संक्रांतिकी वस्थुनम को आईएमडीबी रेटिंग 6.3 दी है।

### कुदुम्बस्थान

दर्शकों ने तमिल भाषा की कॉमेडी ड्रामा फिल्म कुदुम्बस्थान है को खूब प्यार दिया है। यह फिल्म तीसरे स्थान पर मौजूद है। वही, इस फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 7.5 है।

### गेम चेंजर

इस लिस्ट के चौथे नंबर पर मौजूद है तेलुगु-भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म गेम चेंजर है। जी5 पर इस फिल्म को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं, इस फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 5.5 दी है।

### पांचवे पर रिवाज और छठे पर अनोरा

इस लिस्ट में पांचवे स्थान पर हिंदी भाषा की फैमिली ड्रामा मूवी है, जिसे आईएमडीबी रेटिंग 7.2 मिली है। वहीं, जी5 पर आइडेंटिटी 6वें पर मौजूद है। इस फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 7.4 मिली है।

### अनोरा

इस लिस्ट में 7वें स्थान पर अनोरा फिल्म है। फिल्म को आप जी5 पर रेंट करके या जियो हॉटस्टार पर जाकर देख सकते हैं। इस फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 7.6 मिली है।

### हिसाब बराबर

इस लिस्ट में 8वें नंबर पर मौजूद है बराबर। इस फिल्म को आईएमडीबी रेटिंग 5.7 है।

### मैक्स 9वें और सैम बहादुर 10वें स्थान पर

टॉप 10 की लिस्ट में 9वें स्थान पर कन्नड भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म मैक्स है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.1 है। वहीं, इस लिस्ट में 10वें नंबर पर विकी कौशल की फिल्म सैम बहादुर है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 है।



## हर इंडस्ट्री में मौजूद है जेंडर आधारित भेदभाव

### एक्ट्रेस पूजा हेगड़े बोलीं- कभी-कभी नहीं मिलता क्रेडिट, सेट पर दूसरे दर्जे का कराया जाता एहसास

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इंडस्ट्री में महिला कलाकारों के साथ होने वाली लैंगिक भेदभाव पर बात की है। पूजा ने अपने साथ हुए कुछ अनुभवों को भी शेयर किया है।फिल्मफेयर को दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी भी किसी मेल को-एक्टर से परेशानी हुई है? जवाब में वो कहती हैं- 'यह सभी इंडस्ट्री में होता है लेकिन अलग-अलग स्तर पर। इनमें से कुछ बहुत ही खुले रूप में है और कुछ बहुत ही शटल तरीके में। छोटी-छोटी चीजें होती हैं। जैसे कि मेल एक्टर की वैनिटी वैन सेट के पास खड़ी होती है। जबकि हमें अपने लहंगे को उठाकर दूर तक चलाना पड़ता है।'

मैं कभी-कभी सोचती हूं, सुनो यार, हमारे बारे में भी सोचो। हमें इतनी भारी भरकम कपड़ों में अपने वैन तक पहुंचने के लिए खुद को घसीटना पड़ता है। ये एक शटल सेक्सिज्म है। यह भी हो सकता है कि आपका नाम पोस्टर में न हो। कभी-कभी आपको क्रेडिट तक नहीं दिया जाता, जबकि भले ही फिल्म लव स्टोरी ही क्यों न हो? हम सबको समझना होगा कि फिल्म बनाना एक कलेक्टिव एफर्ट है।

पूजा आगे कहती हैं कि उन्होंने कई ऐसे मेल को-स्टार के साथ काम किया है, जिन्होंने दशकों की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लेकिन जहां टेक्निकली वो बड़ी स्टार रही हैं, उन्हें वहां भी सेट पर दूसरे दर्जे का एहसास कराया गया है।

पूजा के काम की बात करें तो इन्होंने तमिल, तेलगु और हिंदी तीनों इंडस्ट्री में काम किया है। पूजा मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 की रनर अप भी रह चुकी हैं। 2012 में तमिल फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। हाल में शाहिद कपूर के साथ इनकी फिल्म 'देवा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने एक जर्नलिस्ट की भूमिका निभाई थी।

## चहल से तलाक पर धनश्री ने पहली बार दिया रिएक्शन

### इशारों में बताया अपना जवाब, म्यूजिक वीडियो को प्रमोट करने पहुंची थीं



क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का तलाक हो चुका है। तलाक के बाद वो मुंबई में पहली बार एक इवेंट में नजर आईं। इस दौरान पैपराजी ने उनसे तलाक पर रिएक्शन लेना चाहा। लेकिन वो कुछ भी कहने से बचती दिखीं।

दरअसल, धनश्री टी सीरीज के ऑफिस अपने नए म्यूजिक वीडियो को प्रमोट करने पहुंची थीं। वहां मौजूद पैप्स को पोज देते समय उनसे पूछा गया कि चहल संग तलाक पर वो कुछ कहना चाहेंगी? इस पर उन्होंने मुस्कुरा के इशारों में ना कहा। फिर वो पैप्स से कहती नजर आईं कि गाना सुनो पहले।

पैप्स भी धनश्री के गाने की तारीफ करते हैं और बताते हैं कि उनका गाना ट्रेंड हो रहा है। इसपर धनश्री भगवान का शुक्रिया करती हैं। बता दें कि चहल और धनश्री के तलाक़ पर 20 मार्च को फाइनली मुहर लग गया। उसी दिन धनश्री का नया म्यूजिक वीडियो लॉन्च हुआ, जिसके बोल एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर पर है।

इसके अलावा उन्होंने इंस्टाग्राम पर फैंस का क्रिप्टिक कैप्शन वाला पोस्ट शेयर किया है। कैप्शन में गाने की बात करते हुए कहा गया है कि 'लाइफ इमिटेटिंग आर्ट' मतलब जीवन कला की नकल है। इस पर फैंस ये कयास लगा रहे हैं कि गाना तलाक की असली वजह की तरफ इशारा कर रहा है।

चहल और धनश्री की दोस्ती कोरोना के दौरान हुई थी। चहल ने वर्मा को डांस सीखने के लिए अप्रोच किया था, जिसके बाद दोनों में दोस्ती और प्यार हो गया। 11 दिसंबर 2020 को उन्होंने शादी की और ढाई साल तक साथ रहे। 2022 से वो अलग रहने लगे।

## मलाइका से ब्रेकअप के बाद अर्जुन कपूर का मजाकिया अंदाज

### अवॉर्ड शो में बोले अकेले रहने में कोई बुराई नहीं, सिंगल होना सबके लिए फायदेमंद

मलाइका अरोड़ा से रिश्ता टूटने के बाद से एक्टर अर्जुन कपूर सिंगल हैं। और अब वो सिंगल होने के फायदे बताते नजर आ रहे हैं।

दरअसल, एक्टर शोशा रील अवॉर्ड को होस्ट कर रहे थे। इस दौरान अभिनेता को इस बात पर मजाक करते हुए देखा गया कि कैसे अकेले रहना उनके और बाकी सभी के लिए फायदेमंद है। सिंगल स्टेट्स पर चुटकी लेते हुए अर्जुन कहते हैं- 'आज मैं अकेला ही सही। अकेले से याद आया लेकिन अकेले रहने में कोई बुराई नहीं है। ये सिर्फ मेरे लिए नहीं आप सबके लिए भी फायदेमंद है। मुझे दो होस्ट के पैसे मिलेंगे और आपको बकवास कम सुननी पड़ेगी।

बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर ने साल 2018 में दुनिया के सामने अपने रिश्ते को स्वीकार किया था। उसके बाद से वो अक्सर एक-दूसरे के साथ सोशल मीडिया पर वेकेशन की फोटो डालते नजर आते थे। दोनों आठ साल तक एक-दूसरे को डेट किया।

फैंस उनकी शादी की उम्मीद लगाकर बैठे थे। तभी साल 2004 में दोनों का ब्रेकअप हो गया। मलाइका-



अर्जुन कभी अपने ब्रेकअप पर खुलकर कुछ नहीं कहा लेकिन कई मौकों पर इशारों-इशारों में ये साफ हो गया कि दोनों की राहें अलग हो चुकी हैं। लेकिन ब्रेकअप के बाद भी दोनों एक-दूसरे के साथ अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो अर्जुन कपूर हाल ही में फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में नजर आए थे। उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई। जल्द ही एक्टर %नो एंट्री% के सीक्वल में नजर आएंगे। इसमें अर्जुन के साथ दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन भी दिखेंगे। बोनी कपूर इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## अनुराग कश्यप पर एकता कपूर ने कसा तंज बोलीं- भारतीय कंटेंट को खराब बताना ईगो है या गुस्सा, दर्शकों पर भी जताई नाराजगी

फिल्म प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भारतीय कंटेंट क्वालिटी के स्टैंडर्ड को लेकर उठ रहे सवाल पर अपना पक्ष रखा है। एकता ने बिना नाम लिए डायरेक्टर अनुराग कश्यप, हंसल मेहता पर तंज कसा है। साथ ही, 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' और 'द बकिंघम मर्डर' जैसी फिल्मों के नहीं चलने के पीछे ऑडियंस को जिम्मेदार ठहराया है।

एकता ने इंस्टाग्राम पर बिना किसी का नाम लिए लिखा- 'जब इंडियन क्रिएटर्स यह कहते हैं कि इंडियन कंटेंट इंटरनेशनल टीवी सीरीज और फिल्मों के टक्कर का नहीं है, तो मुझे आश्चर्य होता है। क्या यह अहंकार, गुस्सा या सिर्फ गलत आरोप है?'

एकता ने हाल की फिल्मों का जिक्र करते हुए लिखा- जब 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' और मेरे दोस्त हंसल मेहता की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर' थियेटर में नहीं चल पाई तो क्या हम असली दोषियों को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं? ये फिल्में ऑडियंस की वजह से नहीं चल पाई।

उन्होंने इंडियन क्रिएटर्स ये सिस्टम से लड़ने का आग्राह भी किया है। उन्होंने खुद पर तंज कसते हुए लिखा कि ये पैसे के भूखे कॉरपोरेट स्टूडियो और ऐप सिर्फ नंबर्स के बारे में सोचते हैं। मूवी मेकिंग, कंटेंट क्रिएशन कोई बिजनेस नहीं है। यह एक आर्ट है। इसलिए मैं क्रिएटर्स से रिक्वेस्ट करूँगी कि वे अपना पैसा लगाए और समस्या का हल निकालें।

बताते चलें कि इनदिनों नेटफ्लिक्स की सीरीज 'एडोलोसेंस' सुर्खियों में है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। फिल्ममेकर हंसल मेहता और अनुराग कश्यप ने भी इस ब्रिटिश वेब सीरीज की सराहना की थी। अनुराग ने इस सीरीज के जरिए नेटफ्लिक्स को टॉप लीडरशिप को लताड़ा भी था। उन्होंने नेटफ्लिक्स के कंटेंट चुने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे और कहा था कि यही अगर भारत में प्रेजेंट किया जाता तो वो इसे रिजेक्ट कर देते या छोटा कर देते।

## हंसल मेहता बोले- नए टैलेंट का मौका नहीं मिल रहा : असफल होने के बाद भी इंडस्ट्री बड़े चेहरे को बार-बार देती चांस

फिल्ममेकर हंसल मेहता ने इंडस्ट्री में आने वाले नए टैलेंट पर बात की है। सिनेवेस्टर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे एडिशन में उन्होंने नई प्रतिभाओं पर दांव लगाने और बड़े नामों को बार-बार मौके देने का फायदे और नुकसान पर अपनी राय जाहिर की।

हंसल ने नए कलाकारों को कास्ट करने पर कहा अभी के समय में बहुत सारे टैलेंट हैं लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया जा रहा है। सेप्टी के नाम पर उस रास्ते के ही बंद कर दिया गया है। जिन बड़े नामों को बार-बार मौका मिल रहा है, वे कितनी बार असफल रहे हैं? उनके सक्सेस का प्रतिशत क्या है? जब वे असफल होते हैं तो वे असल में आपको डुबा देते हैं। अगर आप नए कलाकारों को कास्ट करने का जोखिम लेते हैं तो आपको नुकसान कम होगा। और इसके फायदे कई होंगे।

डायरेक्टर ने उदाहरण देते हुए बताया कि 2000 के दशक में यूटीवी जैसे स्टूडियो थे, जो न्यूकमर को सपोर्ट करते थे। अप्लॉज एंटरटेनमेंट गांधी, जहान कपूर और गगन देव रियाल जैसे कलाकारों को सपोर्ट कर, उन्हें सफल बनाकर कुछ ऐसा ही कर रहा है। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुद्दे के बारे में लिखा भी था।

गुरुवार को दक्षिण कोरियाई फिल्म 'ए नॉर्मल फैमिली' के साथ सिनेवेस्टर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई। इसमें विक्रमादित्य मोटवानी, नंदिता दास, अभिषेक चौबे और हनी त्रेहान जैसी फिल्मी हस्तियों के साथ सेशन का आयोजन किया गया।

यदि आप बहाने बनाते हैं मतलब सफल तो बनना चाहते हैं लेकिन कार्य करने से जी चुराते हैं। सफलता और बहाने कभी एक साथ नहीं हो सकते।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# हरियाणा में महायज्ञ में आए ब्राह्मणों पर फायरिंग

## लखनऊ के ब्राह्मण को लगी गोली; गुस्साए ब्राह्मणों ने तोड़फोड़-पथराव किया

बढ़ता राजस्थान

**कुरुक्षेत्र ( एजेंसी )।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महायज्ञ में आए ब्राह्मणों पर शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे आयोजकों के सुरक्षा गार्डों ने फायरिंग कर दी। जिसमें लखनऊ से आए ब्राह्मण आशीष तिवारी को गोली लग गई। इससे ब्राह्मण भड़क गए। इसके बाद उनकी और आयोजकों के हायर निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्डों के बीच मारपीट हुई। इसमें लखीमपुर के रहने वाले प्रिंस शुक्ला भी जख्मी हो गए। इसके बाद ब्राह्मण भड़क गए। वह यज्ञशाला से बाहर निकले और तोड़फोड़ व पथराव शुरू कर दिया। गुस्साए ब्राह्मणों ने महायज्ञ की यज्ञशाला का मुख्य द्वार तोड़ दिया। डंडे-पत्थरों से रोड पर लगे बैनर-होर्डिंग भी फाड़ दिए। फिर उन्होंने थीम पार्क के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर जाम लगा दिया। वहां से गुजरने वाली गाड़ियों को जबरन रोकना शुरू कर दिया। बवाल मचने का पता चलते ही कुरुक्षेत्र पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने ब्राह्मणों को शांत करने की कोशिश की। फिलहाल पुलिस ने ब्राह्मणों को सड़क से हटा दिया है। शहर में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। यज्ञशाला में उज्जैन, बनारस, वृंदावन, लखनऊ, लखीमपुर, दमोह से भी ब्राह्मण यहां आए हैं। उनका आरोप है कि यहां उन्हें बासी खाना दिया जा रहा है।

वहीं पुलिस का कहना है कि एक ब्राह्मण को गोली, दूसरे को पत्थर लगा है। गोली चलाने वाले आरोपी सुरक्षाकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# जज के बंगले से कैश मिलने का मामला : सीजेआई खन्ना ने आरोपों की जांच के लिए कमेटी बनाई; 2018 के एक घोटाले में भी नाम जुड़ चुका

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिलने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने शुक्रवार को इंटरनल इन्क्वायरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई संजीव खन्ना को सौंपी थी। शनिवार शाम सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। इससे पहले 2018 में गाजियाबाद की सिम्भावली शुगर मिल में गड़बड़ी के मामले में जस्टिस वर्मा के खिलाफ सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। रिपोर्ट के मुताबिक ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने मिल में गड़बड़ी की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि शुगर मिल ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया है। जस्टिस वर्मा तब कंपनी के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। इस मामले में सीबीआई ने जांच शुरू की थी। हालांकि जांच धीमी होती चली गई। फरवरी 2024 में एक अदालत ने सीबीआई को बंद पड़ी जांच दोबारा शुरू करने का आदेश दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलट दिया और सीबीआई ने जांच बंद कर दी।

**फायर सर्विस चीफ बोले- मैंने कैश नहीं मिलने की बात नहीं कही**-इस बीच, दिल्ली फायर सर्विस के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा है कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि जज के घर कैश नहीं मिला है। 21 मार्च को मीडिया रिपोर्ट्स में गर्ग का बयान छपा था, जिसमें उनके हवाले से बताया गया था कि जस्टिस वर्मा के घर आग बुझाने के दौरान कोई कैश बरामद नहीं हुआ था।

# सपा सांसद बोले-हिंदू गद्दार राणा सांगा की औलाद:आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों की गुलामी की, भाजपा बोली- ये सपा के संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश ( एजेंसी )।** सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा- भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है तो फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। देश की आजादी की लड़ाई में इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की थी। हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है। वो मोहम्मद साहब और सूफी परंपरा को आदर्श मानता है। रामजी लाल ने ये बातें शुक्रवार को राज्यसभा में कहीं। सपा सांसद के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। ङ्क पर लिखा- सपा के नेता अपने संस्कारों के अनुरूप तुष्टिकरण की सियासत में इस कदर डूब चुके हैं। वो विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने के लिए भारतीय महापुरुषों को अपमानित करने में जरा सा भी परहेज नहीं करते हैं। सपा सांसद की टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। उन्हें अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों का मणिपुर दौरा : जस्टिस गवई बोले- हम आपके साथ हैं; जस्टिस कोटिश्वर सिंह बोले- एक दिन मणिपुर समृद्ध होगा

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह वाला प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल ने चुराचांदपर में मणिपुर की जातीय हिंसा के विस्थापितों से मुलाकात की। राहत शिविरों का दौरा भी किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल बिष्णुपुर के मोइरांग कॉलेज पहुंचा।

चुराचांदपुर में 295 विधिक सेवा शिविर, स्वास्थ्य शिविर और विधिक सहायता क्लिनिक का जस्टिस गवई ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा- हमारे संविधान का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पहुंचाना है।

वहीं, जस्टिस कोटिश्वर सिंह ने कहा- मेरा मानना है एक दिन मणिपुर समृद्ध होगा। हमें अपने संविधान पर भरोसा रखना चाहिए। मणिपुर में एक दिन शांति स्थापित होगी और वह सफल होगा। हमें मिलकर यहां राहत पहुंचाने का काम करना चाहिए।

### जस्टिस गवई ने कहा- एक दिन मणिपुर समृद्ध होगा, संविधान पर भरोसा करेगा

जस्टिस ने कहा- देश के सभी नागरिकों को तुरंत और सस्ता न्याय (कम से कम खर्च में) उपलब्ध कराना है। हमने देश के उन दूर-दराज भागों तक पहुंचने का प्रयास किया, जो दिल्ली से बहुत दूर हैं।

उन्होंने कहा कि ऐरे सिद्धांत बहुत जरूरी है जो किसी न्यायपूर्ण समाज के लिए, सुलभता, न्याय तक पहुंच, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बनाए। साथ ही लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए



सशक्त बनाते हैं।उन्होंने कहा कि मणिपुर लोगों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि हमारे संविधान ने हमें एकजुट रखा है।

# बीजेपी नेताओं से बोले प्रदेशाध्यक्ष-कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करो, आपके काम की सीआर कार्यकर्ता ही भरेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को दोपहर 1 से 4 बजे तक होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- मैं जनप्रतिनिधियों से एक निवेदन करना चाहता हूं। मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने का काम आपका है। आप सभी मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करो। क्योंकि आपके काम की सीआर कार्यकर्ता ही भरेंगे। इस बात का बुरा मत मानना।

इस दौरान भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- आज यहां पार्टी के सभी पदाधिकारी बैठे हैं। मैं आप सभी से कहना चाहूंगा आपको मिला पद नहीं बल्कि, दायित्व है। इसका उपयोग आपको भारतीय जनता पार्टी की शक्ति को बढ़ाने के लिए करना चाहिए। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। अपनी सरकार सबसे अच्छी सरकार है। आपके इलाके में भी जानता आपको आदर देती है, क्योंकि आपकी सरकार है। इसलिए सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए आपको अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

### कार्यकर्ता के सम्मान की रक्षा करना जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य

राठौड़ ने कहा- मैं जनप्रतिनिधियों से आज एक बात कहना चाहता हूं। यह सभी कार्यकर्ता ही हैं, जिन्होंने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। यह वह कार्यकर्ता है। जो आपके लिए बूथ पर संघर्ष करते हैं। कई बार इन्हें आपके लिए लड़ते-लड़ते मुकदमे तक झेलने पड़ते हैं। बरसों मुकदमें चलते हैं। यह कार्यकर्ता अपना सब कुछ आप पर समर्पित कर देता है। इसलिए इस कार्यकर्ता के सम्मान की रक्षा करना जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा- मैं आप सभी लोगों से यह भी कहना चाहूंगा कि समय निकलते देरी नहीं लगती है। सवा साल का वक्त निकल चुका है। अब पौने चार साल का ही वक्त बचा है।



### सीएम एक दिन में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि राजस्थान के लिए लेकर आ गए

मदन राठौड़ ने कहा- हमारे मुख्यमंत्री कभी किसी को निराश नहीं करते हैं। कोई रात को भी कुछ विकास के लिए मांग कर जाता है। उसे देने के लिए मुख्यमंत्री तैयार खड़े रहते हैं। इन्होंने राजस्थान के विकास के लिए अब तक 35 लाख करोड़ रुपए के स्व्ह कर लिए हैं। अभी बीते दिनों मुख्यमंत्री एक दिन के लिए दिल्ली गए थे। उस एक दिन में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि राजस्थान के लिए लेकर आ गए हैं। राठौड़ ने कहा कि मैं जनप्रतिनिधियों से एक निवेदन करना चाहता हूं। मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करने का काम आपका है। आप सभी मेरे कार्यकर्ताओं के सम्मान की रक्षा करो। क्योंकि आपके काम की सीआर कार्यकर्ता ही भरेंगे। इस बात का बुरा मत मानना।

### सीएम बोले- 30 मार्च को नया साल आने वाला

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- जो पार्टी के लिए दिन रात काम करता है। उनके लिए मैंने मंत्री विधायकों को कहा था कि होली पर कार्यकर्ताओं के बीच जाये और उनसे मिले। ये बीजेपी कि ही रचना है, जो त्योहार पर कार्यकर्ताओं के बीच जाते हैं। ये परम्परा अब दूसरे दल भी अपनाने लगा है। उन्होंने कहा- 30 मार्च को नया साल आने वाला है। अब राजस्थान प्रगति पर लगातार आगे बढ़ रहा है। राजस्थान दिवस पर इस बार 7 दिन के कार्यक्रम बनाए हैं। 25 मार्च राजस्थान दिवस को लेकर कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रम में हर जिले में कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा- सरकार आने के बाद जो 6 महीने के लिए बजट दिया था, वो भी ऐतिहासिक था। उसमें सबका ध्यान रखा था। विधानसभा में कांग्रेस ने कहा कि राइजिंग राजस्थान तो हमने भी किया था। मैंने कहा हां किया था, अंतिम साल में, 12,000 करोड़ के स्व्ह किए और 20 फीसदी भी जमीन पर नहीं आए।

# पेपर लीक गैंग के हर्षवर्धन को पटवारी के पद से हटाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पेपर लीक गैंग के हर्षवर्धन मीणा को 21 मार्च को जिला कलेक्टर दौसा ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। मामले में एसओजी की एसआईटी ने आरोपी को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। इसके बाद हर्षवर्धन मीणा जेल में है। एसओजी जेल से रिमांड पर लेकर कई बार पूछताछ कर चुकी है। आरोपी के खिलाफ 6 से अधिक एफआईआर दर्ज है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि पेपर लीक मामलों में राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति दिखाई दे रही है। पेपर लीक मामलों में पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार हो रहे एक्शन से बदमाशों का मनोबल हमेशा के लिए टूटेगा। सरकार पेपर लीक मामलों में लिप्त राज्यकर्मियों को बर्खास्त कर के एक संदेश दे रही है। इससे आने वाले समय में कोई भी व्यक्ति इस तरह के अपराध नहीं करेगा। गैंग के सरगना पर विशेष नजर रख कर हर केस का फीड बैंक सरकार तक पहुंचाया जा रहा है। इसका ही परिणाम है कि पटवारी भर्ती मामले में दौसा के सरगना पटवारी हर्षवर्धन मीणा को डीएस दौसा देवेन्द्र कुमार ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जेईएन भर्ती परीक्षा 2020 में गिरफ्तारी से पहले महवा में पटवारी के पद पर कार्यरत हर्षवर्धन मीणा पर लगे तीन आरोपों की जांच पूरी होने के बाद आरोप प्रमाणित पाए जाने पर दौसा कलेक्टर देवेंद्र कुमार द्वारा शुक्रवार को राज्य सेवा से बर्खास्त किया गया है। हर्षवर्धन पर पहला आरोप 2 जनवरी, 2024 से अनुपस्थित चलना, दूसरा राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक होने से सम्बन्धित प्रकरण में संलिप्त होने पर एसओजी 18 फरवरी 2024 को नेपाल बोर्डर से भारत की सीमा में आते हुए एक साथी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर स्थित शहर सोनोली (उत्तरप्रदेश) से गिरफ्तार किया जाना और तीसरा आरोप स्वयं तथा परिजनों के नाम से विभिन्न प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति बिना सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के अर्जित किया जाना है, जिसका वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में उल्लेख नहीं किया गया था।

# खाप पंचायतों पर हाईकोर्ट की सख्ती

## कमीशन बनाया, जहां फैसले सुनाए, वहां जाएगा; दौरा कर तैयार करेगा रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** ग्रामीण इलाकों में खाप पंचायतों के हस्तक्षेप को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने 5 सदस्यीय आयोग (कमीशन) का गठन किया है। ये कमीशन ग्राउंड जीरो पर जाकर खाप पंचायतों के मुद्दे पर एक रिपोर्ट तैयार करेगा। इस कमेटी में 4 वकील और 1 सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। कमीशन के सदस्य कोर्ट कमिश्नर के रूप में काम करते हुए पश्चिमी राजस्थान के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करेंगे और 14 मई तक हाईकोर्ट को सौंपेगे। हाईकोर्ट ने जालोर और नागौर के याचिकाकर्ताओं की याचिका पर सुनवाई की थी। याचिकाकर्ता के वकील अर्जुन सिंह ने कोर्ट को बताया कि पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में खाप पंचायतों का हस्तक्षेप देखने को मिल रहा है। जो अपने स्तर पर ही सामाजिक बहिष्कार और जुर्माना लगाने का फैसला सुना रहे हैं।

### ग्राउंड पर जाकर काम करेगा कमीशन

इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने जोधपुर, पाली, बाड़मेर, नागौर, जैसलमेर और जालोर जिलों में सच्चाई जानने के उद्देश्य से कमेटी का गठन किया है। कमेटी का उद्देश्य खाप पंचायतों और अन्य सामाजिक बुराइयों को खत्म करने जमीनी सच्चाई जाने और समाधान करने का काम रहेगा।

### 4 वकील 1 कार्यकर्ता को बनाया सदस्य

कमीशन सदस्य, एडवोकेट देवकीनंदन व्यास ने बताया कि हाईकोर्ट ने खाप पंचायतों के तुगलकी फरमान और ऐसी समस्या को जड़ से खत्म करने के मकसद से कमीशन का गठन किया।




# हिमाचल में 26 मार्च तक मौसम साफ

## पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान 4 डिग्री तक बढ़ेगा; बर्फ वाले क्षेत्रों में पर्यटकों की बढ़ी रौनक

**शिमला।**

हिमाचल प्रदेश में 26 मार्च तक प्रदेश भर में अधिकतम स्थानों पर मौसम साफ रहेगा। हालांकि, आईएमडी का पूर्वानुमान है कि लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा और कुल्लू के बहुत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा या बर्फबारी हो सकती है। बड़ी संख्या में पर्यटक भी बर्फ का आनंद लेने के लिए ऊंचाई वाले क्षेत्रों मे पहुंच रहे हैं। दो सप्ताह तक यहां पहाड़ बर्फ से ढके रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 2 दिन न्यूनतम तापमान स्थिर रहेगा। इसके बाद अगले 3-4 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com